बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 256, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सैन्य खर्च में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश 18

सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी 17

केजरीवाल को दी गई इंसुलिन

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा कि एम्स के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं।

शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गयी, जिसके बाद तिहाड़ में देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। एम्स के विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान तिहाड़ के चिकित्सकों को सलाह दी थी कि अगर केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा एक निश्चित स्तर से ऊपर चली जाती है तो उन्हें इंसुलिन दिया जा सकता है। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि लगभग 23 दिनों तक जेल में रहने और कथित दुर्व्यवहार के बावजूद आखिर उन्हें इंसुलिन मिल ही गया।

केजरीवाल और कविता अब 7 मई तक न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाई।

मुंबई पुलिस ने तापी नदी से बरामद की दो पिस्तौल

सलमान गोलीबारी मामला

मुंबई, एजेंसी

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व गोलियां गुजरात में तापी नदी से बरामद की हैं।

सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर डटी हुई है और गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों, विक्की गुप्ता और सागर पाल ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की थी और फिर मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गए थे। तकनीकी निगरानी के आधार पर, उन्हें 16 अप्रैल को मुंबई और कच्छ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुजरात के भुज शहर के पास माता नो मढ में एक मंदिर के परिसर से पकड़ा गया था।

नूडल्स के पैकेट में छुपाए थे साढ़े छह करोड़ के हीरे और सोना

मुंबई, एजेंसी

- अंत: वस्त्र में छुपाया था 321 ग्राम सोना चार लोग गिरफ्तार

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट जांच अधिकारी ने बताया कि चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोने को अपने अंगों के भीतर और सामान में छुपाया हुआ था।

एक नजर

भारत को मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति करेगा रूस

नयी दिल्ली। रूस नयी समयसीमा के तहत अगले साल तक भारत को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की शेष दो रेजिमेंट की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तीन इकाइयों की आपूर्ति पहले ही कर चुका है।

गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन

वाशिंगटन। गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं।

बर्ड फ्लू के प्रकोप की खबरों के बीच हाई अलर्ट

मंगलुरु। केरल के कुछ जिलों में एवियन फ्लू का मामला सामने आने बाद मंगलुरु समेत कर्नाटक के सीमावर्ती इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कर्नाटक पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई भी कदम उठाने से पहले केरल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केरल के हमारे समकक्षों ने हमें आश्वासन दिया है कि अलप्पुझा जिले में एवियन फ्लू पर काबू पा लिया गया है।

यूजीसी : भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी

नई दिल्ली। यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। विशेष रूप से '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसकी ओर आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है '10 डेज एमबीए'।

पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाया, सुप्रीम कोर्ट सख्त

जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्र के तीन मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे विज्ञापनों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी।

सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। अदालत ने जब यह पूछा कि प्रतिवादियों ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने से पहले पूरे एक सप्ताह तक इंतजार क्यों किया, पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, इसकी भाषा बदलनी पड़ी। अदालत ने रोहतगी से पूछा, क्या यह उसी आकार का विज्ञापन है जो आप आम तौर पर अखबारों में जारी करते हैं? अधिवक्ता ने कहा, इसकी कीमत लाखों रुपये है। पीठ ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। इसने मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं। इस तरह की कंपनियां खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो झूठे विज्ञापनों के प्रभाव में आकर पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं। यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

अदालत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से यह बताने को कहा कि उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। इसने आयुष मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों तथा आयुष के दवा नियंत्रकों को अगस्त 2023 में जारी किए गए उस पत्र पर केंद्र से स्पष्टीकरण भी मांगा जिसमें उनसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई न करने को कहा गया था। पीठ ने पतंजलि विज्ञापन मामले में याचिकाकर्ता आईएमए से भी अपना घर व्यवस्थित करने को कहा। इसने कहा कि आईएमए के सदस्यों के बारे में कई शिकायतें की गई हैं जो अत्यधिक महंगी दवाएं और उपचार लिखते हैं। पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को भी प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को भी सह-प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाएगा। न्यायालय ने आईएमए के वकील से कहा कि जब वे पतंजलि पर उंगलियां उठा रहे हैं, तो अन्य चार उंगलियां आप पर भी उठ रही हैं।

उपभोक्ताओं से धोखा कर रही हैं एफएमसीजी कंपनियां

> यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

- उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने को मंत्रालयों से जवाब मांगा
- महंगी दवाएं लिखने वाले डाक्टरों का भी दी नसीहत

कर्ज न चुकानों वालों के खिलाफ सरकारी बैंक नहीं जारी कर सकते एलओसी

मुंबई, एजेंसी

- अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार अपने एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

पत्नी फंदे पर लटकी तो पति ने खुद को गोली मार दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में हुई घटना

अमृत विचार : रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में सोमवार देर रात पत्नी के फांसी लगाने के बाद पुलिसकर्मी ने सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। सिपाही चुनावी ड्यूटी से लौटा था। बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके बाद पहले पत्नी और फिर पति ने आत्महत्या कर ली।

देवकली निवासी जौहरी लाल पटेल का बड़ा बेटा मयंक पटेल (32) जीआरपी झांसी में तैनात था। कुछ दिन पहले वह पत्नी कुसुम (27) और डेढ़ साल के बेटे आर्यन उर्फ दादू के साथ गांव आया था। मयंक प्रथम चरण के चुनाव में बिजनौर ड्यूटी पर गया था और 21 अप्रैल को गांव लौटा था। 22 अप्रैल की रात उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। रात में ही कुसुम का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार लगभग एक घंटे बाद मयंक चुनाव ड्यूटी में नोयडा जाने की बात कहकर सरकारी रायफल लेकर घर से निकल गया था। घर से कुछ दूरी पर रायफल को ठुड्डी से लगाकर फायर कर दिया।

दूसरे चरण में आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 24 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए पोलिंग पाटियां रवाना करने के लिए निर्देश दिये हैं। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को गर्मी बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के भीषण हादसा
- 36 यात्री घायल, 10 गंभीर घायलों को कानपुर रेफर किया

अमृत विचार : ठठिया थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के एक स्लीपर बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड पर जाकर ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 36 यात्री घायल हो गए। घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, घायल 10 यात्रियों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

गोरखपुर से यात्रियों को लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रही स्लीपर बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। मंगलवार तड़के करीब सवा चार बजे ठठिया थाना के बीरमपुर गांव के पास चालक को झपकी आ गई थी जिससे दुर्घटना हुई।

मृतकों में नवीन (22) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी मीना पाढा थाना महावन जिला मथुरा, कु. अदिति श्रीवास्तव (24) पुत्री हेमंत श्रीवास्तव निवासी हनुमंत नगर थाना पिपराइच जिला गोरखपुर, राम कंठ (33) पुत्र श्याम लाल गौतम निवासी हुसेनाबाद थाना सुलेहा जिला बाराबंकी, मनीष (09) पुत्र राम कंठ निवासी हुसेनावाद थाना सुलेहा जिला बाराबंकी शामिल हैं।

पेड़ से टकराने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

खरगूपुर, गोंडा। एक ही बाइक पर सवार होकर निकले चार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई और बगल में ही खाईं में जा गिरी। इसमें तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक मेडिकल कालेज गोंडा में भर्ती है। घटना थाना इटियाथोक के बेंदुली गांव मोड़ के पास की है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के नौशहरा गांव निवासी मोहम्मद बिलाल(22) पुत्र मोहम्मद मुंसरीफ, मोहम्मद अहमद (21) पुत्र सिद्दीक, मोहम्मद रिजवान(20) पुत्र वली मोहम्मद व शाहिद (22) पुत्र दद्दू एक ही बाइक पर सवार बिना हेलमेट लगाए खरगूपुर की ओर से अपने घर इटियाथोक की ओर जाते समय हादसा हुआ। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां अधीक्षक डॉ अजय यादव ने मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अहमद को मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद सईद व मोहम्मद रिजवान को मेडिकल कालेज गोंडा मुख्यालय पर भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मोहम्मद सईद को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रिजवान का इलाज चल रहा है।

देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

अमरोहा में जनसभा को संबोधित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- कांग्रेस शासन में आतंकवाद को मिलता था बढ़ावा
- सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं मिटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आजादी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधानों पर पहला हक मुसलमानों का है, तो दलित व पिछड़े कहां जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है। यह देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि एक गलत वोट आतंकवाद को फिर से बढ़ावा दे सकता है। अब भाजपा सरकार में आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रहरा के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा कर दिया है। अब देश में कही पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें कोई हाथ नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया। उन्होंने अयोध्या और काशी मंदिर को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का काम किया। कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का बोलबाला था। भाजपा सरकार में सुशासन है।आज कांवड़ यात्रा शान के साथ निकलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सपना कल्याण सिंह ने देखा, वह पूरा हो रहा है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। सपा और बसपा ने प्रदेश में बंदरबांट शुरू की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली का नाम लिए बिना कहा कि जो संसद भवन में भारत माता की जय नहीं बोल सकता, उसे क्या आप संसद में भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हनुमान जयंती पर घर-घर जाकर सबको राम-राम करें।

स्क्रैप माफिया रवि काना थाईलैंड में गिरफ्तार

लखनऊ। काफी समय से फरार चल रहा स्क्रैप माफिया गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना को मंगलवार को थाईलैंड में उसकी गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार किया गया है। नोएडा में महिला के साथ गैंगरेप की घटना में नाम आने के बाद पुलिस रवि काना के ठिकानों पर लगातार दबिश डाल रही थी। उसके दादूपुर स्थित घर पर कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया था। पुलिस ने रवि और उसकी गर्लफ्रेंड काजल झा को लेकर लुकआउट नोटिस भी जारी कर रखा था। बता दें कि काजल झा रवि की राइट हैंड है। पुलिस ने कुछ दिन पूर्व काजल की साउथ दिल्ली स्थित 70 करोड़ का बंगला भी सील कर दिया था।

विमान में बच्चों को माता पिता के साथ मिलेगी सीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीजीसीए ने एयरलाइनों को जारी किए निर्देश

विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उड़ान के दौरान 12 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जहां 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उड़ान के दौरान उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित नहीं की गई थी। यह निर्देश ऐसे मामले सामने आने के बाद जारी किए गए।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता/ अभिभावकों में कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए और इसका रिकॉर्ड रखा जाए। इस संबंध में नियामक ने अनुसूचित एयरलाइनों के सेवाओं और शुल्क को अनियंत्रित करने के संबंध में जारी अपने परिपत्र को संशोधित किया है। मानदंडों के अनुसार तरजीही सीट आवंटन, भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने के लिए शुल्क लेने जैसी कुछ सेवाओं की अनुमति है।

एक नजर

युवक को पीटा, केस दर्ज

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : थाना महराजगंज इलाके में दुकान बंद कर घर जा रहे मुजभरिया केशवपुर निवासी रामजन्म को कुछ लोगों ने पीट दिया। एसएचओ अमरजीत सिंह मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव निवासी इरफान, तौफीक व असलम के खिलाफ केस दर्जकर मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

पूराबाजार , अयोध्या। अमृत विचार : पूराकलंदर पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया भरतकुंड रेलवे क्रॉसिंग के पास चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के माधवपुर निवासी निखिल वर्मा की तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 12 बोर व कारतूस बरामद हुआ।

भाजपा में शामिल हुए नेताओं का स्वागत

अयोध्या, अमृत विचार : डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की ओर से सोमवार को पार्टी में शामिल कराए गए नेताओं का मंगलवार को सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय व लोकसभा चुनाव कार्यालय में स्वागत किया गया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी व सहादतगंज कार्यालय में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सभी का माल्यार्पण व भगवा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया।

सम्मेलनों को लेकर संचालन समिति की बैठक में हुई चर्चा

अयोध्या। अमृत विचार : भाजपा लोक सभा चुनाव संचालन समिति की बैठक केंद्रीय चुनाव कार्यालय सिविल लाइंस में मंगलवार को आयोजित की गई। 25 अप्रैल को प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया लोकसभा व अयोध्या विधानसभा चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक करेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में प्रत्येक बूथ की उपस्थिति अनिवार्य है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि नुक्कड़ सभाओं, सम्मेलनों तथा बड़ी जनसभाओं के लिए पदाधिकारी सम्भावित स्थलों का निरीक्षण कर लें। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा 25 अप्रैल को प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया के साथ लोकसभा तथा अयोध्या विधानसभा की चुनाव संचालन समिति की बैठक होगी। जिसमें सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

आये दिन खोद दी जाती रीडगंज चौराहे पर सड़क

▸▸ पुलिस बूथ के पास आठ बार खोदा और पाटा, अब फिर 200 फिट से अधिक परिधि में हुई खोदाई

▸▸ 100 से अधिक दुकानें और आठ हजार आबादी झेल रही संकट, हर घंटे बह रहा हजार लीटर पानी

रीडगंज चौराहे पर खोदा गया सड़क का किनारा। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामपथ पर खोदाई चक्र के साथ-साथ अब नगर का व्यस्ततम चौराहा रीडगंज भी इसकी चपेट में आ गया है। सीवर व बिजली केबल डालने के नाम पर यह चौराहा अब खोदाई अड्डा बन गया है। एक जगह आठ बार खोदाई कर गड्ढा पाटा गया तो सोमवार से 200 फिट से अधिक परिधि में कुदालें चलने लगीं हैं। इसके चलते 100 से अधिक दुकानें और आसपास आठ हजार आबादी को तमाम संकट से जूझना पड़ रहा है। लोगों में आक्रोश इस बात का है कि बार-बार खोदाई और पटाई क्यों की जा रही है।

रीडगंज चौराहा क्षेत्र में ईद वाले दिन 11 अप्रैल को नगर निगम के पंप के निकट केबल डालने के लिए गड्ढा खोदा गया। तीन दिनों तक इलाके की जलापूर्ति बाधित रही। सड़क पर कीचड़ फैला रहा। इसके बाद 13 अप्रैल को पुलिस बूथ के निकट खोदाई की गई। पानी बहने लगा तो बिना केबल डाले पाट दिया। इसके बाद अब तक आठ बार उसी जगह गड्ढा खोदा और पाटा जाता रहा। केबल फिर भी नहीं डाली गई। पुलिस बूथ पर तैनात पुलिस कर्मी ने बताया लगातार बेवकूफी भरा काम किया जा रहा है। ड्यूटी तक में दिक्कत आ रही है। रविवार रात एक बिल्डिंग के सामने दो बड़े गड्ढे की खोदाई शुरू हुई जो सोमवार से मंगलवार होते -होते तीन गड्ढों में तब्दील हो गई। यहां कई दुकानें और आवासीय भवन होने के कारण रास्ता बंद हो गया। एक चाय का ठेला लगाने वाला भी मजबूरी में दूसरी ओर चला गया। रीडगंज चौराहे पर इस खोदाई के साथ चौराहे के निकट दुकानों और आवासीय निर्माण के सामने से नाली खनी जा रही है। इसके बाद भी अभी तक केबल डालने की कवायद नहीं शुरू हुई है। काम कर रहे मजदूरों ने बताया हमको खोदने के लिए कहा गया वही कर रहे हैं।

पुलिस बूथ के निकट कई बार खोद कर पाटी गई सड़क।

> मामला संज्ञान में है। बार-बार खोदाई से हाल ही में बनी सड़क भी प्रभावित हो रही है। पॉवर कॉर्पोरेशन को पत्र भेज कर शीघ्र काम पूरा करने के लिए कहा गया है। **-सत्यप्रकाश भारती, एक्सईएन, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण**

लोग बोले - न नियम है न नीति, गजब विकास कर रहे हैं

रीडगंज चौराहे के निकट रहने वाले लोगों में इसे लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि न कोई नियम है न नीति। चौतरफा खोदाई कर दी जा रही है। आटोमोबाइल दुकान के हरजीत सिंह ने बताया कि चार दिन से परेशान उठानी पड़ रही है। बिल्कुल सामने गड्ढे खोद दिए गए और पानी बह रहा है। महेश आहूजा ने कहा कि गजब ढा रहे हैं, एक बार में खोदाई कर केबल डाली जा सकती है लेकिन पता नहीं क्या हो रहा है। डॉ. अब्दुल्ला ने कहा कि अनियमित ढंग से काम किया जा रहा है। दो दिनों से जलापूर्ति भी बाधित है। अधिवक्ता प्रियनाथ सिंह के यहां के कर्मी ने बताया कि आने वाले लोगों को दिक्कत आ रही है। गाड़ी भी नहीं खड़ी हो सकती है। चाय की दुकान करने वाले राम औतार का कहना है कि चौराहे से दूर ठेला लगाने के कारण बिक्री पर असर पड़ा है। अभी सप्ताह भर तक यही हाल रहेगा। शेखर यादव और अंकित प्रजापति ने भी आक्रोश जताया।

तीन किशोर समेत पांच गिरफ्तार चोरी की पांच बाइक बरामद

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के लोगों ने किशोरों को बाइक चोरी के धंधे में लगा रखा था और कचहरी परिसर के आसपास का इलाका इनके निशाने पर था। पुलिस ने चोरी की पांच बाइक बरामद कर तीन किशोरों समेत गिरोह के पांच को गिरफ्तार किया है।

नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस के पास से अमरजीत सोनी निवासी राजा मऊ थाना जामो, अमेठी, समीर निवासी हसनू कटरा थाना कैंट व तीन किशोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद बाइकों के मामले में पीड़ितों ने अज्ञात के खिलाफ वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि यह गिरोह चोरी के लिए बच्चों का इस्तेमाल कर रहा था। आगे की तहकीकात कराई जा रही है।

राम सागर ने टाटपट्टी पर बैठ बच्चों के साथ किया भोजन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सहायक शिक्षा निदेशक मंडल राम सागर पति त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को जिले के विकासखंड रुदौली के कई विद्यालयों निरीक्षण किया गया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुनिया मऊ में निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान भोजन खाया। गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अधिकाधिक नामांकन कराए जाने पर बल दिया। बच्चों से संवाद भी स्थापित किया। कायाकल्प के द्वारा विद्यालय में कोई भी कार्य न कराए जाने पर चिंता व्यक्त की एवं विद्यालय की टूटी फर्श कि मरम्मत कराए जाने के लिए प्रयास करने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में विद्यालय के सहायक अध्यापक नीलमणि त्रिपाठी, अविनाश पांडेय, अलका अग्रवाल, तृप्ता कुमारी आदि मौजूद रहे। इसके बाद सहायक शिक्षा निदेशक ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें कार्यालय सहायक अरविन्द कुमार यादव, स्वामीनाथ, शैलेश कुमार द्वारिका मिश्र, आशिफ अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय खेरनपुर में एक शिक्षिका अनुपस्थित पाई गई। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन करते सहायक शिक्षा निदेशक।

▸▸ निरीक्षण में बीईओ कार्यालय के कर्मी और शिक्षक मिले गैरहाजिर

निजी अस्पताल व पैथौलॉजी के लिए डेडलाइन हुई तय

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में चल रहे निजी चिकित्सालयों और नर्सिंग होम के नवीनीकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेडलाइन जारी कर दी गई है। 31 मई तक चिकित्सा सेवा से जुड़े सभी निजी संस्थाओं को अपना पंजीकरण व नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। उसके बाद अगर कोई भी संस्थान बिना पंजीकरण या नवीनीकरण के चलते मिले तो उन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरफ से पत्र भी जारी कर दिया गया है।

जिले में निजी अस्पताल के अलावा डायग्नोसिस व पैथोलॉजी सेंटर भी चल रहे हैं। इन सभी संस्थानों को हर वर्ष अपने केंद्र का नवीनीकरण कराना होता है। इस संबंध में जारी हुए पत्र में बताया गया है कि कार्यालय के अंतर्गत पंजीकृत नैदानिक स्थापनों की वैधता 30 अप्रैल तक ही है। वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकरण/नवीनीकरण के क्रम में सभी को निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र, संलग्नकों व फोटो सहित कार्यालय में पटल सहायक सुशील शुक्ल को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन आवेदन में अग्निशमन विभाग द्वारा निर्गत ऑनलाइन एनओसी भी अपलोड की जाए, ताकि 31 मई तक अग्रिम कार्रवाई पूरी की जा सके। नोडल ऑफिसर डॉ. डीके शर्मा ने बताया इस संबंध में कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा।

▸▸ 31 मई तक कराएं पंजीकरण व नवीनीकरण, नहीं तो होगी कार्रवाई

सार-संक्षेप

भक्ति पथ पर रेलिंग में गैप कराते आरजेबी थाना प्रभारी। अमृत विचार

भक्तिपथ पर लगी रेलिंग में दिया गैप, दुकानदारों को राहत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : चैत्र रामनवमी मेला निपटाने के लिए भक्तिपथ पर लगी स्टील रेलिंग को लेकर दुकानदारों की मांग मंगलवार को पूरी हुई। अयोध्या धाम में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और सुलभता से दर्शन को लेकर जिला प्रशासन ने भारी भरकम स्टील की रेलिंग भक्ति पथ स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर के दर्शन मार्ग पर लगवा दी थी। अब भीड़ न होने और दर्शनार्थियों की कम संख्या के चलते निष्प्रयोज्य साबित हो रही थी। इसी से दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित भी होने लगी थी। थाना रामजन्म भूमि प्रभारी देवेंद्र पाण्डेय ने मंगलवार को उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद दुकानदारों की मदद से रेलिंग में गैप करवा राहत प्रदान की। थाना प्रभारी ने कहा कि शेष कार्य रात को कराया जाएगा।

सिन्धु युवा मंडल ने लगाया शिविर

शिविर में लोगों को प्रसाद वितरित करते सिन्धु युवा मंडल के पदाधिकारी।

अयोध्या, अमृत विचार : सिन्धु युवा मंडल ने रामनगर चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर मंगलवार को शिविर लगाकर प्रसाद के रुप में शर्बत, बिस्कुट व लड्डू वितरित किया। मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश सावलानी ने श्रीराम व हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शिविर शुरू किया। इस अवसर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी, उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी, सिंधु महिला समिति की अध्यक्ष किरन पंजवानी, सिंधु महिला परिवार की अध्यक्ष मुस्कान सावलानी, समाजसेवी हरीश सावलानी, चिन्मय मध्यान, वैभव राजपाल, मीना साधवानी आदि मौजूद रहे।

अधिक से अधिक मतदान कराने का लिया संकल्प

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : एक सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को तहसील सभागार में मनाया गया। आयोजित गोष्ठी और सम्मान समारोह में उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी और तहसीलदार विनोद चौधरी ने संस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान प्रेरक के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। इसके लिए संकल्प शपथ दिलाई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष पवन पटेल, आयुष्मान फाउंडेशन के पवन पटेल, अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र, सभासद प्रतिनिधि वीरभद्र गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

विशाल ने कथक नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

कथक नृत्य प्रस्तुत करते विशाल।

अयोध्या, अमृत विचार : जिंगल बेल स्कूल के बहुउद्देशीय कक्ष में मंगलवार को स्पिक कार्यक्रम के तहत वाराएसी के सुप्रसिद्ध कथक नृत्य सम्राट विशाल कृष्णा ने अपनी मनोहारी कला का प्रदर्शन कर मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या बीना अग्रवाल व जेबीएनएस समिति के सदस्यगण विशाल कृष्णा ने दीप प्रज्वलन कर की। नृत्य सम्राट विशाल ने नृत्य का शुभारंभ गणेश वंदना से किया। उन्होंने इन्होंने घोड़े की ताल, बारिश की धुन, शेर, हिरण व गाय की भाव भंगिमा सहित कृष्ण की बाल लीला में माखन चोरी की प्रस्तुति दी।

महापौर ने मेधावी अंशिका को किया सम्मानित

मेधावी छात्रा अंशिका को सम्मानित करते महापौर। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परिषदीय परीक्षा 2024 में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त एवं प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने करने वाली छात्रा अंशिका सिंह रावत को महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मंगलवार को सम्मानित किया। उन्होंने छात्रा अंशिका सिंह रावत उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में देश की सेवा करने के लिए सिविल की परीक्षा में सफल होने का आशीर्वाद दिया। छात्रा के पिता राजकीय हाईस्कूल बेनवा मया के प्रधानाचार्य अशोक सरोज को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश कुमार पासवान, प्रधानाचार्य डॉ. बसन्त कुमार, प्रधानाचार्य रामजी राय, अमन कुमार रावत, संतोष कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।

छात्रों ने रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : एलएसडीपी विद्यालय के छात्रों ने मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। गांव-गांव जाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। विद्यालय परिसर से निकली रैली गौरियामऊ अजरका मार्ग होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी आदि नारे लिखे थे। प्रबंधक अनिल पाठक ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान कर सशक्त भारत के निर्माण में आमजन को भागीदारी निभाई चाहिए। उपाचार्य आर बी सिंह बताया कि छात्रों ने नुक्कड़ नाटक किया। सीसीए इंचार्ज प्रवीण गिरी, जैनेंद्र, प्रदीप राजभर, विकास तिवारी, आर एन गुप्ता, संतोष सिंह रहे।

गड्ढे में गिरी बाइक।

गड्ढे में गिरे बाइक सवार तीन युवक

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बड़ा भक्त माल की बगिया के पास बाइक सवार तीन युवक निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में गिर पड़े। दुर्घटना मंगलवार रात नौ बजे की है। राहगीरों के मुताबिक पुलिया के लिए खोदे गए गड्ढे में सरिया लगी हुई थीं। आस पास सुरक्षा का घेरा भी नहीं था। अचानक उधर से गुजर रहे बाइक सवार तीनों युवक गिर पड़े। घायलों की पहचान अंकित कुमार पुत्र अरुण कुमार काशीराम कालोनी, अरुण कुमार पुत्र शंकर व भगवंत कुमार पुत्र सुंदरलाल निवासी जलवानपुर के रूप में हुई। अस्पताल में भर्ती एक घायल ने बताया कि वे लोग सब्जी लेकर लौट रहे थे कि अचानक ई रिक्शावाले ने टक्कर मार दी। कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि तीनों के चेहरे पर सरिया लगने के कारण चोट आई है। श्रीराम चिकित्सालय में इलाज कराया जा रहा है।

जिला अस्पताल में लगा ऑन ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिला अस्पताल के बिजली के बिल को कम करने के लिए ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट लगाया गया है। पुराने भवन में मेडिकल वार्ड की छत पर लगा पैनल 60 किलोवॉट का बताया जा रहा है। इससे अब अस्पताल में आने वाले बिजली के बिल में सिर्फ 40 फीसदी देय होगा। यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पांडेय ने बताया कि अयोध्या सोलर सिटी कार्यक्रम के अंतर्गत ऑन ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट के तहत जिला चिकित्सालय व महिला अस्पताल में 60-60 किलोवाट, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय में 20 किलोवॉट व सीएमओ कार्यालय में 15 किलोवॉट क्षमता का ऑन ग्रिड सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.विपिन कुमार वर्मा ने बताया कि ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट में सिर्फ बिजली के बचत की ही योजना है। लाइट वाले सोलर पैनल में बैट्रे लगते हैं। ऑन ग्रिड पैनल के लगने से निश्चित ही बिजली के बिल में कमी आएगी।

▸▸ बिजली के बिल में होगी 60 प्रतिशत की बचत, अन्य अस्पताल भी होंगे लैस

कपासी गांव में आगजनी छह घरों का सामान जला

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार। तहसील के कपासी गांव में मंगलवार को लगी आग में छह घरों का सामान जलकर राख हो गया। एक दिन पूर्व शादी के बाद ससुराल आई नवविवाहिता का आशियाना भी नहीं बचा।

कपासी गांव दोपहर बाद लगी आग ने निषाद समाज के छह घरों को अपने चपेट में ले लिया। हचा के चलते देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया। दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया।तब तक मैकू निषाद, इनके पुत्र बंशीलाल, हरिप्रसाद, विशाल, हरिभजन, महावीर पुत्र हरिभजन का घर आग की भेंट चढ़ गया। किसी के घर में कुछ भी नही बचा। आगजनी में सोमवार को मैकू की बहू बन कर आई नव विवाहिता का आशियाना भी जल गया और शादी के दूसरे दिन ही वह ससुरालीजनों के साथ खुले आसमान के नीचे आ गई। ग्रामीणों ने बताया एक दिन पहले बड़ी नहर में आए पानी ने अग्निशमन विभाग की बड़ी मदद की, जिसने आग पर काबू पाया जा सका, नहीं तो कई और घर आग की चपेट में आ जाते। तहसीलदार विनोद चौधरी ने बताया राजस्व कर्मी को मौके पर भेज कर क्षति का आंकलन कराया जा रहा है। स्थानीय कोटेदार और निवासियों से से पीड़ितों की मददसकराई जा रही है।

सोहावल तहसील के गांव में लगी आग में जला सामान। अमृत विचार

▸▸ एक दिन पूर्व ससुराल आई दुल्हन हो गई बेघर

बसपा के गढ़ को फतह करने की कवायद

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा महासमर 2024 की सरगर्मी के बीच गोसाईगंज के सपा विधायक अभय सिंह के परिवार ने दल-बदल किया है। उनकी पत्नी सरिता सिंह और पिता भगवानबख्श सिंह सोमवार को भाजपा के हमराह हो गए। विधायक के कई समर्थक भी पाला बदल किए हैं।

राज्यसभा के चुनाव में पार्टी लाइन से हटकर भाजपा के पक्ष में मतदान, रामलला का दर्शन करने व सार्वजनकि बयान देने वाले सपा विधायक ने कुल मिलाकर अपनी सदस्यता बरकरार रखने के लिए इस सियासी समर में खुद तो दल नहीं बदला है, लेकिन सेना को भाजपा के साथ कर दिया है। इसको लेकर सियासी पारा चढ़ गया है।

ताजा कवायद को सियासी जानकार भाजपा के रणनीतिकारों की बसपा के गढ़ को फिर से भेदने की कोशिश मान रहे है। इसी को लेकर भाजपा ने बसपा के वर्तमान सांसद को अपने दल में शामिल करवा अपना प्रत्याशी बनाया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र बसपा का अभेद्य दुर्ग माना जाता रहा है। अभी तक भाजपा और सपा एक-एक बार ही बसपा के इस मजबूत गढ़ को भेद पाई है।

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर जीत-हार का निर्णय जिले की गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र करता है। इसी क्षेत्र की बदौलत भाजपा ने 2014 में इस लोकसभा क्षेत्र में पहली बार जीत हासिल की थी। इसके बाद 2019 के चुनाव में बसपा के गढ़ में फिर से विजय श्री हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री और पिछड़े वर्ग के कद्दावर नेता मुकुट बिहारी वर्मा को मैदान में उतारा था, लेकिन वह गढ़ को भेद नहीं सके और बसपा के रितेश पांडेय से हार गए। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र का गठन परिसीमन के बाद वर्ष 2008 में किया गया था। उसके बाद से हुए तीनों विधानसभा चुनाव में मुकाबला पूर्व में अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में आमने-सामने रहे बाहुबली माने जाने वाले अभय सिंह और इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू के बीच रहा। वर्ष 2102 में अभय ने खब्बू को हराया तो 2017 में खब्बू ने अभय को। बीते चुनाव में फिर अभय ने खब्बू की पत्नी आरती को हरा दिया। दबदबा सपा और अपना दल-भाजपा के बीच सिमटा रहा।

सपा से विधायक भले ही अभय सिंह हैं, लेकिन जमीनी सियासत में संपर्क-संबंध और प्रचार का जिम्मा हमेशा बैंक की नौकरी से रिटायर उनके पिता भगवनबक्श सिंह के हवाले रहा। वोटरों को सहेजने में उनकी पत्नी सरिता सिंह कभी पीछे नहीं रहीं। इतना ही नहीं पति के कष्ट के दिनों में उन्होंने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2007 में ताल भी ठोंकी थी। अब भाजपा का दामन थामने वाली सरिता तब अपना दल-भाजपा गठबंधन से चुनाव लड़ा था। ताजा कवायद सियासी पिच पर गणित को मजबूत करने की कवायद मानी जा रही है।

▸▸ सपा विधायक अभय की पत्नी व पिता के पार्टी में आने से बढ़ा सियासी पारा

अभय की पत्नी सरिता सिंह।

अभय सिंह के पिता भगवानबख्श सिंह।

पहला ब्राह्मण सम्मेलन अयोध्या में करा चर्चित हो गए थे करुणाकर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : 2022 के विधानसभा चुनाव में जब बसपा प्रमुख मायावती ने ब्राहम्ण सम्मेलन करने का संकल्प लिया तो कोरोना के प्रकोप के बाद भी ऐतहासिक पहला ब्राह्मण सम्मेलन अयोध्या में कराकर प्रदेशभर में चर्चित हुए करुणाकर पाण्डेय के भाजपा में शामिल होने से जिले की राजनीति का पारा गत दिवस गर्मी के पारे से ऊपर पहुंच गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य और कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करुणाकर पांडेय अयोध्या, लखनऊ, देवीपाटन और वाराणसी सहित कई मण्डलों के बसपा को-आर्डिनेटर भी रहे हैं।

करुणाकर पाण्डेय

लोकसभा चुनाव में करुणाकर पाण्डेय का भाजपा में जाना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने बस्ती, गोरखपुर, आज़मगढ़, जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, वाराणसी, बलिया, मऊ गाजीपुर, देवरिया, लखनऊ, कानपुर, आगरा तक ब्राह्मण दलित सोशल इंजीनियरिग के प्रमुख सूत्रधारक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह बसपा पूर्व के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सासंद सतीश मिश्र के प्रमुख रणनीतिकारों में भी शामिल रहे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आवास पर अयोध्या के संतों-महंतों का सम्मेलन भी कराया था। अपने मृद व्यवहार कर्मठता के कारण जनता में सदैव बने रहते हैं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि उनके आने से कई मंडलों में भाजपा मजबूत स्थिति में होगी।

▸▸ भाजपा के हुए करुणाकर, जिले की राजनीति में बढ़ी सरगर्मी

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

एक नजर

बाइक से गिर कर गई अधेड़ की जान

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : भेलसर रुदौली मार्ग पर सोमवार रात में बाइक से गिर एक अधेड़ की मौत हो गई। कोतवाली रुदौली के मोहल्ला वजीरगंज निवासी साबिर अली रात लगभग 2 बजे लखनऊ से बस से भेलसर पर उतरे। भेलसर से रुदौली जा रहे बाइक सवार से लिफ्ट मांग ली। चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने बताया चौराहे से थोड़ी दूर बढ़ते ही तेज रफ्तार बाइक रोड पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक पर सवार साबिर को गंभीर चोटें आईं वहीं बाइक चालक को मामूली चोटें आई। गंभीर रूप से घायल साबिर अली को सीएचसी में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

दुल्लापुर शक्तिकेन्द्र के पन्ना प्रमुखों की बैठक हुई

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : भाजपा के मवई मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू ने बताया कि जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के निर्देश पर लगातार शक्तिकेन्द्रों में पन्ना प्रमुखों की बैठक की जा रही है। दुल्लापुर शक्ति केंद्र में मंगलवार को पन्ना प्रमुख की बैठक संपन्न हुई है। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक राजेश यादव, शक्ति केंद्र प्रभारी सुनील मिश्रा, पूर्व प्रधान रामलखन रावत, बूथ अध्यक्ष राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

उड़ी आचार संहिता की धज्जी, बांट दी मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट

टी-शर्ट में लिखा अबकी बार 400 पार को विपक्षी दलों ने बनाया मुद्दा, कहा आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच मसौधा के राणी सती मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बेटियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट बांटी गई। अबकी बार 400 पार का नारा लिखी टी-शर्ट को दो सामाजिक संगठनों द्वारा बांटा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी व सांसद लल्लू सिंह थे। विपक्षी राजनीतिक दलों ने इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन बताया है। सपा ने जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग से शिकायत की है। उप जिलाधिकारी सोहावल ने टी-शर्ट वितरण को गंभीर मामला माना है। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी किया जा रहा है।

सोहावल तहसील क्षेत्र के मसौधा बाजार स्थित राणी सती मंदिर परिसर में मंगलवार को श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान और अवध खेल एसोसिएशन द्वारा संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन मौके पर मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने 55 बालिकाओं को गोल्ड मेडल और 80 को सिल्वर मेडल प्रदान किया। इस मौके पर बेटियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र वाली गोल गले की टी-शर्ट जिसमें 400 पार का नारा लिखा था वितरित की गई। मुख्य अतिथि ने मिशन शक्ति को प्रगाढ़ लेकर सम्बोधन भी दिया। कार्यक्रम के बाद खबर वायरल होने पर सपा ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन बताया है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा है कि इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। उन्होंने कहा यह सीधा उल्लंघन है। मतदाताओं को प्रलोभन की श्रेणी में भी आता है।

पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना द्विवेदी ने कहा इस प्रकार के आयोजन से बालिकाओं में आत्मनिर्भरता का भाव जागृत होता है। इस दौरान शशि रानी शर्मा, पायल जायसवाल, शांति गुप्ता, शांति शर्मा, आशा देवी सहित बड़ी संख्या में बच्चे व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट वितरित करते भाजपा प्रत्याशी।

- भाजपा प्रत्याशी थे मुख्य अतिथि
- दो सामाजिक संगठनों ने कराया आयोजन, एसडीएम देंगे नोटिस

भाजपा प्रत्याशी भी आ सकते हैं कारवाई की जद में

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। माना जा रहा है कि उनके हाथों बालिकाओं को टी-शर्ट वितरण किया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। एसडीएम सोहावल का कहना है कि सभी पक्षों को नोटिस दिया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी से पूछा जाएगा मौके पर क्यों नहीं देखा गया कि टी-शर्ट में फोटो और नारा उल्लिखित है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यक्रम में फोटो वाली टी-शर्ट का वितरण आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। कार्यक्रम आयोजन की अनुमति भी नहीं मांगी गई थी। जांच कर कार्यक्रम और आयोजकों के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जायेगी। - **अशोक सैनी, उप जिलाधिकारी सोहावल।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम करने की अनुमति किसी भी प्रशासनिक अधिकारी से नहीं ली गई थी। पूरा कलंदर थाना प्रभारी को कहा गया था। उनकी भी उपस्थित नहीं थी। प्रधानमंत्री की फोटो वाली टी-शर्ट इंटर कॉलेज की छात्राओं सहित संस्था से जुड़ी बेटियों में वितरित की गई है। जो संस्था के पास पहले से उपलब्ध थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 बेटियों ने भाग लिया था। आचार संहिता की जानकारी नहीं थी। -**उर्मिला सिंह, प्रबंधक, श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान।**

पार्टी की ओर से कोई कार्यक्रम नहीं था। कोई समर्थक अति उत्साह में टी-शर्ट बांट दे तो इससे पार्टी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। पार्टी द्वारा आचार संहिता का पूरा पालन किया जा रहा है। कहीं कोई उल्लंघन नहीं किया जा रहा है। -**संजीव सिंह, जिलाध्यक्ष, भाजपा।**

आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर और कार्यक्रम आयोजन की अनुमति किसी भी प्रशासनिक अधिकारी से नहीं ली गई थी। खेल एसोसिएशन की ओर से सिर्फ प्रमाणपत्र और मेडल देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। गाजीपुर में आयोजित स्टेट लेवल किंग बॉक्सिंग में जिले के 17 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। सभी प्रतिभागियों को शिविर के समापन के अवसर पर सम्मानित किया गया। टी-शर्ट दूसरी संस्था की एक राजनैतिक महिला कार्यकर्ता द्वारा वितरित की गई। -**हरिओम, प्रबंधक, अवध खेल एसोसिएशन।**

1777 कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

कार्मिक प्रशिक्षण का निरीक्षण करते कार्मिक प्रभारी सीडीओ।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर साकेत महाविद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण में मंगलवार को कुल 1777 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया, 23 गैरहाजिर रहे। गैरहाजिर कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार मंगलवार को मतदान कर्मचारियों, पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। 900 कर्मचारियों को प्रथम पाली में व 900 को द्वितीय पाली में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 900 में से कुल 33 कर्मचारी अनुपस्थित थे। इसमें से 22 कृषि विश्वविधालय कुमारगंज के रहे। जिन्हें 26 अप्रैल को विकास भवन में प्रशिक्षण दिया जायेगा। वास्तविक रूप से कुल 11 कार्मिक अनुपस्थित थे। इन सभी के विरुद्ध प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने के लिए नियंत्रक विभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। द्वितीय पाली कुल 14 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे। जिसमें से दो कृषि विश्वविद्यालय के थे। इस प्रकार वास्तविक रूप से कुल 12 कार्मिक प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। प्रथम पाली में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नीतिश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज के द्वारा प्रशिक्षक स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्ता देखी गई।

23 रहे गैरहाजिर, एफआईआर के निर्देश

5 हजार साधु-संत मखौड़ा धाम के लिए रवाना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या से निकलने वाली 84 कोसी परिक्रमा की भव्यता भी बढ़ गई है। अयोध्या से दो अलग-अलग स्थान से निकलने वाली इस पारंपरिक परिक्रमा यात्रा में इस बार संतों के समिति का जत्था भी जुड़ गया है। यात्रा में लगभग 5000 से अधिक साधु संत शामिल रहे।

कारसेवकपुरम में विहिप के पुरुषोत्तम नारायण ने केसरिया ध्वज दिखाकर परिक्रमार्थियों को मखौड़ा धाम के लिए रवाना किया। विहिप के हनुमान मंडल व धर्मार्थ सेवा संस्थान के संयोजन में 24 मई से शुरू होने वाली परिक्रमा चार जिलों से होकर गुजरेगी। प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिक्रमार्थी 14 मई को अयोध्या पहुंचेंगे। परिक्रमा से पहले हर साल रामकोट की परिक्रमा परिक्रमार्थी करते रहे हैं। इस बार हनुमान जन्मोत्सव व चैत्र पूर्णिमा पर भीड़ के चलते हमने परिक्रमा स्थगित कर दी है। विहिप के शरद शर्मा ने कहा कि 84 कोसी परिक्रमा के दौरान कई ऋषि-मुनियों की तपस्थली मिलती है।

- आज शुरू करेंगे 84 कोसी परिक्रमा

कारसेवक पुरम से परिक्रमार्थी रवाना हुए। अमृत विचार

रायगंज से भी रवाना हुआ जत्था

अयोध्या धाम चौरासी कोसी परिक्रमा धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले महंत गयादास के नेतृत्व में नरोत्तम भवन रायगंज से परिक्रमार्थियों का जत्था मखौड़ा धाम के लिए रवाना हुआ। गयादास ने बताया कि जत्थे में 500 साधु संत रवाना हुए हैं। इतने ही परिक्रमार्थी मखौड़ा में शामिल होंगे। परिक्रमा 15 मई को अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा में सतगुरु सेवा संस्थान के द्वारा 200 से अधिक साधु संतों का जत्था शामिल हुआ है।

नामांकन 26 से, प्रत्याशी चुनाव में खर्च कर सकेंगे 95 लाख

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी 26 अप्रैल से अपना नामांकन भर सकेंगे। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन व नामांकन के संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में 25 अप्रैल को शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक होगी।

मुख्य कोषाधिकारी/ नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ ममता सिंह ने बताया कि समस्त राजनीतिक दल/ अभ्यर्थीगण नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम के घोषणा की तारीख के मध्य किये गये सभी व्ययों का पृथक व सही लेखा रखना अनिवार्य है। इसके लिए आयोग द्वारा निर्धारित किये गये प्रारूप पर एक रजिस्टर सभी को उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें अपने दिन प्रतिदिन के व्यय का अंकन निर्धारित रीति से किया जाना है। निर्वाचन व्यय संबंधी विधिक उपबंधों व भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशों को स्पष्ट किये जाने के लिए बुधवार शाम चार बजे अटल बिहारी वाजपेयी सभाकक्ष में बैठक बुलाई गई है।

सार-संक्षेप

45 हजार लोगों के पास पहुंचेगा कर जमा करने का संदेश

अयोध्या, अमृत विचार : गृहकर और जलकर अदा करने वाले नगर के 45 हजार लोगों के पास अगले 48 घंटे में एक मैसेज पहुंचेगा। कर की अदायगी के लिए पहुंचने वाले मैसेज के जरिए लोगों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर जमा करने की जानकारी दी जाएगी। लोगों को चालू मांग में कर जमा करने पर 10 प्रतिशत छूट का भी प्रावधान किया गया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि सॉफ्टवेयर का संचालन करने वाली गाजियाबाद की जीआईएस सॉल्यूशन एंड टेक्नोलॉजी कंपनी के प्रतिनिधियों से लोगों के पास बल्क में मैसेज भेजने की बात कही जा चुकी है। अगले कुछ घंटों में मैसेज पहुंचने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि 45 हजार लोगों में 11 हजार व्यवसायिक प्रतिष्ठान है। जबकि 160 के करीब सरकारी व गैर सरकारी संस्थान शामिल हैं। इस बार कर की वसूली का लक्ष्य भी बढ़ाया जा सकता है।

शक्ति केंद्रों की बैठक में चुनाव को लेकर बन रही रणनीति

शक्ति केंद्र राजेपुर की बैठक को संबोधित करते मंडल प्रभारी। अमृत विचार

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : शक्ति केंद्रों की बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया जा रहा है। मंडल के चुनाव संयोजक शिवनरायन तिवारी ने बताया कि 96 बूथों की बैठक अब तक हो चुकी है। 22 व 23 अप्रैल को शक्ति केंद्र कर्मा कोडरी, राजेपुर, भदौली, पूरा बाजार नारा की बैठक हुई। शक्ति केंद्र कर्मा कोडरी में अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक अशोक कसौधन, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, शक्ति केंद्र के प्रभारी अंकुर सिंह, महिला मोर्चा की लक्ष्मी सिंह मौजूद रहीं। वहीं शक्ति केंद्र राजेपुर की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह के आवास पर हुई। जिसमें शारदा यादव, दिनेश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, सह संयोजक नन्द कुमार सिंह आदि ने बूथ प्रमुख व पन्ना प्रमुखों को जीत का मंत्र दिया।

किशोरी को बंधक बना दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार। कुमारगंज थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को बंधक बना दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कुमारगंज रतन सिंह ने बताया कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के गाँव सलोनी निवासी युवक प्रवेश कुमार कुमारगंज थाना क्षेत्र में अपने जीजा के घर पर रहता था। 20 अप्रैल को उसने जीजा के गांव की ही रहने वाली एक किशोरी को घर में बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी प्रवेश कुमार को रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पिंठला गांव के पास गिरफ्तार किया है।

हादसे में पति-पत्नी व बेटा घायल

अयोध्या, अमृत विचार। लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी व बेटा घायल हो गए। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के पूरे रजा खान निवासी संजय कुमार (40) पुत्र रामलखन सोमवार रात रौनाही थाना क्षेत्र के बड़ा गांव से पत्नी रमन (38) व बेटे राजवीर (9) के साथ अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। रौनाही थाना क्षेत्र स्थित बरई खुर्द गांव के पास एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों घायल हो गए। एनएचएआई के एंबुलेंस ने सभी को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भर्ती संजय के मौसा पतिराम का कहना है कि संजय को सिर में 10 टांके लगे, जबकि उनकी पत्नी का बायां हाथ फ्रैक्चर हुआ है।

दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में आरोपी को जमानत नहीं

अयोध्या, अमृत विचार : किशोरी से दुष्कर्म के बाद हत्या कर देने और उसकी लाश छिपा देने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। फैसला विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से मंगलवार को हुआ। विशेष लोक अभियोजक नरसिंह नारायण उपाध्याय और लालमणि तिवारी ने बताया कि घटना 10 दिसंबर 2021 की है। पटरंगा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी अपनी मां के साथ दरगाह वाले जंगल में लसोढा के पेड़ के फेरे लेने गई थी। अचानक वहां से लापता हो गई। 11 दिसंबर को गन्ने के खेत में उसकी लाश मिली। इसकी रिपोर्ट भगेलू निवासी घरौंडा थाना पटरंगा के खिलाफ दुष्कर्म हत्या और साक्ष्य छिपाने की धारा में लिखी गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने भगेलू की जमानत खारिज कर दी।

झूठ बोलकर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा

अयोध्या, अमृत विचार : सपा महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर मंगलवार को महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा भाजपा झूठ बोलकर चुनाव जीतना चाहती है। लोकतंत्र बचाने के लिए सबको जुटना होगा। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के झूठ को बेनकाब करें। संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया। प्रदेश सचिव राम अचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू, श्रीचंद यादव रियाज अहमद, सूरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

हादसे में चालक की मौत

मसौधा अयोध्या

अमृत विचार: प्रयागराज हाईवे पर पूराकलंदर थाना क्षेत्र के तमसा पुल के पास मंगलवार शाम एक फार्च्यूनर और ऑटो की सीधी भिड़ंत हो गई। इसमें ऑटो के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. प्रवेश कुमार वर्मा अपनी फॉर्च्यूनर कार से मंगलवार को सुल्तानपुर की ओर जा रहे थे। उनके साथ दोनों अंगरक्षक भी थे। इसी दौरान लगभग चार बजे हाईवे पर पिपरी गांव के आगे तमसा नदी के पास पुल पर एक ऑटो रिक्शा से फार्च्यूनर की सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए और फार्च्यूनर भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल ऑटो रिक्शा चालक देवा राय निवासी कोतवाली बीकापुर व उस पर सवार अजय कुमार निवासी नरोत्तमपुर मजरे तिवारीपुर कोतवाली बीकापुर को सीएचसी मसौधा भेजवाया। जहां डॉक्टर ने ऑटो चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल अजय कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया है। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना पर भदरसा चौकी प्रभारी स्वतंत्र कुमार मौर्य ने घायलों को अस्पताल भेजवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवा थाने लाकर खड़ा कराया है। हादसे में ऑटो रिक्शा चालक की मौत हुई है, जबकि एक सवारी घायल है। फार्च्यूनर कार के चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।

- एक युवक गंभीर, अस्पताल में भर्ती

हनुमान जयंती पर हनुमानगढ़ी पर उमड़े श्रद्धालु।

पूर्णिमा पर मना हनुमान जन्मोत्सव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी में मंगलवार को चैत्र शुक्ल पूर्णिमा और हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने पावन सलिला सरयू में स्नान कर हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया है। कालेराम मंदिर, जानकी महल ट्रस्ट सहित अन्य मंदिरों में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के साथ अनुष्ठान संपन्न किया गया। कालेराम मंदिर के पुजारी गोपाल देश पाण्डेय ने बताया कि आज चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के सूर्योदय के समय हनुमान जी का जनमोत्सव मनाने की परम्परा है। इसलिए आज सूर्योदय के समय मंदिर में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान का अभिषेक किया गया इसके बाद आरती कर हनुमानकथा सुनाई गई। दक्षिण मुखी हनुमान का दर्शन बहुत ही दुर्लभ है। अयोध्या कालेराम में स्थित हनुमान की मूर्ति देवी स्वरूप हनुमान है। पुराणों में बताया गया है कि पाताल में जाकर अहिरावण का वध किया था तो उन्होंने देवी रूप धारण किया था और बांये पैर के नीचे अहिरावण है क्योंकि बाए पैर से ही वध किया था उसी रूप में इस स्थान पर भगवान हनुमान का दर्शन होता है।

एयरपोर्ट रामनवमी से पहले ही एयरलाइन कंपनी ने बंद की अपनी उड़ान

दरभंगा-देहरादून के लिए मिल रहे थे 8-10 यात्री

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कई नगरों के लिए बंद हुईं फ्लाइटों के पीछे का कारण यात्रियों की संख्या को माना जा रहा है। बताया जाता है कि दरभंगा, पटना व देहरादून जाने वाली फ्लाइट आठ से 10 यात्रियों को लेकर उड़ान भर रही थीं। प्राण-प्रतिष्ठा के कुछ दिन बाद तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा, लेकिन रामनवमी से पहले ही एयरलाइन कंपनी को उन रूटों पर उड़ान रद करनी पड़ी। हालांकि देहरादून की फ्लाइट सर्दी के मौसम में चलने की संभावना जताई जा रही है।

30 दिसंबर को एयरपोर्ट के लोकार्पण के बाद एक ही माह में एक साथ कई शहरों की फ्लाइट शुरू होने से रामनगरी की एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो गई थी। इस दौरान एयर इंडिया, इंडिगो, अकाशा, जूम, स्पाइस जेट व एलायंस एयर ने यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते कई शहरों के लिए अयोध्या से फ्लाइट का संचालन शुरू करा दिया था। सूत्र बताते हैं कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई रूट पर यात्रियों की संख्या कम हो गई। जिसमें जयपुर, दरभंगा और पटना के अलावा देहरादून भी शामिल था। इन रूटों पर घाटा देखते हुए संचालन बंद करना पड़ा।

एयरपोर्ट का मुख्य द्वार। अमृत विचार

- सर्दी के मौसम में फिर उत्तराखंड के लिए शुरू हो सकता है संचालन

13 फ्लाइट्स का हो रहा संचालन

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा के समय फ्लाइट के संचालन का कोई शेड्यूल नहीं था। उस दौरान सिर्फ अयोध्या एयरपोर्ट से सिर्फ सात फ्लाइट्स का ही संचालन होता था। बढ़ी हुई फ्लाइट्स के बारे में बताया जाता है कि कुछ लोग ग्रुप में बुक कराकर भी आते थे। इस समय शेड्यूल के अनुसार दिल्ली, मुंबई व अहमदाबाद समेत कई रूटों पर 13 फ्लाइट्स का संचालन हो रहा है। इनमें कुछ साप्ताहिक भी हैं।

विमानों का संचालन एयरलाइंस कंपनियां ही तय करती हैं। हमारा काम सिर्फ एयरपोर्ट पर होता है। कुछ फ्लाइट्स बंद हुई हैं। यात्रियों की संख्या के बढ़ने के बाद उनका संचालन फिर से किया जा सकता है। - **विनोद कुमार, डायरेक्टर, एयरपोर्ट**

गोरखपुर और गुजरात की ओर जाने के लिए चली विशेष ट्रेन

अयोध्या, अमृत विचार। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से विशेष ट्रेनों का संचालन जारी है। अगर आपको गोरखपुर और गुजरात किन तरफ जाना है तो अयोध्या धाम जंक्शन से साबरमती-गोरखपुर-साबरमती विशेष ट्रेन में अपना टिकट बुक करा सकते हैं। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने मंगलवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने साबरमती-गोरखपुर-साबरमती विशेष ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। साबरमती से गोरखपुर जाने वाली 09489 ट्रेन का अयोध्या धाम जंक्शन पर 25 अप्रैल को 00.05 बजे आगमन व 00.10 बजे प्रस्थान तथा 09480 गोरखपुर-साबरमती ट्रेन का 26 अप्रैल को 10.55 बजे आगमन व 11.00 बजे प्रस्थान होगा। यह ट्रेन जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन पर ही रुकेगी।

सार-संक्षेप

सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावियों का किया सम्मान

छात्रा को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : डॉ. एचपी सिंह इंटर कॉलेज रामपुर हलवारा में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावियों को प्रधानाचार्या निशा सिंह ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्मृति चिह्न में घड़ी इसलिए भेंट की जा रही है, क्योंकि घड़ी सदैव आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। प्रबंधक उदय प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को सफलता पर बधाई दी। सम्मानित होने वालों में हाईस्कूल की आरजू यादव, खुशी यादव, अनुप्रिया यादव, उज्ज्वल सिंह, स्वाति सिंह और इंटरमीडिएट की हिमांगी यादव, नेहा यादव, शालिनी साहू, प्रिया यादव शामिल रहीं।

मेधावियों के घर पहुंच किया सम्मानित

मेधावी को सम्मानित करते संघ के अध्यक्ष।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने मंगलवार को पूरा बाजार क्षेत्र के माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों के घर पहुंच कर सम्मानित किया। पूरा बाजार ब्लॉक के रसड़ा गांव निवासी आयुषी पुत्री राम सजीवन ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में 92 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कादीपुर गांव निवासी राज पटेल पुत्र संजय कुमार वर्मा 93 .8 प्रतिशत। पिलखावां गांव निवासी नीरज वर्मा पुत्र आनंद वर्मा 92 .93 प्रतिशत अंक हासिल किए। कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने इन मेधावियों के घर पहुंचकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिभावक और अन्य मौजूद रहे।

अवध विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश सुनिश्चित करें शिक्षक : कुलपति

प्रवेश समिति की बैठक में हुई चर्चा, सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 जून तय

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की बैठक में मंगलवार को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने पाठ्यक्रमों को लेकर स्पष्ट गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों में हर हाल में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। जिन पाठ्यक्रमों में कम प्रवेश हैं। उन विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करना होगा।

अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में परिसर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के

संचालन एवं प्रवेश के सम्बन्ध में संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक एवं समन्वयकों से चर्चा की गई। सर्वप्रथम कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र द्वारा आवासीय परिसर के पाठ्यक्रमों के प्रवेश आवेदन के लिए पटल पर रखा। कुलपति ने सभी पाठ्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रवेश समिति द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू कर दिए जायेंगे। जिसके लिए अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी से कहा कि सभी पाठ्यक्रमों में सीट के सापेक्ष ही प्रवेश दिए जाएंगे। जिन पाठ्यक्रमों में सीट के सापेक्ष पूर्व में कम आवेदन आये हैं। उन विभागों को सभी के समन्वय से हर हाल में सीटों को भरना होगा।

कुलपति ने बढ़ाया शिक्षकों का मनोबल

बैठक में कुलपति ने शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा सकारात्मक सोच के साथ पाठ्यक्रम की उपयोगिता को अन्य तक पहुंचाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी प्रयास करना होगा। विश्वविद्यालय के शिक्षक स्वयं के साथ अन्य के लिए रोजगार के अवसर बने। सभी को विश्वविद्यालय के हित में सोचना होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको मिल कर एक आदर्श विश्वविद्यालय की स्थापना करनी है।

सभी विभागों के समन्वयक व अधिकारी मौजूद रहे

प्रवेश समिति की यह पहली बैठक है जब सभी विभागों के समन्वयक और शिक्षकों के साथ अधिकारी मौजूद रहे। दो घंटे चली बैठक में बैठक में वित्त अधिकारी पुर्णेन्दु शुक्ला, मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. राजीव गौड़, प्रो. प्रतिभा राय, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. गंगा राम मिश्र, प्रो. तुहिना वर्मा, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, उप कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने पांच पर दर्ज की गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

मिल्कीपुर, अयोध्या।

▶▶ चाणक्य परिषद और बसपा प्रत्याशी ने उठाया था मुद्दा, भेजा गया था ज्ञापन

अमृत विचार। इनायत नगर थाना क्षेत्र के परसवां गांव में होली के पूर्व घायल मजरे शुकुलपुर निवासी राम प्रकाश पांडेय की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में आख़िरकार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यह रिपोर्ट चाणक्य परिषद की ओर से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे जाने और मामला बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय, बार एसोसिएशन अयोध्या अध्यक्ष पारसनाथ पांडेय व मिल्कीपुर बार एसोसिएशन की ओर से उठाये जाने के बाद दर्ज किया गया है। प्रकरण में मृतक के बेटे ने कार्रवाई के लिए प्रार्थनापत्र आईजी को दिया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह फेफड़े में संक्रमण बता मामले से पल्ला झाड़ लिया था।

मृतक के पुत्र अनुपम पांडेय का आरोप है कि होली के एक दिन पूर्व 24 मार्च को गांव के ही राहुल सिंह, जितेश सिंह, अभिषेक यादव, अतुल श्रीवास्तव व मुकेश सिंह आदि ने घर की भीतर शराब पीने से मना करने पर गाली-गलौज के बाद उनके पिता राम प्रकाश पांडेय की पिटाई कर घायल कर दिया था। पंचायत में विपक्षियों ने इलाज का खर्चा देने की हामी भरी थी, लेकिन फिर मुकर गए। जिसके चलते ठीक से उपचार नहीं करवा सका और 16 अप्रैल की रात उनकी मौत हो गई। मौत के बाद विपक्षियों ने जबरिया अंतिम संस्कार कराने की कोशिश की और ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार यादव के हस्तक्षेप पर पोस्टमार्टम हो सका। मौत के बाद कार्रवाई के लिए प्रार्थनापत्र आईजी को दिया था। इनायतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर पांच को नामजद करते हुए गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking

मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना

(सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या–224001 ई–मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें]

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **14.05.2024** (समयः प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई.नीलामी में "जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp. के माध्यम से ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई–नीलामी में वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp के द्वारा दिनांक **14.05.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई–नीलामी के आध्यम से बेबसाइट : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp नीलामी की तिथि व समय – 14.05.2024
समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई–नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले

क्र. सं.	1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम 3. शाखा	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक)	अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी
1.	**उधारकर्ता** : मेसर्स **बी.पी. इण्टरप्राइजेज,** इसके प्रोपराइटर श्री कुष्मेश कुमार पुत्र स्व. बद्री प्रसाद, निवासी खसरा सं–99 व 125 का मिनजुमला पर मकान–ग्राम तेजपुर, पो. भानमऊ, परगना सतरिख तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश (प्रोपराइटर फर्म) **जमानतकर्ताः श्री राम प्रकाश चौहान** पुत्र श्री भभूति, निवासी ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरायण, जिला बाराबंकी, उ.प्र. **शाखाः बाराबंकी शाखा (10662)**	श्री कुष्मेश कुमार के स्वामित्व में मकान के सभी भाग व खण्ड निर्मित खसरा सं. 209 व 214, न्यू खसरा सं. 99 एवं 125 क–मिन–जुमला, ग्राम तेजवापुर परगना सतरिख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 141.26 वर्गमीटर या 1519.96 वर्गफीट, **चौहद्दीः** पूर्वः श्री सहदेव का मकान, पश्चिमः श्री भरोसे का मकान, उत्तरः सीसी रोड. दक्षिणः मकान	अ) **09.11.2015** ब) **24.02.2016** स) रू. **9,57,998.36** दिनांक 13.05.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **11,13,000.00** ब)रू. **1,11,500.00** स)रू. **11,130.00** द) श्री के.के. वर्मा **9773832060**
2.	**उधारकर्ता : मेसर्स अमन फैब्रिकेशन (प्रोप्राइटरशिप फर्म)** श्रीमती सबा बानो पत्नी नौसाद अली ग्राम–कस्बा गिर्दनेवाह, परगना, तहसील व जिला रायबरेली **प्रोप्राइटर का नाम** : श्रीमती सबा बानो पत्नी नौसाद अली निवासीः ग्रा. कस्बा गिर्दनेवाह, परगना, तहसील व जिला–रायबरेली, **जमानतकर्ता : श्री इरशाद अली** पुत्र स्व. हाफिज अली, ग्रा. व पो.–बखाई, तहसील–लालगंज, जिला–रायबरेली **शाखा : ऐहार (69380)**	गाटा नं. 379 मि. क्षेत्रफल 115.32 वर्गमीटर, ग्राम कस्बा गिरदनेवाह, परगना, तहसील और जिला– रायबरेली, श्री इरशाद अली पुत्र स्वर्गीय हाफिज अली के स्वामित्व में। **चौहद्दी** : पूर्व– सोनकर का खेत, पश्चिम– प्रस्तावित 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर–सह काश्तकार की भूमि, दक्षिण– किरण का भूखंड **वास्तविक के अनुसार संपत्ति की सीमाएंः** पूर्व– सोनकर का घर, पश्चिम– प्रस्तावित 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर– खुली भूमि, दक्षिणः– किरण का घर।	अ) **17.06.2019** ब) **10.01.2020** स) रू. **7,39,763.70** दिनांक 17.06.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **05,98,000.00** ब)रू. **59,800.00** स)रू. **5,980.00** द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील **9896322800**
3.	**उधारकर्ता : श्री विनोद सिंह** पुत्र श्री हरिहर सिंह, लखपेड़ा बाग, अग्रवाल आटा चक्की के पास, बाराबंकी, उ.प्र. **जमानतकर्ताः श्रीमती विंध्याचली देवी** पत्नी श्री हरिहरसिंह, लखपेड़ा बाग, अग्रवाल आटा चक्की के पास, बाराबंकी, उ.प्र. **शाखाः बाराबंकी शाखा (10662)**	श्रीमती विंध्याचली देवी पत्नी श्री हरिहर सिंह के स्वामित्व में मकान सम्पत्ति के सभी 2 भाग व खण्ड स्थित खसरा नंबर 37 3. ग्राम–बराली, मोहल्ला–लखपेड़ा बाग, नवाबगंज सीमा से बाहर, परगना एवं तहसील–नवाबगंज, जिला–बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, प्लॉट का क्षेत्रफल 1740 वर्ग फीट, **चौहद्दीः** उत्तर– प्लॉट अब श्रीमती मालती मिश्रा का मकान, दक्षिण–15 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व– प्लॉट अब विजय सिंह का मकान, पश्चिम– उमेश चंद्र का प्लॉट अब सूर्य प्रकाश वर्मा का मकान	अ) **01.03.2015** ब) **20.05.2015** स) रू. **10,55,816.00** दिनांक 30.09.2014 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **37,68,000.00** ब)रू. **3,76,800.00** स)रू. **37,700.00** द) श्री के.के. वर्मा **9773832060**
4.	**उधारकर्ता : कामधेनु दुग्ध उत्पादन केंद्र,** प्रो. श्री प्रेम प्रकाश पुत्र बिराय, निवासी : परसा तुड़ी, पोस्ट : भेलखा, तहसील : सदर बस्ती जिला : बस्ती–272001 **शाखा : मुख्य शाखा, बस्ती**	सभी सम्पत्ति के भाग व हिस्से निहित स्थित आवासीय भवन का समस्त भाग एवं पार्सल– गाटा/प्लॉट संख्या–50 आ. क्षेत्र 0.094 हेक्टेयर, खाता संख्या 0039 परसा तुड़ी, टप्पा हवेली, परगना : बस्ती पश्चिम तहसीलः बस्ती सदर जिला : बस्ती, नामे श्री प्रेम प्रकाश पुत्र बिराय। **चौहद्दी** : उत्तरः हरदाई राम की भूमि, दक्षिणः राम केश की भूमि, पूर्वः सड़क और पश्चिमः प्रेम प्रकाश की भूमि (बंधक)	अ) **22.02.2022** ब) **13.10.2022** स) रू. **18,18,194.00** दिनांक 16.03.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **45,54,000.00** ब)रू. **4,55,400.00** स)रू. **45,540.00** द) श्री शैलेन्द्र भदौरिया **9752520989**
5.	**उधारकर्ता : (1) आरपीएस पोल्ट्रीज** पता : गांव– भुजवान खेड़ा, पोस्ट–दिघोरा, रायबरेली यूपी 229303 **(2) राम प्रसाद सोनकर** पुत्र सिया राम पता : गांव– भुजवान खेड़ा, पो.–दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र.) 229316 **जमानतकर्ता : (1) कबीर दास** पुत्र सियाराम, पता : गांव– भुजवान खेड़ा, पोस्ट–दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र.) **(2) राकेश कुमार** पुत्र महावीर पता : गांव–सराय उमर, पो.–दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र.) **शाखा : ऐहार (59380)**	गाटा संख्या 359 मि. स्थित ग्राम–दिघौरा सोम्मऊ, परगना, तहसील एवं जिला–रायबरेली, श्री राम प्रसाद सोनकर पुत्र श्री सियाराम उत्तर प्रदेश में रहते है, जिसका क्षेत्रफल 1520 वर्गमीटर है। **दस्तावेज़ों के अनुसार चौहद्दी** : उत्तर–गलियारा, दक्षिण–महराजदीन का खेत, पूर्व–गलियारा, पश्चिम– रामपाल का खेत **साइट के अनुसार चौहद्दी** : उत्तर–लिंक रोड, दक्षिण–राम पाल का खेत, पूर्व–लिंक रोड, पश्चिम–रामदीन का खेत	अ) **24.05.2019** ब) **25.08.2020** स) रू. **15,61,202.00** दिनांक 24.05.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **22,16,000.00** ब)रू. **2,22,040.00** स)रू. **22,160.00** द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील **9896322800**
6.	**उधारकर्ता : मेसर्स माँ दुर्गा इण्डस्ट्रीज** (प्रोप्राइटर–श्री अमित कुमार वर्मा) ग्राम दमौरा, परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज, जिला– बाराबंकी **प्रोप्राइटर** – श्री अमित कुमार वर्मा पुत्र श्री राम चन्द्र, ग्राम जलालपुर दौरा, पोस्ट ददारा, जिला– बाराबंकी **जमानतकर्ताः (अ) श्रीमती डेज़ी** पत्नी श्री शैलेश कुमार वर्मा, मकान सं. 324, शक्ति नगर, ए ब्लॉक इन्दिरा नगर, लखनऊ। **(ब) श्री राम संजीवन** पुत्र श्री राम नाथ, ग्राम दमौरा, परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी 225001 2 (स) श्री ऋषि कुमार वर्मा पुत्र श्री बेनी प्रसाद वर्मा, ए–1 /66, विरामखंड, गोमती नगर, लखनऊ। **शाखा : बाराबंकी (10662)**	**सम्पत्ति संख्या 1** : श्री राम संजीवन पुत्र श्री राम नाथ के स्वामित्व में भूमि व भवन सीजीआई रूफेड शेड व स्लैब स्थित खसरा नंबर 414 क – मिन–जुमला, ग्राम दमौरा, परगना– प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, क्षेत्रफल 10,308.08 वर्ग फीट (958.00 वर्ग मी0), **चौहद्दीः** पूर्व–श्री नंदकिशोर का खेत, पश्चिमः चकमार्ग, उत्तरः जलालपुर लिंक मार्ग, दक्षिणः श्री नंदकिशोर का खेत **वास्तविक के अनुसार सम्पत्ति की चौहद्दी** : पूर्व–श्री नंद किशोर का खेत, पश्चिम–चकमार्ग, उत्तर–जलालपुर लिंक मार्ग, दक्षिण–श्री महादेव का खेत **सम्पत्ति संख्या–2**: खाली प्लॉट, प्लॉट सं. 1 एवं 2 (दो संपत्तियां): खसरा नंबर 250 का–मि. जुमला, ग्राम–पिसार, दीनदयाल नगर कॉलोनी, प्राइमरी स्कूल के पास, तहसील–नवाबगंज, बाराबंकी, उ.प्र. प्लॉट नंबर 1. 2940 वर्गफुट एवं प्लॉट नंबर 2. 1322 वर्गफुट **चौहद्दीः प्लॉट सं. 1**ः पूर्व–श्री भरत राम का प्लॉट, पश्चिम–श्रीमती कमलेश का प्लॉट, उत्तर–25 फीट चौड़ा बी.ओ.ई. रास्ता, दक्षिण–श्री सत्य नारायण के खसरा संख्या 251 की भूमि **प्लॉट सं. 1**ः खसरा सं. 250 का प्लॉट, पश्चिम–खसरा सं. 250 का प्लॉट, उत्तर–श्री हरिराम मौर्य की कृषि भूमि, दक्षिण–25 फीट चौड़ा बी.ओ.ई. रास्ता।	अ) **03.01.2018** ब) **08.06.2018** स) रू. **90,78,868.04** दिनांक 03.01.2018 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) भौतिक कब्जा	अ)रू. **58,24,800.00** ब)रू. **29,57,400.00** स)रू. **58,248.00** अ)रू. **5,82,480.00** ब)रू. **2,96,740.00** स)रू. **5,824.00** द) श्री के.के. वर्मा **9773832060**
7.	**उधारकर्ता : अ. मेसर्स मां वैष्णो एग्रो प्रोडक्ट्स,** ग्राम सोहिलपुर, सरकारी इंडस्ट्रियल इस्टेट, जैदपुर, बाराबंकी (प्रोप्राइटरशिप फर्म) **ब. श्री राम सिंह पुत्र भभूति** (प्रोप्राइटर), ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरैया, जैदपुर, तहसील – नवाबगंज, **जमानतकर्ताः अ. श्री कुष्मेश कुमार** वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद वर्मा, ग्राम रामुआपुर, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी **ब. श्री राम प्रकाश पुत्र** भभूति, ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरैया, जैदपुर, तहसील – नवाबगंज, बाराबंकी **शाखा : बाराबंकी (10662)**	**(1)** श्री राम सिंह पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में प्लॉट सं. 12,13,14,15,16 एवं 17 पर राइस मिल की फैक्ट्री भूमि व भवन स्थित मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला बाराबंकी, क्षेत्रफल 774.32 वर्गमीटर या 8331.68 वर्गफीट, **चौहद्दीः** पूर्वः ग्राम समाज भूमि, पश्चिमः पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तरः कृषि भूमि, दक्षिणः खडंजा रोड **वास्तविक के अनुसार संपत्तियों की चौहद्दी** : पूर्वः खाली भूमि, पश्चिमः 30 फीट चौड़ी पक्की सड़क (जैदपुर रोड), उत्तरः कृषि भूमि दक्षिणः 15 फीट चौड़ी बीओई रोड एवं फिर मालिक के भाई राम प्रकाश चौहान की राइस मिल **(2)** श्री राम प्रकाश चौहान पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में प्लॉट सं. 5,6,7,8,9,10 एवं 11 पर भूमि व भवन पर सिंगल स्टोरी राइस मिल स्थित मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला बाराबंकी, **चौहद्दीः** पूर्वः चौड़ी सड़क, पश्चिमः पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तरः खडंजा दक्षिणः इंडस्ट्रियल स्टेट प्लॉट।	अ) **01.11.2014** ब) **20.05.2015** स) रू. **33,93,565.86** दिनांक 01.11.2014 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) भौतिक कब्जा	अ–1)रू. **22,77,000.00** ब–1)रू. **2,27,700.00** स–1)रू. **22,770.00** अ–2)रू. **32,47,200.00** ब–2)रू. **3,24,720.00** स–2)रू. **32,472.00** द) श्री के.के. वर्मा **9773832060**
8.	**उधारकर्ता : मेसर्स आशीर्वाद शूज** (प्रो. श्री अशोक कुमार), पताः तालेबंद खेड़ा, भैरमपुर, महराजगंज, बछरावां, रायबरेली, उ.प्र. –229301. **शाखाः बछरावां (69360)**	श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लाल बहादुर के स्वामित्व में आवासीय भूमि के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 1373.5 वर्ग फीट, स्थित मोहल्ला मनिहारन टोला नगर पंचायत बछरावा, परगना बछरावा, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली। **चौहद्दीः** पूर्वः खड़ंजा मार्ग, पश्चिमः शुसील कुमार का मकान, उत्तरः स्वतः क्रेता की भूमि, दक्षिणः चंद्रकांति का मकान।	अ) **06.06.2022** ब) **14.11.2022** स) रू. **5,25,372.95** दिनांक 03.06.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **08,33,000.00** ब)रू. **83,300.00** स)रू. **08,330.00** द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील **9896322800**
9.	**उधारकर्ता : श्री शेषमणि चतुर्वेदी** पुत्र तपेश्वर चतुर्वेदी चक अहमदपुर नजूल, डेंटल हाउस, रायबरेली–229001 **जमानतकर्ता : (1) मयंक वाजपेयी** पुत्र गोविंद स्वरूप बाजपेयी टी–11–बी रेलवे स्टेशन, रायबरेली 229001 **(2) सुनीता चतुर्वेदी** पत्नी शेषमणि चतुर्वेदी ओसी–126–42 इंदिरा नगर, आवास विकास कॉलोनी रायबरेली–229001 **शाखा : रायबरेली मुख्य शाखा (30240)**	गाटा संख्या 753 (खाता संख्या – 675), अहमदपुर नजूल, ओवर ब्रिज के पास, परगना तहसील सदर और जिला रायबरेली –229001 में स्थित घर के सभी भाग और पार्सल सुनीता चतुर्वेदी पत्नी शेषमणि चतुर्वेदी के नाम पर। **स्थल पर वास्तविक चौहद्दी** : उत्तर–सड़क फिर ओवरब्रिज, दक्षिण–एस ए जैदी का प्लॉट, पूर्व –राम उजेर का घर और पश्चिम–विक्रेता की भूमि फिर रेलवे लाइन। **विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दीः** उत्तर–विक्रेता की भूमि फिर ओवरब्रिज, दक्षिण–विक्रेता की भूमि, पूर्व–राम उजेर की भूमि पश्चिम–विक्रेता की भूमि फिर रेलवे लाइन।	अ) **27.10.2020** ब) **18.02.2021** स) रू. **72,76,261.42** दिनांक 27.10.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **12,96,000.00** ब)रू. **1,29,600.00** स)रू. **12,960.00** द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील **9896322800**
10.	**उधारकर्ता : श्री राजाबाबू गुप्ता** पुत्र श्री गणेश प्रसाद, पता : म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला– अयोध्या, उत्तर प्रदेश **जमानत कर्ता : (1) श्रीमती गीता देवी** पत्नी श्री गणेश प्रसाद पता : म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला– अयोध्या, उत्तर प्रदेश **(2) श्री गणेश प्रसाद गुप्ता** पुत्र श्री राम नारायण गुप्ता पता : म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला– अयोध्या **शाखा : फैजाबाद मुख्य शाखा (38510)**	म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला–अयोध्या, उत्तर प्रदेश जो कि सुश्री गीता देवी पत्नी श्री गणेश प्रसाद के नाम पर है, क्षेत्रफल 800 वर्गफ़ीट। **चौहद्दी** : उत्तर–अकबरपुर रोड, दक्षिण–कन्या प्राथमिक पाठशाला, पूर्व–गीता देवी पत्नी रामजी का घर, पश्चिम–अजय कौशल का घर	अ) **13.01.2022** ब) **14.10.2022** स) रू. **9,83,231.00** दिनांक 30.09.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **34,16,000.00** ब)रू. **3,41,600.00** स)रू. **34,160.00** द) श्री रत्नेश कुमार **9569667575**
11.	**उधारकर्ता : श्री राजेंद्र कुमार,** पुत्र अरिमर्दन, गाटा नं 1013 मील, गांव अहमदपुर नजूल, मलिक मऊ (सरस होटल के पास) जिला रायबरेली, उ.प्र. –229001 **जमांतकर्ता : श्री अंजनी कुमार,** गाटा नं 1013 मील, गांव अहमदपुर नजूल, मलिक मऊ (सरस होटल के पास) जिला रायबरेली, उ.प्र.–229001 **शाखा : रायबरेली (eCB)(13442)**	स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा और भाग, कुल 1729.60 वर्ग फुट श्री अंजनी कुमार के हैं, गाटा नंबर 1013 एमआई, गांवः अहमदपुर नजूल, मलिकमऊ (सरस होटल के पास), सुल्तानपुर रोड, परगना, तहसील व जिला रायबरेली, **चौहद्दीः** पूर्वः शिवकेश कुमार की भूमि, पश्चिम : राम देव गुप्ता का घर, उत्तरः शिवकेश कुमार की भूमि, दक्षिणः रायबरेली से सुल्तानपुर रोड।	अ) **20.07.2021** ब) **13.10.2021** स) रू. **32,42,283.87** ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **43,61,400.00** ब)रू. **4,36,140.00** स)रू. **43,614.00** द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील **9896322800**
12.	**उधारकर्ता : श्रीमती जूली सिंह** पत्नी श्री आनंद सिंह, ग्राम कटया, पोस्ट कटया, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश–272302 **जमानतकर्ता/बंधककर्ता : श्री चिंता हरण सिंह** पुत्र श्री राम अवध सिंह, पत्नी श्री आनंद सिंह,ग्राम कटया, पोस्ट कटया, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश–272302 **शाखा : बस्ती (eAB)**	आराजी 57, ग्राम–गोटा, टप्पा गणेशपुर, परगना–नगर पूर्वी, तहसील–बस्ती, जिसका स्वामित्व श्री चिंता हरण सिंह पुत्र श्री राम अवध सिंह के पास है, जिसका क्षेत्रफल 1172 वर्ग मीटर है। **चौहद्दी** : पूर्व–राम लाल का प्लॉट, पश्चिम–इंटरलॉकिंग रोड, उत्तर –राम औतार की भूमि और दक्षिण–प्लॉट नंबर 58 (श्री लाल की भूमि)	अ) **11.06.2019** ब) **06.12.2019** स) रू. **21,26,706.00** दिनांक 01.06.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **55,53,000.00** ब)रू. **5,55,300.00** स)रू. **55,530.00** द) श्री शैलेन्द्र भदौरिया **9752520989**
13.	**उधारकर्ताः मेसर्स संत एग्रो इण्डस्ट्रीज** (पार्टनरशिप फर्म) ग्राम व पोस्ट सिद्धौर तहसील हैदरगढ़,जिला–बाराबंकी **पार्टनर्स : अ) श्री कुलदीप वर्मा** एवं श्री सुशील वर्मा, दोनों पुत्र श्याम लाल वर्मा, निवासी–ग्राम मेहंदीपुर हरख, पोस्ट हरख तहसील नवाबगंज जिला–बाराबंकी **ब) श्री दिग्विजय सिंह** एवं श्री हर्ष पटेल पुत्र श्री बाबू लाल, ग्राम मेहंदीपुर निवासी–हरख पोस्ट हरख तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी – 225121 **स) श्री विपिन कुमार** पुत्र रामकेवल ग्राम मेहंदीपुर निवासी–हरख पो. हरख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी–225121 **जमानतकर्ताः i) श्री कुलदीप वर्मा** पुत्र श्री श्याम लाल वर्मा **ii) श्री दिग्विजय सिंह** पुत्र श्री बाबू लाल **iii) श्री विपिन कुमार** पुत्र राम केवल **iv) श्री श्याम लाल** पुत्र राम आधार वर्मा **v) श्री बाबू लाल** पुत्र राम आधार वर्मा **vi) श्री राम केवल** पुत्र राम आधार वर्मा **vii) श्री हर्ष पटेल** पुत्र श्री बाबू लाल वर्मा **viii) श्री सुनील वर्मा** पुत्र श्याम लाल वर्मा उपरोक्त सभी (**i** से **viii**) निवासीगण ग्रा. मेहंदीपुर, हरख पो. हरख तह. नवाबगंज, जिला बाराबंकी– 225121 **शाखा : बाराबंकी (10662)**	(1) श्री कुलदीप एवं श्री सुशील वर्मा दोनों पुत्र श्री श्याम लाल (2) श्री विपिन वर्मा पुत्र श्री राम केवल (3) श्री दिग्विजय सिंह एवं श्री हर्ष पटेल दोनों पुत्र श्री बाबू लाल के स्वामित्व में राइस मिल बिल्डिंग, खसरा सं. 17 क–मिन–जुमला के भूमि पर निर्मित, बाराबंकी – सिधौर से देवीगंज रोड, ग्राम खपरैच (विशेष गांव) परगना – सिद्धौर, तहसील – हैदरगढ़, जिला – बाराबंकी, क्षेत्रफल 21,950.00 वर्ग फीट (2040 वर्ग मी०), **चौहद्दीः** पूर्व–चक रोड व उसके बाद शकीर का खेत, पश्चिम– श्री मुन्ना का खेत, उत्तर–बाराबंकी–सिधौर से देवीगंज रोड, दक्षिण–श्री विजय शंकर का खेत, **वास्तविक के अनुसार सम्पत्ति की चौहद्दीः** पूर्व–चक रोड एवं उसके बाद शकीर का खेत, पश्चिम–श्री मुन्ना का खेत, उत्तर– बाराबंकी–सिधौर से देवीगंज रोड, दक्षिण–श्री विजय शंकर का खेत	अ) **02.04.2019** ब) **15.06.2019** स) रू. **59,34,995.00** दिनांक 30.06.2023 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) भौतिक कब्जा	अ)रू. **92,11,500.00** ब)रू. **09,22,000.00** स)रू. **92,200.00** द) श्री के.के. वर्मा **9773832060**
14.	**उधारकर्ता : श्री दीन दयाल पुत्र सुमेश्वर प्रसाद** मकान सं. 8ए, सौर्य विहार, खसरा सं. 262 (min), सैदपुर जागीर, तहसील बख्शी का तालाब, जिला–लखनऊ–226201 **शाखा : मसौली (30230)**	श्री दीन दयाल पुत्र श्री सुमेश्वर प्रसाद के स्वामित्व में भूमि व भवन स्थित मकान सं. 8ए, सौर्य विहार, खसरा सं. 262 एम, सैदपुर जागीर, तहसील बख्शी का तालाब जिला लखनऊ, क्षेत्रफल 1150.34 वर्ग फीट (106.87 वर्गमी०), **सम्पत्ति की चौहद्दी** : पूर्व –प्लॉट सं. 06 पर मकान, पश्चिमः 22 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर–प्लॉट सं.– 07, दक्षिणः मकान सं. 8, डॉ० के.के. चौधरी **(वास्तविक के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी)**: पूर्व : प्लॉट सं. 06 पर मकान, पश्चिमः 22 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः मकान सं. 07, जी.के. मिश्रा, दक्षिणः मकान सं. 08, डॉ. के. के. चौधरी	अ) **19.09.2015** ब) **13.11.2018** स) रू. **22,91,427.00** दिनांक 19.09.2015 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. **42,52,500.00** ब)रू. **4,25,250.00** स)रू. **42,525.00** द) श्री के.के. वर्मा **9773832060**

प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार : कोई अधिभार ज्ञात नहीं

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई–नीलामी के नियम व शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp. हेल्प लाइन ई–मेल आईडी eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई– नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 24.04.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

एक नजर

315 बोर के तमंचे के साथ शातिर को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। हंसवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खान मुबारक गैंग के सक्रिय सदस्य हिस्ट्रीशीटर इन्दल निवासी नरायनपुर प्रीतमपुर को मुण्डेरा से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार किया है।

दो आरोपी पकड़े गए

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भीटी पुलिस ने विभिन्न मुकदमों व गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 से सम्बन्धित दो आरोपियों को मंगलवार को सेनपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना बेवाना पुलिस ने गैंगेस्टर अधिनियम से संबन्धित आरोपी राम अवतार राजभर निवासी आजमगढ़ को रसूलपुर दियरा में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार किया है।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। बसखारी पुलिस ने विभन्न मुकदमों और पाक्सो एक्ट में वांछित 10 हजार के इनामी बदमाश नदीम खान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। हंसवर पुलिस ने खान मुबारक गैंग के सक्रिय सदस्य हिस्ट्रीशीटर जिलाबदर अपराधी प्रयास कुमार पुत्र रामनाथ को गिरफ्तार करने में ससफलता हासिल की है।

लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें प्रधान

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अपील

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

बच्चों के साथ मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में सीडीओ।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम में जनपद के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक हुई। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक और नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रधानों से अपील की कि वह घर-घर जाकर लोगों को मतदान में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें, बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को यह आश्वासन दिया कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वह पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाए जाएंगे। 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं, वह वोटर होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं। बैठक के दौरान सीडीओ अनुराज जैन, एसडीएम अरविंद त्रिपाठी, डीपीआरओ, जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

मतदान कार्मिकों को फॉर्म 12 व 12ए कराया जाए उपलब्ध

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त कार्यालयाध्यक्षों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को फॉर्म 12 और 12ए उपलब्ध कराया जाए। संबंधित कार्मिक द्वारा फार्म 12,12ए भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय पंच स्थानीय कमरा नंबर 24 में जमा कराना सुनिश्चित करें। कार्यालयाध्यक्ष मतदान कार्मिक में लगाए गए अपने कर्मचारियों से सुनिश्चित कर लें कि शत प्रतिशत फार्म 12 और 12ए प्राप्त कर लिया गया है। जिससे जनपद में 25 मई को होने वाले मतदान में सभी कार्मिक पोस्टल बैलेट, ईडीसी के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान में प्रतिभाग कर सकें। बैठक के दौरान डीएफओ, उपजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी समस्त कार्यालयाध्यक्ष और संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

मतदान अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जनपद में मतदान कार्मिकों का 19 अप्रैल से चार दिवसीय प्रशिक्षण किया जा रहा था, जो मंगलवार 23 अप्रैल को पूर्ण हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए हो रहे पीठासीन अधिकारियों और अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निरूसंकोच होकर मास्टर ट्रेनों से पूछे। प्रशिक्षण के चौथे दिन एक मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। कार्मिकों को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा था। यह प्रशिक्षण मंगलवार को केवल प्रथम पाली में प्रशिक्षण सकुशल संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, डीसीएनआरएलएम आदि थे।

एसडीएम ने मतदान के लिए बांटे आमंत्रण पत्र

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भेज रहा हूं स्नेह निमंत्रण मान्यवर तुम्हें बुलाने को। लोकतंत्र के भाग्य विधाता, भूल न जाना आने को। वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पूरे मुस्तैदी के साथ प्रशासन जुट गया है।

उप जिला अधिकारी सहायक रिटर्निंग अफिसर 278 टांडा मोहनलाल गुप्ता व उप जिलाधिकारी न्यायिक डॉ. शशि शेखर बूथ संख्या 185, 186 दौलतपुर महमूदपुर में मतदाताओं के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किये। आमंत्रण पत्र में निवेदक के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने मतदाताओं से आमंत्रण पत्र के माध्यम से शत प्रतिशत वोट डालने की अपील की। आमंत्रण पत्र में लिखा है, आपको मतदेय स्थल पर मतदान कर लोकतंत्र में सहभागिता को आमंत्रित करता हूं अपने परिवार के मतदाताओं सहित तथा जो परिजन बाहर रहते हैं बुलाकर उन्हें भी साथ लेकर मतदान अवश्य करें। आमंत्रण पत्र में बाल मनुहार भी किया गया है। जिसमें लिखा है मेले मम्मी-पापा वोट डालने जाएंगे, चाचा-चाची भईया-भाभी आप वोट डालने जुलूल से जुलूल जाना। आमंत्रण पत्र वितरण के दौरान पीठासीन अधिकारी, पोलिंग अधिकारी, बीएलओ आदि मौजूद थे।

टांडा क्षेत्र में आमंत्रण पत्र वितरित करते उप जिला अधिकारी मोहनलाल गुप्ता।

सार-संक्षेप

रचना और अनुष्का ने बढ़ाया विद्यालय का मान

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भाग्योदय बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज कृष्णा नगर अवसानपुर में प्रतिभावान बच्चों को विद्यालय के शिक्षकों ने सम्मानित किया। विद्यालय में इंटरमीडिएट छात्र रचना ने 500 में 448 अंक प्राप्त किये। गरीब परिवार की इस बच्ची ने अभाव के चलते बगैर कोचिंग के अच्छे नम्बरों से पास होकर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। छात्रा का भविष्य में प्रोफेसर बनने का सपना है। हाईस्कूल में अनुष्का मौर्या पुत्री प्रदीप ने 600 में 536 अंक प्राप्त कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधक लवकुश यादव ने बताया कि हमारे विद्यालय में शासन की गाइडलाइन के अनुसार बहुत कम फीस पर बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। समारोह में महिमा, साक्षी, अर्चना यादव, रवि यादव, आयुषी गुप्ता, आंचल वर्मा, विवेक, अखिलेश, शिखा आदि मौजूद रहे।

मेधावी छात्रा का किया गया स्वागत।

विद्यालय प्रबंधक ने मेधावियों को किया सम्मानित

मेधावियों के साथ मौजूद विद्यालय प्रबंधक पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा।

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। सहदेई देवी बालिका इंटर कॉलेज बुढ़नापुर बसखारी में यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 96 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 98 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया। विद्यालय प्रबंधक पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर उन्हें बधाई दी। हाईस्कूल में लकी वर्मा ने 85 .83 प्रतिशत, अपर्णा यादव ने 83 .33 प्रतिशत और प्रिन्सी ने 81 .66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में आकाश कुमार ने 85 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वाभिमान ने 85 .6 प्रतिश अंक प्राप्त किए। अंकुश वर्मा तीसरा स्थान पर रहे। कला वर्ग में उजाला ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्वेता वर्मा ने 83 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और श्वेता राजभर ने 80 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या शकुन्तला वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्या मेवाती चैधरी, इन्द्रावती वर्मा, निशा वर्मा, अन्तिमा, मधू पटेल, शिवांगी मिश्रा, धनराज, नरेन्द्र बहादुर, घनश्याम वर्मा, फूलचन्द वर्मा, सजेन्द्र कुमार के साथ विद्यालय के अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

मतदान केंद्रों पर दिव्यांग वोटरों के लिए हों समुचित सुविधाएं : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। आयोग के निर्देश पर दिव्यांग मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रिया में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, परिवहन सुविधा समेत कई व्यवस्थाएं करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि जो मतदाता 85 वर्ष से अधिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं ऐसे मतदाताओं को उनकी सुविधा को देखते हुए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं की पहचान, निर्वाचक नामावली में उनके नाम की प्रविष्टि और उन्हें द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं से संबंधित स्वीप के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

एमसीएमसी कमेटी 24 घंटे कर रही निगरानी

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण और अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सचिव जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि एमसीएमसी कमेटी का कंट्रोल रूम स्थापित है जो 24 घंटे निगरानी कर रहा है। प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर किसी भी विज्ञापन को प्रसारित करने से पहले उसके कंटेंट को जिला एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणन आवश्यक कराएं।

चाकू के साथ शातिर गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना कोतवाली टांडा क्षेत्र में पुलिस ने आर्म्स एक्ट में अभियुक्त राम प्रकाश वर्मा को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। टांडा पुलिस ने राम प्रकाश वर्मा निवासी ग्राम जोत अवस्थी थाना कोतवाली टांडा को शाहपुर कुरमौल रोड के किनारे स्थित बगीचे से चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

गिले-शिकवे भूल साथ रहने के लिए राजी हुआ जोड़ा

जिला संवाददाता अंबेडकर नगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत थानाध्यक्ष अहिरौली विवेक कुमार व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया गया।

चोरों ने शादी वाले घरों को बनाया निशाना

सम्मनपुर अंबेडकरनगर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के हल्का नंबर दो में लगातार चोरी की घटनाएं जारी हैं। चोरों द्वारा शादी वाले घरों को निशाना बनाया जा रहा है।

बता दें कि रविवार की रात माजीसा गांव के हिलालपुर में चोरों ने घटना को अंजाम दिया और उसके अगले दिन सोमवार की रात में ग्राम कहरा सलेमपुर में अशोक कुमार के घर और उसी ग्राम पंचायत के मजरे भौसिमपुर में परशुराम प्रजापति के घर चोरों ने घटना को अंजाम देते हुए महिलाओं के जेवर और घर में रखे हुए निमंत्रण के पैसे पर हाथ साफ कर दिया।

दोनों घरों में दो दिन पूर्व लड़की की शादी संपन्न हुई थी। पुलिस ने दोनों घटनाओं में मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है। वहीं चोरों द्वारा घरों से ले गए बैग कुछ दूरी पर गांव से बाहर मिले हैं।

घटनाओं की तहरीर पीड़ितों द्वारा थाने पर दी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना का पर्दाफाश शीघ्र हो जाएगा। जिस प्रकार क्षेत्र में सुनियोजित ढंग से इस तरह से चोरियां हो रही हैं, इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

पुलिस ने गैंगस्टर के 3 वांछितों को पकड़ा

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मालीपुर पुलिस टीम ने पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित तीन वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मालीपुर में पंजीकृत विभिन्न मुकमदों व गैंगेस्टर एक्ट से संबंधिक तीन वांछित आरोपी शिवपूजन कुमार निवासी ग्राम श्यामपुर दरियापुर थाना मालीपुर, रवि कुमार निवासी ग्राम श्यामपुर दरियापुर थाना मालीपुर और अखिलेश पुत्र निवासी ग्राम श्यामपुर दरियापुर थाना मालीपुर को पुलिस ने क्षेत्र के रामदास की मडैया बहद ग्राम सैदपुर भितरी के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज कर जेल भेज दिया है। सभी आरोपियों पर पूर्व में भी अपराधिक मुकदमें दर्ज है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल राजबहादुर, हरिश्चन्द्र, कांस्टेबल मनी कुमार आदि थे।

बच्ची से अश्लील हरकत करने वाला बंदी

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पुलिस ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। मामला कटका थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव के एक दुकान पर सामान लेने गई एक सात वर्षीय बालिका से 60 वर्षीय दुकानदार राजेंद्र गिरी ने अश्लील हरकत की। बच्ची ने परिजनों को जानकारी दी। बच्ची के पिता ने कटका पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पीड़ित बच्ची का मेडिकल कराकर बयान दर्ज कराया।

गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल

संवाददाता, अंबेडकरनगर

तेज धूप में चेहरा ढककर स्कूल जातीं छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। मंगलवार को भी गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। जनपद में दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्मी ऐसी कि लोग घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। वहीं बाजारों में चहल-पहल भी कम रही। सुबह से ही गर्म तेज हवाएं चलना शुरू हो गई तो वहीं धूप में भी खासी तपिश रही। जैसे-जैसे दिन चढ़ा तापमान भी बढ़ता गया।

तापमान बढ़ा तो गर्मी से लोग बेहाल होने लगे। शरीर को झुलसा देने वाली धूप और गर्म हवा से बचने के लिए लोग घरों और दुकानों में कैद रहे। बेहद जरूरी काम से जो लोग घर से बाहर निकले और सिर व चेहरे को कपड़े से ढके रखा। नगर के प्रमुख बाजार शहजादपुर और बस स्टेशन क्षेत्र में सन्नाटा पसरा गया। यह सिलसिला शाम पांच बजे तक रहा। जलालपुर, टांडा और बसखारी, भीटी, महरुआ बाजारों का भी यही हाल रहा। भीषण गर्मी के बावजूद नगर पालिका परिषद अकबरपुर द्वारा शीतल पेयजल को समुचित व्यवस्था नहीं कराई जा रही है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पुराने तहसील तिराहा और फव्वारा तिराहा के निकट लगे वाटर कूलर खराब पड़े हैं, जबकि शहजादपुर चौक व बस स्टेशन के निकट लगे वाटर कूलर गर्म पानी दे रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 22/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से **''खुली''** निविदा आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज–बाजपुर स्टेशन के मध्य समइं/काशीपुर के अंतर्गत ब्रिज सं. 46 (7x12.2 मी. पीएससी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य, **अनुमानित लागत:** रु.11,59,83,340.44, **बयाना राशि** : रु. 7,29,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 18 माह।

क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण : म.इं./प्रथम/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में प्रमुख पुल मार्गों का सुदृढ़ीकरण करना (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर मंडल में प्रमुख एवं महत्वपूर्ण पुलों के मार्गों को सुदृढ़ करने का कार्य), **अनुमानित लागत** : रु. 4,12,16,303.44, **बयाना राशि** : रु. 3,56,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 09 माह।

क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण : इज्जतनगर मंडल के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में 32 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/चौड़ीकरण का कार्य (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रामपुर–लालकुआँ–काशीपुर एवं भोजीपुरा–पीलीभीत–टनकपुर में कुल 171.79 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/चौड़ीकरण का कार्य) (नोट–मिट्टी निजी भूमि से है), **अनुमानित लागत** : रु.3,48,53,483.20, **बयाना राशि** : रु. 3,24,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 09 माह।

क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण : समइं/पीलीभीत के अंतर्गत भोजीपुरा–पीलीभीत–टनकपुर एवं पीलीभीत–शाहजहाँपुर अनुभाग में ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान, **अनुमानित लागत** : रु. 1,09,34,632.37, **बयाना राशि** : रु. 2,04,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह। **क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण :** समइं/पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में बीसलपुर रेलवे स्टेशन पर बीसलपुर एप्रोच रोड का विकास कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 30,11,143.00, **बयाना राशि** : रु. 60,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 04 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 15.05.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-30
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

निविदा सं.	खुलने की तिथि	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	वेबसाइट
53245100	13.05.2024	रेसिस्टर ग्रिड, डायनेमिक ब्रेक आरई3, आरई7, 1.235 ओम, 545 एम्प्स फैन टैप ईएमडी पार्ट नंबर–10634216 के अनुसार।	16 नग	www.ireps.gov.in

पत्रांक 38/एसएमएम/डीएसएल/एएमवी/निविदा/एटी/2024–25 दिनांक : 23.04.2024
1211/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैं **प्रवीण कुमार यादव पुत्र राम खिलावन यादव, निवासी–ग्राम– पौथिया, जिला–हमीरपुर,** अपने पुत्र आमोद यादव के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनसे मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

सूचना
सूचित हो कि विवाह से पूर्व मेरा नाम शालिनी राजपाल था जो शपथी के सभी शैक्षिक व प्रमाण पत्रों में अंकित है। विवाह के उपरान्त मेरा नाम सोनी हिमानी हो गया है। मेरा नाम सोनी हिमानी मेरे आधार कार्ड पर भी अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम शालिनी राजपाल व सोनी हिमानी एक ही व्यक्ति के हैं। **मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए क्योंकि यह मेरा असली और सही नाम है। सोनी हिमानी पुत्री ओम प्रकाश राजपाल पत्नी अजीत हिमानी निवासी–5/18/259–ए बछड़ा सुल्तानपुर जिला अयोध्या, पिन– 224001**

सूचना
सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEEM AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **–मो0 नदीम अहमद, निवासी– ग्राम–भिटौरा, पो0–भिटौरा, थाना– रौनाही तहसील– सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0––9198658643**

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपना नाम दिलीप कुमार लालसा कनौजिया से बदलकर दिलीप कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **–दिलीप कुमार पुत्र लालसा राम सुमेर कनौजिया, निवासी– ग्राम व पो0– बढ़या, अतरौलिया, आजमगढ़**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुलाब हुसैन से बदलकर गुलाम हुसैन रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **गुलाम हुसैन पुत्र सूबेदार ग्राम छितौना, पोस्ट मेघौली कला, जिला महराजगंज 273304**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Chauhan Suryamani Singh से बदलकर Chauhan Suryamani Amarnath Singh रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **चौहान सूर्यमणि अमरनाथ सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी धौरहरा चौहान, देवखाल धिरौली बाबू, जिला बस्ती 272128**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बलराम कुमार पांडेय से बदलकर बलराम पांडेय रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **बलराम पांडेय पुत्र बजरंगी पांडेय ग्राम मोरवन दक्षिणी पोस्ट मिठौरा बाजार जिला महाराजगंज।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नजीर से बदलकर मजीर रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मजीर पुत्र इब्राहिम ग्राम धनेवा धनेई, पोस्ट महराजगंज, थाना कोतवाली, जिला महराजगंज**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुरज से बदलकर सुरज यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाये। **सुरज यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी ब–227 Gulali vatika जेलरोड वार्ड न 59,पोस्ट गीता वाटिका ,जनपद गोरखपुर।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम महेश से बदलकर महेश निषाद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **महेश निषाद पुत्र सिंगार ग्राम सिरसिया गढ़ाई उर्फ बरगदही, पोस्ट व थाना गुलहरिया, जिला गोरखपुर।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम मोहम्मद हारून है। मुझे मेरे वास्तविक नाम से जाना एवं समझा जाए। **मोहम्मद हारून पुत्र मोहम्मद परवेज ग्राम कुई बाजार, पोस्ट असौजी बाजार, थाना सिकरीगंज, जिला गोरखपुर 273213**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अशोक यादव से बदलकर अशोक कुमार यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अशोक कुमार यादव पुत्र चंद्रिका यादव निवासी ग्राम व पोस्ट सोहनपुर, थाना बनकटा, जिला देवरिया।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Afzal Khan से बदलकर Afjal Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अफजल खान पुत्र रईस खान ग्राम रामुपुर, पोस्ट खोरिया बाजार, महुली खास, जिला सन्त कबीर नगर**

एक नजर

मारपीट के मामले में चार लोगों को भेजा जेल

रुपईडीह, अमृत विचार : बच्चों के विवाद को लेकर कौड़िया के अशोकवापुर निवासी विशाल अवस्थी व कटका गांव निवासी नीरज पांडेय तथा कटरा बाजार के दलाल टोला निवासी शमशाद अहमद व महादेव गांव निवासी शिव प्रताप मिश्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किये के सभी लोगों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी दरोगा सत्येंद्र कुमार यादव द्वारा की गई है।

मंदिर का निरीक्षण कर सफाई के दिए निर्देश

रुपईडीह, अमृत विचार : मंगलवार को ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह तथा अवर अभियंता अवधेश कुमार के साथ पृथ्वी नाथ मंदिर का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मंदिर परिसर की साफ सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की। मंदिर पर पेयजल के लिए सभी हैंडपंपों के खराब होने की शिकायत पर उन्होंने पंचायत सचिव देवेंद्र कुमार पांडेय को शीघ्र ही सभी हैंडपंपों को ठीक कराए जाने का निर्देश दिया।

भरहापारा में दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : वजीरगंज थानाक्षेत्र के भरहापारा में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। गांव निवासिनी झिनकन पत्नी रामकुमार वर्मा ने पिंटू मिश्र व उनकी पत्नी तथा दो अज्ञात लोगों पर पूर्व विवाद को लेकर मारपीट की जिसमें वादिनी व उसकी पुत्री रोशनी वर्मा को चोटें आयी हैं। वहीं अनिता पत्नी पिंटू वर्मा व रोशनी ने वादिनी व पुत्री सोनाली की पिटाई से चोटिल हुई हैं।

कोटेदार ने 95 क्विंटल खाद्यान्न में की हेराफेरी, डीएम के आदेश पर केस दर्ज

जिलापूर्ति अधिकारी के निर्देश पर पूर्ति अधिकारी की जांच के दौरान सच आया सामने

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: कोटेदार अंगूठा लगवाने के बाद खाद्यान्न के लिए बार-बार दौड़ा रहा था, जिसकी शिकायत पूर्ति विभाग में की गई थी। जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने जांच की तो मौके पर खाद्यान्न भी कम पाया गया। जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी गई।

जिलाधिकारी से अनुमोदन मिलने के बाद आरोपी कोटेदार के खिलाफ कोतवाली नगर में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए पूर्ति निरीक्षक ने तहरीर दी है। कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारकों से अंगूठा लगवाने के बाद खाद्यान्न न दिए जाने महंगा पड़ गया। शिकायत पर इसकी जांच पूर्व निरीक्षक ने शुरू की तो शिकायत सही पाई गई। विकास खंड झंझरी के अंतर्गत कटहा माफी गांव के कोटेदार मदन मोहन शुक्ला पर कम खाद्यान्न दिए जाने, अंगूठा लगवा कर दौड़ाने की शिकायत हुई थी। शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी ने जांच की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक बालेश्वर मणि त्रिपाठी को दी थी।

पूर्ति निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कर जांच की तो शिकायत सही पाई गई। कोटेदार की दुकान पर खाद्यान्न भी काम मिला। सत्यापन के दौरान करीब 40 क्विंटल गेहूं

तथा 55 कुंतल चावल जो करीब 95 क्विंटल बनता है, कम पाया गया। पूर्ति निरीक्षक ने गांव के पात्र गृहस्थी व अंत्योदय राशन कार्ड धारकों से बयान लिए तो ग्रामीणों ने बताया कि पर यूनिट 1 किलो कम खाद्यान्न देते हैं। तौल में भी बेईमानी की जाती है।

पूर्ति निरीक्षक ने डीएसओ के माध्यम से रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी। डीएम नेहा शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्ति विभाग को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया। पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के विरुद्ध कोतवाली नगर में तहरीर दी है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि कोटेदार द्वारा कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायत मिली थी जिस पर जांच कराई गई। सत्यापन में खाद्यान्न भी कम मिला। जिलाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद कोतवाली नगर में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

गेहूं खरीद केंद्र मंडी स्थल का निरीक्षण करते यूपीएसएस के एमडी। अमृत विचार

गेहूं खरीद के लिए किसानों से संपर्क करें केंद्र प्रभारी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : गेहूं खरीद गति नहीं पकड़ पा रही है। जिसको लेकर शासन के अधिकारी भी परेशान हैं। उन्हें इसी बात की चिंता है कि आखिर गेहूं खरीद की गति को कैसे रफ्तार मिलेगी। मंगलवार को गेहूं खरीद के देवीपाटन मंडल के नोडल अधिकारी व यूपीएसएस के एमडी बीके सिंह ने गल्ला मंडी पहुंच कर गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर गेहूं खरीद के बारे में जानकारी ली। जिले में गेहूं खरीद का बुरा हाल है। बीते एक मार्च से गेहूं खरीद की जा रही है। सरकारी केंद्र सूने पड़े हैं जबकि मंडी के व्यापारी जमकर खरीद कर गैर जिले में गेहूं को भेज कर अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। जिले में गेहूं खरीदने के लिए 112 केंद्र बनाए गए हैं। सरकार की ओर से मूल्य समर्थन योजना के तहत 2275 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से गेहूं के खरीद की जा रही है, जबकि खुले बाजार में व्यापारी 2300 प्रति क्विंटल के भाव से अधिक पर खरीद कर रहा है। इसकी वजह से किसान अपनी उपज को सरकारी केंद्र पर नहीं ला रहे हैं। देवीपाटन मंडल गेहूं खरीद का नोडल यूपीएसएस के एमडी को बनाया गया है। उन्होंने जिले में पहुंचकर गेहूं खरीद के बारे में केंद्र प्रभारी से जानकारी ली तथा खरीद गति में तेजी लाने का निर्देश दिया। गेहूं खरीद के नोडल अधिकारी ने कहा कि केंद्र प्रभारी गांव में जाकर किसानों से संपर्क करें और उनको सरकारी केंद्र पर बेचने के लिए प्रेरित करें ताकि सरकारी खरीद हो पाए। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में गेहूं बेचने के लिए किसानों को प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान संभागीय खाद्य नियंत्रक सरयू प्रसाद, जिला खाद्य वितरण अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, केंद्र प्रभारी संदीप सिंह, मगरूव हसन, जितेंद्र वर्मा, अरविंद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा उम्मीदवार ने मांगा समर्थन

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में विधायक ने की नुक्कड़ सभा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गोंडा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने नुक्कड़ सभा कर लोगों से पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया।

गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने बताया कि पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मनसुखपुर चौराहा, पतिजिया खुर्द, बभनजोतिया, नरैचा समय, सोहिला मंदिर, इटैला खुर्द, पायरखास, शीतलगंज ग्रांट (फुटहिया) में आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित कर पुनः प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

इस अवसर पर मुख्य रूप जीतेन्द्र नाथ पाण्डेय, जसवंत सिंह, बब्लू वर्मा, तुषार पांडे, लालू तिवारी, दुर्गा वर्मा, राधेश्याम वर्मा, इरशाद अहमद, अनिल कुमार वर्मा, अरविंद सिंह, सुरेन्द्र वर्मा, अवधेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, पिन्टू वर्मा आदि मौजूद रहे।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

सीएमओ दफ्तर के सामने से अर्दली की बाइक चोरी

करनैलगंज, अमृत विचार: सीएमओ कार्यालय के सामने से अर्दली की बाइक चोरी हो गई। क्षेत्र के बालपुर हजारी निवासी अभिषेक कुमार सोनी जिला अस्पताल में अर्दली के पद पर तैनात है। सोमवार को सीएमओ कार्यालय के सामने से उसकी बाइक चोरी हो गई। अभिषेक ने बताया कि वह अपनी बाइक यूपी 43 एडी 1511 स्प्लेंडर सीएमओ कार्यालय के सामने खड़ी करके ड्यूटी पर चला गया। कुछ देर बाद बाहर निकलकर देखा तो बाइक गायब थी। बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। काफी खोजबीन के बाद भी पता न लगने पर पुलिस को तहरीर दी है।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाते एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

रानीपुर में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

तरबगंज, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पंडित जगत नरायन शुक्ल ग्रामोदय महाविद्यालय रानीपुर पहाड़ी तरबगंज में एनसीसी कैडेटों द्वारा महाविद्यालय से रैली निकाली गई। रैली दुर्जनपुर घाट बाजार से लेकर इण्डियन बैंक धौरहरा रानीपुर चौराहे तक गई। इस क्रम में छात्रों ने क्षेत्रवासियों को अपने घरों से निकल कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रबन्धक मंजू शुक्ला, (प्रबन्धक जय मां बाराही महाविद्यालय उमरी) विश्वजीत शरण शुक्ल महाविद्यालय प्रसाशक राजीव शुक्ला, सीटीओ सुरज गुप्ता, रामदयाल तिवारी, देवी श्याम शुक्ला एवं महेश पांडे, सरस्वती पांडे उपस्थित रहे।

कहीं जानलेवा न हो जाएं स्कूल परिसर से गुजर रहीं विद्युत लाइनें

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: परिषदीय विद्यालयों के भवनों तथा परिसर से गुजरने वाली हाईटेंशन विद्युत लाइनें डरा रही हैं। नौनिहालों व अध्यापकों के सिर पर मौत का साया मंडरा रहा है। शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक स्कूलों के भवनों व परिसरों से हाईटेंशन लाइने गुजरी हैं। जर्जर तार टूटकर गिरने से कभी-कभी पढ़ाई भी बाधित हो जाती है। विद्युत लाइन व पोल को हटवाने के लिए कई बार शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

विद्युत लाइन दुर्घटना को दावत दे रही हैं। नए शिक्षा सत्र शुरू होने

पर भी समस्या जिसकी तस बनी हुई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि बिजली विभाग के अफसरों को इन विद्यालयों की सूची काफी पहले दे दी गई है। शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के परिषदीय विद्यालयों के भवन जहां से विद्युत लाइन के तार गुजरता है उनमें कन्या विद्यालय भटपुरवा, कम्पोजिट विद्यालय कन्या रूपईडीह, प्राथमिक विद्यालय हिन्दू नगर बाकी, प्राथमिक विद्यालय परसदा, कन्या विद्यालय भवानियापुर उपाध्याय, उच्च प्राथमिक विद्यालय नरहरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय उसरौना, कन्या विद्यालय कलहा, प्राथमिक विद्यालय पडरी सबिता, प्राथमिक विद्यालय दुधरवा, कन्या विद्यालय बीरपुर झलहिया, प्राथमिक विद्यालय बिछुड़ी, प्राथमिक विद्यालय निबिया परसपुर, कन्या विद्यालय बनगाई, प्राथमिक विद्यालय भवानियापुर खुर्द, कन्या डेढ़ दर्जन से अधिक परिषदीय विद्यालय हैं।

टिकरी जंगल में मिली अधेड़ की सड़ी लाश

मनकापुर, अमृत विचार: मंगलवार को रामगढ़ रेंज के टिकरी जंगल में सुबह एक सड़ी-गली अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की लाश जंगल मे गस्त करते हुई वनरक्षक को दिखाई दी। वन रक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

नवाबगंज मार्ग पर टिकरी जंगल में तैनात वन रक्षक योगेश मिश्र वन की रखवाली के लिए मंगलवार सुबह करीब नौ बजे बीट संख्या चार में गस्त पर निकले थे। जंगल में स्थित रुदापुर माता मंदिर के पश्चिम कुछ दूर जाने पर काफी तेज दुर्गंध आता देख उधर जाकर देखा तो एक अधेड़ व्यक्ति की सड़ी गली लाश साखू के पेड़ के नीचे पड़ा था। जिसकी सूचना वनरक्षक ने तत्काल कोतवाली पुलिस को दिया।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि वनरक्षक की सूचना पर मौके पर पहुच कर देखा गया की एक व्यक्ति का सड़ा गला शव जंगल के बीच मे पड़ा था।शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बाकी जांच की जा रही है।

45 मरीज ऑपरेशन के लिए चिह्नित

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट हेल्थ सिटी हॉस्पिटल की ओर से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज में निःशुल्क पंजीकरण शिविर लगाया गया। अधीक्षक डॉ नवनीत गौरव सिंह ने बताया कि शिविर में 19 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। कुल 45 मरीज चिन्हित हो चुके हैं। 24 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में करनैलगंज, हलधरमऊ, कटरा बाजार एवं परसपुर ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण एवं 25 अप्रैल को खरगूपुर, मुजेहना, इटियाथोक, झंझरी, पंडरी कृपाल ब्लॉक के

लोगों का पंजीकरण करती विशेषज्ञों की टीम। अमृत विचार

मरीजों का कोविड अस्पताल जिला चिकित्सालय में जाएगा। इसी आत्मविश्वास को वापस लाने में अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना एवं डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सार्थक भूमिका निभा रहें है। पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ हेल्थ सिटी अस्पताल में किया जायेगा। डीईआईसी प्रबंधक उमाशंकर वर्मा ने जनमानस से अपील किया कि आप सभी लोग अपने क्षेत्र के आस पड़ोस में कहीं पर भी कटे होंठ व कटे तालू के बच्चे को देखें तो उनको शिविर में पंजीकरण कराने के लिए भेजें।

युवकों ने अस्पताल स्टाफ से की मारपीट

मनकापुर, अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बाइक से दुर्घटनाग्रस्त होकर इलाज कराने आये युवकों ने अस्पताल स्टाफ से मारपीट किया। चिकित्साधीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर एसएन सिह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर बाद दो युवक हल्की चोटिल अवस्था में अस्पताल में आये। उनके द्वारा उनसे इमरजेंसी में जाकर पट्टी कराने के लिए कहा गया। इमरजेंसी वार्ड में मौजूद स्टाफ द्वारा युवकों की पट्टी करते समय स्टाफ को गाली गुप्ता देने लगे जिसका विरोध स्टाफ द्वारा करने पर युवकों ने फ़ोन करके अपने 3 अन्य साथियों को बुलाकर स्टाफ से मार-पीट करने लगे। शोर शराबा सुनकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य देख रहे वीरेंद्र पाण्डेय भी बीच बचाव के लिए पहुंचे तो उनसे भी मारपीट करते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ करने लगे। जिस पर फ़ोन से सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपद्रव कर रहे तीन युवकों को हिरासत में लिया है। चिकित्सा अधीक्षक एसएन सिंह ने पांच युवकों के विरुद्ध सरकारी कार्य मे बाधा व मारपीट करने की तहरीर दी है।

अग्निकांडों पर बरतें सतर्कता: डीएम

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में अधिकारी ने दिए निर्देश

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबन्धन समिति की बैठक की। जनपद में हो रहे अग्निकांड पर विशेष ध्यान देने तथा सतर्कता बरतने को कहा।

जनपद में जहां-जहां पर अग्निकांड हो रहे हैं वहां पर संबंधित अधिकारी द्वारा तत्काल जांच कराकर समय से उनको राहत दी जाय। साथ ही सभी संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्य योजना बनाकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये हैं। जिसके अनुसार बाढ़ से संबंधित शतप्रतिशत तैयारी पूर्ण कर ली जाय। ताकि बाढ़ के समय पर प्रशासन को किसी

जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

प्रकार की कोई समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस तैयारी के लिए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाय। जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर सीधे देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मौसम का तापमान विगत वर्ष की अपेक्षा सामान्य तापमान से 3-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है तथा पूर्वानुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी। ऐसे मे यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य आने वाले दिनों में संभावित हीट वेब (लू) से बचाव को लेकर अभी से सतर्क हो जायें तथा लू से बचाव के उपायों को जान सकें एवं अपना व समुदाय का बचाव कर सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, अपर जिलाधिकारी चन्द्र शेखर, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

बहन पर अभद्र टिप्पणी को लेकर की थी हत्या

इटियाथोक, अमृत विचार: दलपतपुर गांव के छात्र मनीष हत्याकांड का खुलासा हो गया है। आरोपी ने अपनी बहन पर की जा रही अभद्र टिप्पणी से नाराज होकर मनीष को मौत के घाट उतारा था। दलपतपुर गांव में हुई मनीष की हत्याकांड के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में तीन आरोपी अभी फरार हैं। शनिवार की रात मनीष यादव(15) गांव में तिलक समारोह से देर रात घर आया था। वहां मुकेश यादव ने शौच के बहाने मनीष की बाहर ले जाकर बांके से वार कर हत्या कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने

खुलासा

- दलपतपुर गांव के छात्र मनीष की हत्या का मामला

बताया कि आरोपी अभियुक्त मुकेश यादव को खटिकन पुरवा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर आला कत्ल बांका, रक्त रंजित कपड़े, पानी का एक डिब्बा व एक वीवो फोन बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त मुकेश यादव ने बताया कि मनीष अक्सर उसकी बहन को लेकर अभद्र टिप्पणी किया करता था। इसी को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया।

लापरवाही हर मर्ज का इलाज करने के लिए तैयार हो जाते हैं झोलाछाप, केस बिगड़ने पर करते हैं रेफर

मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप चिकित्सक

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज

अमृत विचार : तहसील इलाके में झोलाछाप चिकित्सकों की भरमार है। ये मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर उनकी जेब काट रहे हैं।

कटरा, दुबहा, करनैलगंज, परसपुर, बालपुर समेत सैकड़ों ऐसे गांव हैं जहां ये फैले गए हैं। सुविधाओं के नाम पर ये क्लीनिक किसी भी सरकारी मापदंड को पूरा नहीं करते। क्लीनिक में सुविधाओं के नाम पर थर्मामीटर, ब्लड प्रेशर मापने के यंत्र के अलावा गिनी-चुनी नामचीन दवाइयां मिलेंगी। कोई होम्योपेथी पद्धति से मरीज को सही करने का दावा करता है तो कोई अन्य तरीके से।

मरीज चाहे उल्टी, दस्त, खांसी, बुखार से पीड़ित हो या फिर अन्य कोई बीमारी से। सभी बीमारियों का इलाज ये झोलाछाप डॉक्टर करने को तैयार हो जाते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधाएं नहीं हैं। इसका फायदा सीधे तौर पर झोलाछाप डॉक्टर उठा रहे हैं। लोगों के अनुसार गांव में सरकारी इलाज की सुविधा नहीं है। बीमार होने पर झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराना पड़ता है। झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से अब तक कई लोगों की असमय जान चली गई है। तहसील मुख्यालय पर स्थित प्राइवेट क्लीनिक पर विगत कुछ माह हुई मरीज की मौत के बाद मामला काफ़ी चर्चा में था अस्पताल सीज भी हुआ बाद में दूसरे नाम से संचालित है। लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने स्थाई तौर पर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं की। बीते कुछ वर्षों से फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों की वृद्धि हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में कोई मात्र फर्स्ट एड के डिग्रीधारी हैं तो कोई अपने आप को बवासीर या दंत चिकित्सक बता रहा है लेकिन इनके निजी क्लीनिकों में लगभग सभी गंभीर बीमारियों का इलाज धड़ल्ले से किया जा रहा है। कुछ डॉक्टरों ने तो अपनी क्लिनिक में ही ब्लड जांच, यूरीन जांच इत्यादि की सुविधा भी कर रखी है।

अब तक तीन लोगों की ले चुके हैं जान

गत 14 मार्च 2023 को सीएचसी तिराहे से चन्द कदम दूरी पर संचालित एक निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही के चलते थाना कटरा बाजार के बनगांव निवासी पवन कुमार पाण्डेय 32 वर्ष पुत्र गोकुल प्रसाद पाण्डेय की मौत हो गई थी। मौत के बाद अस्पताल के डाक्टर व अन्य कर्मचारी अस्पताल छोड़कर फरार हो गए थे। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग नें अस्पताल को सीज कर दिया था। पिछले वर्ष क्षेत्र के सेल्हरी मंडप पर एक झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से फोड़े का ऑपरेशन कराने आए बुजुर्ग की मौत हो गई थी। वहीं कटरा बाजार में स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव कराने आयी महिला की ईलाज में लापरवाही से मौत हो गई थी।

> अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होमों की सूची जिला प्रशासन को भेजी गई है। झोलाछाप चिकित्सकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी में सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।
>
> –डॉ. अनुज कुमार, अधीक्षक सीएचसी, करनैलगंज

बिना लाइसेंस दवाओं का भंडारण भी करते हैं

झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा बिना पंजीयन के एलोपैथी चिकित्सा व्यवसाय ही नहीं किया जा रहा है। बल्कि बिना ड्रग लाइसेंस के दवाओं का भंडारण व विक्रय भी अवैध रूप से किया जा रहा है। दुकानों के भीतर कार्टून में दवाओं का अवैध तरीके से भंडारण रहता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा काफ़ी अरसे से अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय कर रहे लोगों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। इन दिनों मौसमी बीमारियों का कहर है। झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें मरीजों से भरी पड़ी हैं। सर्दी बढ़ने के कारण इन दिनों स्वास से जुडी बीमारियों के साथ सर्दी बुखार जैसी बीमारियां ज्यादा पनप रही हैं।

निर्वाचन ड्यूटी के लिए गया होमगार्ड बिजनौर में लापता

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: लोकसभा के प्रथम चरण चुनाव को संपन्न करने के लिए जिले से बिजनौर गया होमगार्ड जवान लापता हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जिले में कोतवाली नगर में कार्यरत कंपनी नगर प्रथम के होमगार्ड जवान श्याम चौबे प्रथम चरण चुनाव को संपन्न करने के लिए 17 अप्रैल को बिजनौर गए थे। 18 अप्रैल को चुनाव ड्यूटी के लिए वर्धमान कॉलेज बिजनौर पहुंचे। कालेज में पूरी फोर्स थी लेकिन इसके बाद उनका कुछ पता नहीं चल सका। उनका मोबाइल बंद जा रहा है। बिजनौर में श्याम चौबे की ड्यूटी थाना अफजलगढ़ के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय महेंद्रनगर में लगी थी। लापता हुए होमगार्ड जवान को बिजनौर की पुलिस कई जगह खोजी लेकिन पता नहीं चल सका है। गोंडा से 653 होमगार्ड बिजनौर चुनाव ड्यूटी में गए थे। बिजनौर पुलिस का कहना है कि लापता होमगार्ड जवान की तलाश की जा रही है।

एक नजर

मसूद आलम बने सपा के राष्ट्रीय सचिव

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : बहुत दिनों तक बसपा में रहे मसूद आलम खां कुछ साल पहले बीते विधानसभा चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे। इस बार वह श्रावस्ती से सपा के दावेदार थे। लेकिन वहां बसपा के राम शिरोमणि वर्मा को सपा से टिकट दे दिया गया। मुस्लिमों में पैठ होने के कारण कहीं मुस्लिम नाराज न हो जाएं इसको ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मसूद आलम खां को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बना दिया। मसूद बसपा के टिकट पर कटरा बाजार से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं जबकि पीस पार्टी से गोंडा लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। उनके राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर यहां सपा के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, सूरज सिंह सहित अन्य ने मुबारकबाद दी है।

व्यापारी नेता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



खरगूपुर, अमृत विचार : व्यापार मंडल अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद विभागाध्यक्ष सहित अन्य पदों का दायित्व संभाल चुके वेद प्रकाश गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर कस्बा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया। खरगूपुर नगर पंचायत निवासी वेद प्रकाश गुप्ता(58) का मंगलवार को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर पाकर कस्बा सहित आस पास के लोगों में शोक व्याप्त हो गया। गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभागाध्यक्ष के साथ ही पूर्व में भाजपा नगर अध्यक्ष, श्रीराम लीला कमेटी के प्रबंधक, होली समिति के अध्यक्ष सहित अन्य पदों का दायित्व संभाल चुके हैं। निधन पर लोगों ने दुख जताया है।

रील बनाते समय हुई घटना

हादसे में तीन युवकों की मौत से परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़

खाई में गिरी बाइक को देखते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

मोहम्मद बिलाल

मोहम्मद शाहिद

मोहम्मद अहमद

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिले में मंगलवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। रील बनाते समय तीन युवकों की जान गंवानी पड़ी। परिजन बेहद दुखी हैं।

ट्राफिक नियमों को ताक पर रखकर एक ही बाइक पर निकले चार युवकों ने अपनी जान गवां दी लेकिन तीन परिवारों में उसका दर्द हमेशा बना रहेगा। पहली बात तो चार युवक एक ही बाइक पर सवार थे दूसरा किसी ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। ऊपर से तेज रफ्तार से बाइक चलाकर रील बना रहे थे। रील बनाते समय युवक तेज रफ्तार से बाइक चलाकर सीट पर ही ऊपर नीचे बैठते और खड़े हो रहे थे। इसी बीच बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक पर सवार चार में दो की मौके पर ही मौत हो गई। दो को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां एक युवक की मौत हो गई। एक की हालत अभी नाजुक बनी हुई है।

इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र के बेंदुली मोड़ के पास सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई और एक का इलाज चल रहा है। दरअसल एक ही बाईक पर सवार होकर चार युवक खरगूपुर बाजार से अपने घर इटियाथोक बाजार के नौशहरा मोहल्ले में जा रहे थे। इसी बीच बाईक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराये जिसमें से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इतियाथोक कोतवाली क्षेत्र के नौशहरा मोहल्ले के निवासी मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद रिजवान और मोहम्मद शाहिद एक ही बाइक पर सवार खरगूपुर की ओर से अपने घर की ओर जा रहे थे। वह बेंदुली गांव के पास पहुंचे ही थे कि अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक एक पेड़ से जा टकराई जिससे चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां अधीक्षक डॉ अजय यादव ने मोहम्मद बिलाल व मोहम्मद अहमद को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मोहम्मद शाहिद ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मोहमद रिजवान का इलाज मेडिकल कालेज गोंडा में कराया जा रहा है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल तीन युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम है और तेज रफ्तार के चलते तीन युवकों ने जान गंवा दी।

दुर्जनपुर पचूमी के निकट करंट से गेहूं लदी ट्रॉली जली

गोंडा कार्यालय : दुर्जनपुर पचूमी बंदरबगिया के पास गेहूं लादकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। प्रधान इलियास अहमद ने बताया कि बस्ती के महेवा निवासी लालबाबू यादव लिदेहना स्थित खेत से ट्रॉली पर गेहूं ले जा रहे थे। ट्रॉली पर ज्यादा ऊंचाई तक लदान होने के कारण दुर्जनपूर पचूमी बंदर बगिया के पास सड़क के ऊपर से गुजरते हाईटेंशन तार उलझ गये जिससे चिंगारी से ट्रॉली में आग लग गयी। घटना से घबराए ट्रैक्टर मालिक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग गए। अवर अभियंता मुकेश अस्थाना का मोबाइल बंद रहा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना की कोई जनकारी नहीं है।

नाबालिग के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज

परसपुर, अमृत विचार: परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक चौदह वर्षीय बालिका के अपहरण मामले में पुलिस द्वारा नामजद मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गयी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसके नाबालिग बहन को एक आदमी ने अपहृत कर ले गया है। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि सूचना पर मलखान उर्फ विवेक गौतम निवासी कड़रू के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर तलाश शुरू की गयी है।

साथ बढ़ेंगे, कमल खिलेंगे: बृजभूषण

गोंडा कार्यालय

आजादनगर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

अमृत विचार: संसदीय लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के विकास खण्ड परसपुर सदगुरु मैरिज हॉल में श्री हनुमान जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबन्धन की बैठक में चुनावी मंथन, रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि भाजपा को पूरी ताकत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार जिताने को तत्पर है। इस अवसर पर गोंडा जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, विधायक कर्नलगंज अजय कुमार सिंह, चेयरमैन परसपुर वासुदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विधानसभा प्रभारी अर्जुन प्रसाद तिवारी, जिला महामंत्री संदीप कुमार सिंह, आरएसएस न्याय पंचायत ओम प्रकाश पांडेय, पप्पू सिंह, भूपेंद्र सिंह डेहरास, परमेश्वरसिंह, अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष परसपुर एसपी सिंह, मंडल अध्यक्ष सरयू कुंवर बहादुर सिंह उपस्थित रहे। इसके पहले बेलसर में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह आजाद नगर बाजार में चुनाव प्रबंधन बैठक किया। बैठक में सांसद कैसरगंज बृज भूषण शरण सिंह ने ब्लाक स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

सम्मान

परसपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत स्थित महर्षि दयानंद वैदिक इंटर कालेज परसपुर में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाई स्कूल के श्रेष्ठ सिंह, प्रिंस पाठक, सिमरन सिंह, तथा इंटरमीडिएट में एलिना खान, कशिश सिंह और गौरव तिवारी टॉपर रहे। इसके अलावा 85 प्रतिशत के ऊपर वाले लगभग 110 बच्चों को मिष्ठान खिलाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार तिवारी, दर्शन कुमार, निधि सिंह, विकास सिंह, राम बहादुर दुबे, अजय सिंह, सोमिल, निधि चतुर्वेदी, उपमा तिवारी, शशि सिंह, मीना सिंह, सी पी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं ने की वॉल राइटिंग

बेलसर, अमृत विचार: महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में मतदाता जागरूकता अभियान सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहयोगिता स्वीप योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के स्लोगन मेरा गोंडा मेरी शान - 20 मई को करें मतदान, सारे काम छोड़ दें - सबसे पहले वोट दें के प्रेरक नारे के साथ वॉल राइटिंग किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें लोगों से कहें कि वे आगामी 20 मई को अपने घरों से निकल कर वोट करें। प्रत्येक मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। वॉल राइटिंग में बेलसर ब्लॉक के नोडल शिक्षक चंद्रशेखर एवं कला शिक्षक उमेश चंद्र गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मजहरूल हक अंसारी, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, महेश प्रताप मिश्रा, विशाल वर्मा के साथ छात्र नैंसी मौर्य, पलक, मोहिनी मौर्य, श्रद्धा तिवारी, अंशु जायसवाल, महिमा, प्रियांशी, पटवा, ज्योति भारती, अंशुमान सिंह आदि उपस्थित रहे।

वॉल राइटिंग कर मतदाताओं को जागरूक करते बच्चे। अमृत विचार

कार्रवाई: सोशल मीडिया पेज पर अपलोड की भड़काऊ पोस्ट, मुकदमा दर्ज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: जनपद में आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन में एक और बड़ी कार्रवाई की गई है। दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इनके द्वारा सोशल मीडिया पेज पर भड़काऊ पोस्ट अपलोड किए जाने के चलते यह कार्रवाई की गई है। भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 505 (2) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 1951 1989 की धारा 125 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है। यह कमेटी निरंतर सोशल मीडिया से लेकर संवाद के अन्य साधनों पर नजर रखे हुए हैं। बीते दिनों एक सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया गया। इसमें फरहान आकिब खान नामक व्यक्ति आदर्श आचार संहिता प्रभावित होने के बावजूद अति जलनशील मुद्दे पर आम जनमानस पर शासन और प्रशासन के खिलाफ उकसाने की कार्रवाई कर रहा है। वीडियो में गोंडा संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की घोषित प्रत्याशी से सवाल करता है कि अपनी पार्टी की नगरपालिका अध्यक्ष को लेकर सरकार या शासन सवाल किया गया। एक अन्य पोस्ट में सलीम शेख का चित्र लगा है।

पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

गोंडा कार्यालय

बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा शर्मा व एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

अमृत विचार: लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने विधानसभा मनकापुर के अंतर्गत आने वाले कई बूथों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरी सहित कई अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों में मूलभूत सुविधाओं बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प, साफ-सफाई, छाया व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को कड़े निर्देश दिए हैं कि मतदान से पहले सभी पोलिंग बूथों में साफ सफाई तथा मतदाताओं के आने-जाने के लिए सुगम रास्ता एवं लाइट, पानी सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं तैयार करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में विशाल कुमार, ट्रेनी पुलिस क्षेत्राधिकारी नित्या गोस्वामी, थानाध्यक्ष वजीरगंज, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान तथा बीएलओ सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बकियनपुरवा में लगी आग। अमृत विचार

अज्ञात कारणों से लगी आग से पांच घर जले

करनैलगंज, अमृत विचार : मंगलवार को दोपहर बाद तेज हवाओं के बीच ग्राम नारायनपुर माझा के मजरा बकियन पुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग में पांच घर जल गए। अग्निशमन की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक स्वामी प्रसाद, ब्रह्मा प्रसाद तिवारी, वेद प्रकाश, उदय प्रकाश एवं सुरेश कुमार का छप्पर युक्त घर जलकर राख हो चुका था। ग्रामीणों ने छप्परों के आसपास बंधे मवेशियों को बचाने और आग बुझाने का प्रयास किया। मगर आग की लपटें बढ़ती देख दमकल को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद गांव के लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

औरैया में प्रेमी को कमरे में बंद कर पीटा

संवाददाता, औरैया, अमृत विचार : दिबियापुर थाना के एक गांव में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के ससुरालियों ने जमकर पीटा। युवक की मूछें और भौंह भी साफ कर दीं। रात भर घर में बंद रखकर मंगलवार की सुबह युवक और महिला को पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाने में महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की बात कह रही थी। दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा महिला जो की गर्भवती भी है। उससे मिलने मिलने गए युवक को महिला के ससुरालीजनों ने पकड़ लिया। महिला और उसके अविवाहित प्रेमी को कमरे में बंद कर जमकर पीटा। प्रेमी की आधी मूछें, एक तरफ की भौहें साफ कर दी। मंगलवार की सुबह पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताते हैं को सोमवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग दो माह की गर्भवती महिला का पति बाहर काम करने गया था।

नपाप अध्यक्ष को मिली जमानत

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: जेल में निरुद्ध नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोंडा को जमानत मिल गई। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उज्मा राशिद पर अभिलेख में कूट रचना कर रिकाबगंज मोहल्ले में स्थित शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। सदर तहसील के सहायक रजिस्टर कानूनगो गिरीश चंद्र सोनकर ने बीते 16 मार्च को नगर कोतवाली में नपाप अध्यक्ष के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष काफी समय फरार थीं। पुलिस खोज नहीं पा रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। लेकिन राहत नहीं मिली। पुलिस ने 5 अप्रैल को नगरपालिका अध्यक्ष को उनके घर से गिरफ्तार किया था। जहां से मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के यहां पेश किया गया और फिर उन्हें जेल भेज दिया गया था। नपाप अध्यक्ष ने 8 अप्रैल को जेल प्रशासन के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के यहां जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिससे सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया गया था। पालिका परिषद अध्यक्ष ने 15 अप्रैल को जमानत के लिए अधिवक्ता के माध्यम से सत्र न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर बीते शनिवार को सुनवाई होनी थी। पालिका अध्यक्ष की अधिवक्ता ने अदालत से समय मांगा था और सुनवाई टल गई थी। सुनवाई की तिथि 23 अप्रैल को नियत की गई थी। मामले की सुनवाई जिला जज ने स्थानांतरित करते हुए अपर जिला जज को कर दी थी। अपर जिला जज पूजा सिंह ने नपाप अध्यक्ष की अधिवक्ता की दलीलें सुनते हुए जमानत दे दी है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उज्मा राशिद के अधिवक्ता उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि नपाप अध्यक्ष को न्यायालय से जमानत मिल गई है। उधर अध्यक्ष के जेल जाने के बाद शासन के निर्देश पर डीएम ने अध्यक्ष के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दी और सिटी मजिस्ट्रेट को प्रशासक नियुक्त कर दिया है।

बिसरा रिपोर्ट में मुख्तार को जहर की पुष्टि नहीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: मुख्तार अंसारी की बिसरा जांच रिपोर्ट में उसे जेल में जहर देने की पुष्टि नहीं हुई है। इससे मामला ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट न्यायिक जांच टीम को भेज दी गई है।

बता दें कि 28 मार्च की देर रात जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने उन्हें जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। इस पर प्रशासनिक और न्यायिक जांच टीमें गठित की गईं थीं।

हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन फिर भी बिसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा गया था। बिसरा रिपोर्ट के बाद यह बात साफ हो गई है कि मुख्तार अंसारी की मौत हार्ट अटैक से ही हुई थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट लखनऊ से आ गई है और उसे न्यायिक जांच टीम को सौंप दिया गया है। हालांकि जांच टीम का कोई अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जांच टीम ने जेल कर्मियों व अधिकारियों से भी पूछताछ की थी।

आस्था श्री रामोत्सव व श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से हुआ आयोजन

हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: श्री रामोत्सव व श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से नगर में शोभायात्रा निकाली गई जो नई हनुमानगढ़ी से आरंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुरानी हनुमानगढ़ी मालवीय नगर पर समाप्त हुई।

मंगलवार सायंकाल 4:30 बजे विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता कोतवाली नगर के सामने स्थित नई हनुमानगढ़ी पर एकत्र हुए और यहीं से हाथों में भगवा ध्वज लिए भक्तिमय संगीत के समन्वय के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम "भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज की जय", "श्री हनुमान जी महाराज की जय", "जय श्री राम" इत्यादि उद्घोष करते हुए श्री गुरु नानक चौक, गुड्डू मल चौराहा, उतरौला रोड, महाराजगंज चौराहा, भरत मिलाप तिराहा, पीपल तिराहा, पुरानी सब्जी मंडी होते हुए पुरानी हनुमानगढ़ी पर यात्रा का समापन किया। शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रहे विहिप के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू ने कहा कि कलयुग के जीवंत देवता श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर भक्तिमय वातावरण में संगठन के निर्देश पर शोभायात्रा निकाली गई है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी महाराज के भव्य मंदिर में विराजमान होने के पश्चात इस बार पूरे देश में उल्लास का वातावरण है और प्रभु श्री रामचंद्र जी महाराज का काम श्री हनुमान जी के बिना का अधूरा है। इस मौके पर भरत गिरी, दिवाकर सोमानी, आशीष मोदनवाल, बबलू वर्मा, संदीप यादव, गोविंद मिश्रा, चंदन गुप्ता, रत्नेश मिश्र, सोनू सोनकर, संदीप यादव, राजू गोस्वामी, संगम लाल मोदनवाल, तिलकधर दुबे, विजय वर्मा, बिरजू, सुनील निदास, अवध नंदन वर्मा, कल्लू मौर्य, अभय श्रीवास्तव, विपिन वर्मा रहे।

हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकालते विहिप व बजरंगदल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

बालाजी को लगा भोग। अमृत विचार

हनुमान मंदिरों पर लगा भक्तों का तांता, भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

करनैलगंज, अमृत विचार : श्री बालाजी के जन्मोत्सव पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों पर कार्यक्रमों की धूम रही। मंगलवार को श्री बालाजी के जन्मोत्सव पर ग्राम सोनवार धाम में स्थित बालाजी मंदिर पर सुंदर कांड पाठ, छप्पन भोग, सवामनी लड्डू का प्रसाद व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महंत बृजमोहन पाण्डेय, पुजारी मानिचंद बाबा, बब्लू पाण्डेय, शुभम पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, रघुनाथ पाण्डेय, छोटे शुक्ल, संतोष वर्मा, अमन पाण्डेय, श्रवण शुक्ल, संदीप पाण्डेय पवन यादव, दिनेश मिश्र आदि रहे। दूसरी तरफ नगर के साहू गेस्ट हाउस व बालकृष्ण ग्राउंड में मेहंदीपुर बालाजी का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें विधि विधान से हवन पूजन, सुन्दर कांड पाठ व छप्पन भोग के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद निर्धन वर कन्या का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर सहित ग्रामीण इलाके के लोगों ने वर कन्या को उपहार व आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम आयोजक अशोक गुप्ता व अंकित जायसवाल आदि रहे। क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा बटौरा धाम पर सुबह से ही भक्तों की लाइन लग गई। यहां करनैलगंज विधायक अजय सिंह समेत तमाम भक्तों नें दर्शन पूजन किया। इसी प्रकार कैलाशबाग में स्थित हनुमान मंदिर, ठठराही मोहल्ले में बालाजी मंदिर सहित ग्रामीण व नगर क्षेत्र में स्थित तमाम मंदिरों में विविध कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा गोंडा नगर में भी जगह भंडारे का आयोजन किया गया।

पारिवारिक विवाद में महिला ने विषाक्त खाकर दी जान

बहराइच, अमृत विचार : जनपद में बिजौवा गांव निवासी एक महिला ने पारिवारिक विवाद में विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिजौवा शालू देवी (35) पुत्री बाबूलाल का सोमवार शाम को घर में पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद शालू अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिवार के लोग सीएचसी ले गए। जहां पर जांच के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिवार के मामले में कुछ कहासुनी की बात सामने आ रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

दुर्घटना में ग्राम बनकटा निवासी वृद्ध घायल

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा निवासी 75 वर्षीय पूर्व शिक्षक राम उग्गर ई- रिक्शा से मंगलवार को भिनगा गए थे। वापस लौटते समय इकौना विशेषरगंज मार्ग पर अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में ठोकर मार दी। जिससे ई रिक्शा पलट गया और वृद्ध गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया ।जहाँ पर उसका इलाज किया जा रहा है।

आग मे एक परिवार की घर गृहस्थी राख

जरवा/बलरामपुर, अमत विचार। कोतवाली जरवा अंतर्गत ग्राम पिपरी लौकी खुर्द मंगलवार शाम चार बजे अज्ञात कारण से लगी आग में एक घर की गृहस्थी व साइकिल जलकर खाक हो गई। ग्राम प्रधान हैसियत अली ने बताया कि छेदी पुत्र घिराऊ दैनिक श्रमिक है। जो अपने घर में अकेले रहता है। अग्निकांड के समय वह गांव में ही मजदूरी करने गया था। गांव वालों ने शोर मचाया तथा अंकू मिश्रा और बिंदूलाल ने कोतवाली जरवा और दमकल की टीम को सूचना दिया। सूचना पर कोतवाली के उपनिरीक्षक चंद्रभान पासवान तथा दमकल टीम के छोटेलाल, जावेद व अन्य के द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल विजय सोनी ने बताया कि पीड़ित छेदी के घर की गृहस्थी, साइकिल समेत अनाज जलकर खाक हो गया है। क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है।

हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों का चालान

सीतापुर, अमृत विचार। मंगलवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया गया एवं सीट बेल्ट, हेलमेट एवं रॉग साइड ड्राइविंग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। जॉच के दौरान यात्री कर अधिकारी शैहपर किदवई ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर सीट बेल्ट, हेलमेट तथा रॉग साइड ड्राइविंग चेकिंग कर 41 चालान किये। नशा, नींद, तेज रफ्तार सड़क हादसों की प्रमुख वजह हैं। यातायात के नियमों का नियमित प्रयोग कर सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है। सीट बेल्ट, हेलमेट का नियमित प्रयोग न करने से हादसों में घायल व्यक्ति मृत हो रहे हैं, जोकि अत्यन्त चिन्ता का विषय है। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान चालकों को यातायात चिन्हयुक्त पम्फलेट भी वितरित किये गये।

अनफिट स्कूली वाहनों से जोखिम में हैं बच्चे

उतरौला, अमृत विचार। क्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों की बसों से नौनिहालों की जान जोखिम में है। इन दिनों उतरौला क्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई का नया सत्र चालू हो गया है ।स्कूल छात्र-छात्राओं को अपने स्कूल में बेहतर शिक्षा के नाम पर मनमानी फीस तो वसूल ही रहे है। उसके साथ-साथ जो इन स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहन है। उनका भी बहुत बुरा हाल है ना तो इन गाड़ियों का फिटनेस है। और ना ही इनके शीशे दुरुस्त है। इन गाड़ियों में बच्चे सुरक्षित बिल्कुल नहीं है। स्कूलों को फीस भरपूर चाहिए लेकिन इन गाड़ियों की मरम्मत करवाना यह मुनासिब नहीं समझते है। इन स्कूलों पर एआरटीओ बलरामपुर की भी नजर नहीं पड़ती है। किसी दिन बहुत बड़ी दुर्घटना का कारण यह रिजेक्ट वाहन बन सकते है।



उतरौला मे संचालित टूटी खिड़की का अनफिट स्कूली वाहन। अमृत विचार

धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता, उतरौला/बलरामपुर

अमृत विचार। नगर के श्री जनेश्वर वीर हनुमान गढ़ी मंदिर में श्री हनुमान जी की जयंती के पावन अवसर पर रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया ।

मंगलवार को दोपहर के बाहर बजते ही मंदिरों में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ श्रद्धालुओ ने ढोल नगाड़े व आतिशबाजी कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर को फूलों व रोशनी के सजावट से सजाया गया था। सर्वप्रथम श्री हनुमान जी का अभिषेक करके भव्य श्रृंगार किया गया। महाआरती करके भगवान श्री हनुमान जी का पूजन अर्चन किया गया ।पूजन के उपरांत भगवान श्री रामभक्त हनुमान जी को छप्पन भोग लगाया गया।उपस्थित श्रद्धालुओं हनुमान जी का दर्शन, पूजन करके आशीर्वाद लिया व प्रसाद ग्रहण किया।

जन्मोत्सव के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, विधायक पुत्र शशांक वर्मा,उतरौला विकास समिति अध्यक्ष विनय कुमार, जगदीश प्रसाद,शिवकुमार कसौधन,लक्ष्मी रतन गुप्ता, देवानंद गुप्ता,फणींद्र गुप्ता,सीबी माथुर,अंकुर गुप्ता,विकास कसौधन सहित भारी संख्या में महिलाएं व बच्चे श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। उतरौला नगर में हनुमान जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया।

भगवतीगंज में हनुमान जयंती पर रक्तदान व भंडारा

भगवतीगंज में हनुमंत जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद देते पालिका चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू।

बलरामपुर, अमृत विचार। भगवतीगंज श्री बाला जी परिवार द्वारा श्री हनुमंत लला के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित भव्य भंडारे एवम रक्तदान शिविर के आयोजन में महंथ गेल्हापुर बृजानन्द,चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय शर्मा सम्मिलित हो कर आरती पूजन कर प्रसाद वितरित किया। उक्त अवसर पर तारा चंद्र अग्रवाल, संजय शर्मा, अनूप गुप्ता, सभासद विक्की चौरसिया मनोज यादव सहित अन्य व्यापारी बंधु एवम भक्त जन उपस्थित रहे।

मतदाताओं को शादी कार्ड की तर्ज पर भेजा जाएगा स्नेह आमंत्रण पत्र

बैठक में डीएम ने चुनावी तैयारियों पर मातहतों को दिए जरूरी निर्देश

बलरामपुर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 मे मतदाताओं को शादी के कार्ड की तरह स्नेह आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। चुनाव को सकुशल, स्वतंत्र रूप से संपन्न कराए जाने के लिए जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, रैंप की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था शतप्रतिशत सुनिश्चित हो इसके लिए डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व में भी कई बैठक कर मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश से दिए गए हैं, जिसके क्रम में समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटरों द्वारा एक-एक मतदान केंद्रों का भौतिक रूप से निरीक्षण कर लिया गया है एवं जो भी कमियां पाई गई हैं उसको दूर करा दिए गए हैं। बैठक में डीएम ने कहा कि पुनः एक बार फिर से सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से कर लें एवं कोई कमियां है तो उसे दूर कर ले। उन्होंने कहा कि मतदान केदो पर पहुंचने के लिए आवागमन हेतु मार्ग का निरीक्षण कर ले तथा बड़े वाहनो का मतदान केंद्रों पर आवागमन की स्थिति का भी निरीक्षण कर ले तथा कोई कमियां है तो उसे दूर करा ले एवं वैकल्पिक मार्ग का भी व्यवस्था रखें।

मतदान से दो दिन पूर्व मतदान केंद्रों पर साफ सफाई की विशेष मुहिम चलाकर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए। शौचायलयों की भी समुचित साफ सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। पोलिंग पार्टियों का मतदान केंद्र पर रात्रि में रुकने के लिए भोजन ,बिस्तर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए।

डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा मतदान के दिन भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा का प्रबंध किया जाएगा, मतदान केंद्रों पर टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था, बुजुर्ग एवं महिलाओं के लिए कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इसके साथ ही साथ पर्याप्त संख्या में सुराहियों एवं घड़े में ठंडे पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि मतदान से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियों के रवानगी, मतदान केंद्र पर पहुंचने, मतदान प्रारंभ कराए जाने तथा स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवीपैट जमा कराए जाने तक के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की माइक्रो प्लानिंग कर ले।

जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनूठी पहल की गई है। जिला प्रशासन द्वारा मतदान में मतदाताओं को भागीदारी करने के लिए विवाह आमंत्रण पत्र की तरह मतदाताओं को चुनाव के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने को सपरिवार स्नेह भरा रंगीन आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा ।

बैठक में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए निर्वाचन आयोग की अपेक्षा से एक कदम आगे बढ़ते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल रूप से चुनाव संपन्न कराए।

बलरामपुर कलेक्ट्रेट सभागार में चुनावी बैठक को संबोधित करते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

लू से बचाव को लेकर रोडवेज बसों में चस्पा किये गए संबंधित पोस्टर

दिशा-निर्देश

- जिले के सभी 963 मतदान केन्द्रों पर लगेंगे हीटवेव से बचाव के पोस्टर, डीएम ने डीपीआरओ को सौंपी जिम्मेदारी

बलरामपुर, अमृत विचार। भीषण गर्मी एवं लू से जनसामान्य को बचाने को लेकर डीएम अरविन्द सिंह ने अभिनव प्रयास करते हुए जनपद में रोडवेज एवं प्राइवेट बसों में हीटवेव से बचाव सम्बन्धी चार प्रकार के जागरूकता पोस्टरों को बसों पर चस्पा कराया है।

जिलाधिकारी के निर्देशन में एआरएम रोडवेज वीके वर्मा एवं जिला आपदा विशेशज्ञ अरूण सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये हीटवेव से बचाव के पोस्टर रोडवेज बसों में चस्पा कराये हैं।वहीं लोकसभा निर्वाचन के दौरान लोगों को लू से बचाने के लिए भी जिलाधिकारी द्वारा वृहद स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सभी 963 मतदान केन्द्रों पर भी गर्मी/ हीटवेव(लू) से बचने के उपायों सम्बन्धी पोस्टरों को चस्पा किया जाएगा। डीएम ने जिला पंचायतराज अधिकारी को आदेश जारी कर दिये हैं। डीएम के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा डीपीआरओ को हीटवेव से बचाव सम्बन्धी पोस्टर उपल्बध करा दिये गये हैं। जनपद में लोकसभा निर्वाचन का मदतान 25 मई को निर्धारित है, और इस दौरान हीटवेव चलने की पूरी संभावना है। ऐसे में मतदान केन्द्र तक आने वाले मतदाताओं, मतदान कार्मिकों एंव सुरक्षा बलों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता रहें, इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर मिट्टी के मटके भी रखवाये जाएगें। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से हीट वेब (लू) से बचाव को लेकर सतर्क रहने एवं लू से बचाव के उपायों को अपनाकर अपना व समुदाय का बचाव करने की अपील की है तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, पूर्ति विभाग, नगर निकायों, पशुपालन, पुलिस, कृषि, अग्नि शमन, सिंचाई सहित अन्य विभागों को कार्ययोजना के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

बलरामपुर में परिवहन निगम की बसों के अंदर चस्पा किए जा रहे हीट वेव से बचाव के पोस्टर। अमृत विचार

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान केंद्रों का पुनः स्थलीय निरीक्षण करें : डीएम

श्रावस्ती, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पुलिस अधिकारियों के साथ मतदान केन्द्रों का पुनः स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित एआरओ को अवगत कराएं।

डीएम ने कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी रूप में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया जाए तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को गम्भीरता से लिया लें। बिना अनुमति के होर्डिंग, बैनर आदि नही लगाये जायेंगे। उन्होने बैरिकेडिंग की व्यवस्था के बारे में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को संदिग्ध और अराजक तत्वों को चिन्हित करने और उनकी सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने नेटवर्क शैडो बूथों को भी चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को निर्भीक एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना हमारा दायित्व है। यह जनपद नेपाल सीमा से लगा हुआ है। जहां से अवैध परिवहन, नगदी, शराब या अन्य नशे की सामग्री एवं अन्य सामग्री आने की संभावना रहती है। इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर आने-जाने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को देखते हुए जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्य फोर्स आने वाली है, ताकि निर्वाचन के सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा पीयूष जायसवाल, इकौना संजय कुमार, जमुनहा एसके राय सहित सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने मरवाया छापा बरामद हुई जंगली लकड़ी

बलरामपुर। जिलाधिकारी के आदेश पर सरकारी जंगली लकड़ी की चोरी करने वाले कलाम साईं पुत्र बुद्धु, तेंदुआनगर-साईपुरवा, थाना हरैया सतघरवा, बलरामपुर सदर के विरूद्ध वन प्रभाग सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग बलरामपुर में वनरंक्षक द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। बताते चलें कि जिलाधिकारी को गोपनीय सूचना मिली कि कलाम साईं पुत्र बुद्धु, तेंदुआनगर-साईपुरवा, थाना हरैया सतघरवा, सरकरी जंगली लकड़ी की कटान व चोरी कर तस्करी का काम करता है तथा वर्तमान में उसके घर पर चोरी की लकड़ी रखी हुई है। गोपनीय सूचना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कलाम के घर तेंदुआ नगर साईपुरवा गांव में मजिस्ट्रेट भेजकर छापा मरवाया तो उसके घर पर चोरी की गई सरकारी जंगली लकड़ी बरामद हुई। मौके पर मजिस्ट्रेट द्वारा लकड़ी के बारे में कागजात मांगने पर कलाम कोई साक्ष्य नहीं दे सका। छोपमारी में मौके पर चोरी की गई शीशम की लकड़ी बरामद हुई जिसे प्रशासन द्वारा जब्त कर लिया गया। लकड़ी तस्कर कलाम साईं पुत्र बुद्धु, तेंदुआनगर-साईपुरवा, थाना हरैया के विरूद्ध सुसंगत धाराओं मे बरहवा रेंन्ज में वन रक्षक द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है।

उड़नदस्ता टीम एवं निगरानी टीमों को मिला प्रशिक्षण

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उड़नदस्ता टीम, स्टैटिक निगरानी एवं वीडियो निगरानी टीम में लगे अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी टीमें 29 अप्रैल को जिले में अधिसूचना लागू होने के समय से सक्रीय होकर अपना कार्य प्रारम्भ कर देंगी।

लोकसभा के उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभित कर मतदान प्रभावित करने के उद्देश्य से नकद धनराशि के वितरण, शराब का वितरण, कोई संदेहास्पद वस्तु व शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही की रोकथाम करने एवं निर्वाचन की सुचिता व निष्पक्षता बनाये रखने हेतु उड़नदस्ता, स्टैटिक निगरानी एवं वीडियो निगरानी टीमों का गठन किया गया है। इसलिए सभी टीमों में लगे अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वहन करें।

उन्होने निर्देश दिया कि गठित उड़नदस्ता टीमें वाहनों एवं व्यक्तियों की चैकिंग करेंगे। चैकिंग के समय सम्पूर्ण कार्यवाही की प्रारम्भ से अन्त तक वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी और जब्ती की स्थिति में रसीद की एक प्रति सम्बन्धित व्यक्ति को एवं एक प्रति जिला स्तरीय समिति को अनिवार्य रुप से उपलब्ध करायेंगी। जिला स्तरीय कमेटी प्रकरण पर विचार के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही करेंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा,उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा पीयूष जायसवाल, इकौना ओम प्रकाश जमुनहा एस0के0 राय, वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार यादव, सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव सहित दलों के प्रभारी अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मीगण एवं कोषागार के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

टीमों को प्रशिक्षण देते अधिकारी। अमृत विचार

चुनावी मौसम बाहरी प्रत्याशियों को लेकर हो रही है चर्चा

नामांकन के बाद परवान चढ़ सकता है चुनावी रंग

बलरामपुर, अमृत विचार। देश में चुनावी पर्व की धूम है।हर तरफ चुनाव की चर्चा है लेकिन श्रावस्ती लोकसभा सीट पर चुनाव का रंग नही चढ़ पा रहा है। शायद नामांकन के बाद से चुनावी रंग परवान पर चढ़ सके ऐसी उम्मीद जताई जा रही है।कारण है श्रावस्ती क्षेत्र में बाहरी प्रत्यशियों का आ धमकना। स्थानीय प्रत्याशी को अब तक किसी पार्टी ने उतना तवज्जों नही दिया जितना बाहरियों को दिया है।

भाजपा ने श्रावस्ती लोकसभा से साकेत मिश्र को अपना उम्मीदवार घोषित किया है तो सपा-कांग्रेस का गठबंधन होने के कारण यह सीट सपा के खाते में गयी तो मौजूदा बसपा सांसद(बसपा से निष्काषित) को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया। वहीं बहुजन समाज पार्टी और अन्य पार्टियों ने अपने पत्ते नही खोले है। बाहरी प्रत्याशी होने के कारण यहाँ की जनता में उत्साह व कौतूहल दिखाई नही दे रहा। आम मतदाताओं में चर्चा यहां तक है कि सपा प्रत्याशी ने भले ही श्रावस्ती लोकसभा में अपना आशियाना बना लिया हो लेकिन उनकी निष्ठा गृह जनपद में है। सपा और बीजेपी प्रत्याशियों के खुद के वोट इस लोकसभा क्षेत्र में नही है।वो क्या यहां विकास करेंगे।मौजूदा सांसद और सपा प्रत्याशी के बारे में कहा जाता है कि बीते पांच साल यहां से नदारद रहे।क्षेत्र में अगर आये भी होंगे तो सिर्फ अपनी बिरादरी में।इनका यहां की विकास से कोई लेना देना नही है।बाजारो में चर्चाएं तो यहां तक है कि इस मौसम में चुनावी रंग फीका है।बाहरी प्रत्याशी की जगह कोई स्थानीय नेता होता तो यहां की जनता की सुध लेता।अब पार्टियो ने प्रत्याशी उतार ही दिए तो देखना है कि कौन यहां के विकास के किये काम करता है और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरता है।

बलरामपुर में बाहरी प्रत्याशी के मुद्दे पर चर्चा करते लोग। अमृत विचार

लोकतंत्र में कार्य महान, सबसे पहले करें मतदान

तुलसीपुर, अमृत विचार। किसी भी लोकतांत्रिक देश की मजबूती के लिए अत्यधिक मतदान होना जरूरी है। सर्वाधिक मतदान से चुनी गई सरकार लोकप्रिय एवं स्थाई होती है। हर मतदाता को चुनाव के पुनीत पर्व में मतदान जरूर करना चाहिए।

यह बातें मंगलवार को तुलसीपुर नगर स्थित बसंत लाल इंटर कॉलेज से स्कूली बच्चों की मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने कही । रैली को संबोधित करते हुए बसंत लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार पांडे तथा राज्य की इंटर का गैंसड़ी के प्रधानाचार्य ने कहा कि किसी भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मतदाताओं के जागरूकता से और अधिक मजबूत होती है ।

मतदाता जागरूकता रैली हरैया चौराहा ,तहसील, बैरागी पुरवा, नई बाजार, हनुमानगढ़ी, जरवा चौराहा होते हुए पुणे बसंत लाल इंटर कॉलेज में आकर समाप्त हुई । रैली में नगर के कई विद्यालयों के बच्चे शामिल थे ।बच्चों को यह संकल्प दिलाया गया कि वह अपने परिजनों को आगामी 25 मई के दिन मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करेंगे। बच्चे अपने अभिभावकों को यह बताएंगे कि लोकतंत्र में मतदान का कितना महत्व होता है। इस अवसर पर स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बीके शुक्ला समेत तमाम शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते शिक्षक व छात्र।

एक नजर

एसपी आवास के निकट से बाइक चोरी

बहराइच। कोतवाली देहात के पुलिस लाइन/एसपी आवास के निकट निवासी नीरज सिंह पुत्र देव नारायन सिंह अधिवक्ता हैं। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि यूपी 40 एएल 9422 पुलिस अधीक्षक आवास के निकट खड़ी थी। जिसे सोमवार को अज्ञात लोग चोरी कर ले गए।

महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

बहराइच। नानपारा कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक दीपक सिंह, महिला सिपाही शालिनी सिंह ने महिला उत्पीड़न, दहेज प्रतिषेध अधिनियम में कोर्ट से गैर हाजिर चल रही गुलहरिया कालीकुंडा मंदिर निकट निवासी शमसुल निशां को गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेजा गया है ।

छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट मामले में एक गिरफ्तार

बहराइच। फखरपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, मुख्य सिपाही अजनी त्रिपाठी ने छेड़छाड़, धमकी, गाली-गलौज व पावसो एक्ट मामले में नामजद फरार आरोपी मैथौरा गांव निवासी राज सिंह उर्फ चुनऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

कोर्ट से गैर हाजिर चल रहा आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। रामगांव थाने में तैनात प्रशिक्षु उपनिरीक्षक पुनीत सिंह ने मिल चौराहा टेपरहा पर दबिस दी। 12 वर्ष पुराने शस्त्र अधिनियम के मामले में कोर्ट से गैर हाजिर चल रहे देवरिया जिले के मइल थाने के टेपरहा बाबा आश्रम निवासी सफीउल्ला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेजा गया है ।

धरती को बचाने के लिए लगाएं अधिक से अधिक पौध

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार। पृथ्वी दिवस के मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में पर्यावरण जल संरक्षण चौपाल का आयोजन कर धरती को हराभरा बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े तमाम सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में एकत्रित होकर जन चौपाल का आयोजन किया। आयोजित चौपाल में महामना मालवीय , नमामि गंगे प्रकल्प , गायत्री परिवार , पुरातन छात्र परिषद , किसान परिषद आदि सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रख्यात पर्यावरण विद समाज चिंतक साधक राजकुमार ने कहा कि हमारी धरती शस्य श्यामला बनी रहे। नदियां अविरल गति से बहती रहे।

कब्जेदारों पर चलेगा बाबा का बुलडोजर

संवाददाता, जरवल, बहराइच

अमृत विचार : नगर पंचायत जरवल की जलमग्न की गाटा संख्या 1628 व 589 पर अवैध रूप से सैकडों पक्के मकान व दुकान का निर्माण स्थाई रूप से हो गया है। इसकी सूची नगर पंचायत की ओर से तैयार की गई है। इतना ही नहीं करई झील पर कब्जे को लेकर उच्च न्यायालय में वाद भी दायर हुआ है। दोनो गाटा संख्या पर जरवल के एक व्यक्ति ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अवैध निर्माण को ढहाए जाने की मांग की है।

नगर पंचायत जरवल की गाटा संख्या 1628 व 589 जो जलमग्न की भूमि (करई झील) है। दोनों गाटा संख्या पर जरवल के सैकड़ो लोगों ने दुकान व मकान का पक्का निर्माण स्थाई रूप से कर रखा है जो अवैध तरीके से है। इसी संबंध में दोनों गाटा संख्या पर उच्च न्यायालय में मोहल्ला जामा मस्जिद के रहने वाले शोएब पुत्र अहमद ने याचिका दायरकर सभी अवैध निर्माणों को गिराए जाने की मांग की है। तहसीलदार ने अवैध कब्जेदारो को को चिन्हित करने के लिए एक टीम गठित कर दी है।

करई झील पर कब्जे को लेकर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

जिसमे नायब तहसीलदार वीपी गिरी, कानूनगो वाहिद कमाल, अधिशाषी अधिकारी खुशबू यादव के साथ लेखपाल राम किशुन, पंकज कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार ने उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए उक्त जलमग्न की गाटा संख्या पर (करई झील) पे वर्षो से स्थाई रूप से पक्के मकान व दुकान बनाये बैठे लोगो को चिन्हित कर सैकड़ों लोगों की लिस्ट तैयार कर ली है। जिस पर जल्द ही निकाय प्रशासन का बुल्डोजर की गर्जना सुनाई देगी। मालूम हो कि जरवल नगर पंचायत की जलमग्न भूमि (करई झील) पर स्थाई रूप से अवैध कब्जा कर सैकड़ो लोगो ने पक्के मकान वह दुकान बना रखी है।

कर्मचारियों ने की जांच

नायब तहसीलदार ने बताया कि सैकड़ों लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। जिसकी जांच और माप मंगलवार को की गई है। जल्द ही इस पर कार्यवाई भी होगी।

केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग

बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलहरी तौकली निवासी बालकराम पुत्र राजबहादुर कैसरगंज वन क्षेत्र में वाचर के पद पर कार्यरत हैं। जिसके चलते वह आए दिन बाहर रहते हैं। जगत राम ने फखरपुर थाने में तहरीर देकर कहा है कि कैसरगंज तहसील के मंझारा तौकाली ग्राम पंचायत में जमीन स्थित है। इसी रकबे में सगे भाई हिस्सेदार हैं जो आए दिन हमसे विवाद करते रहते हैं। मझरा तौकली गांव निवासी अमरेश चंद, हनुमान, अजय, पुत्र कामता व स्वयं कामता पुत्र गंगाराम काफी गुस्सैल एवम् झगड़ेलू स्वभाव के व्यक्ति है। बीती रात कामता अपने पूरे परिवार समेत मेरे द्वारा खेत में गन्ने की फसल बो रखी थी, जिसे पूरे परिवार के साथ तहस नहस कर नष्ट कर दिया। सुबह घर उलेहना देने गया तो हमला करने की नीयत से अक्रामक हो गए। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर जमीन की नाप कर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

दबंगों ने हेड कांस्टेबल से की मारपीट, वर्दी फाड़ी

मटेरा, बहराइच

अमृत विचार: जिले के मटेरा थाना क्षेत्र के लीलापारा गांव में एक युवती के मामले में जांच करने के लिए पहुंची पुलिस से दबंगों ने मारपीट करते हुए हेड कांस्टेबल की वर्दी फाड़ दी। जिस पर पुलिस ने सगे भाइयों समेत चार के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम लीला पारा बेलवा गांव गांव निवासी नीरू श्रीवास्तव की बेटी पल्लवी के साथ चांद खां पुत्र सफ्फन खां ने शादी कर लिया है। माता और पिता का कहना है कि सभी ने युवती का माइंडवाश कर विवाह किया है। मटेरा थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि आरोपी के गांव होने और माता पिता से बात करवाने के लिए पुलिस टीम गांव गई। इस पर दबंगों ने उप निरीक्षक और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार कनौजिया से मारपीट शुरू कर दी। सभी ने हेड कांस्टेबल की वर्दी फाड़ दी। इसको लेकर अन्य पुलिस कर्मी बुलाए गए। जिस पर मामला शांत हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि हेड कांस्टेबल की तहरीर पर चांद खां, भाई अकरम खां, जमाल और निहाल के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा, जाति सूचक गाली देने समेत सात गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जांच के बाद सभी की गिरफ्तारी की जाएगी।

भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

कहा -जरवलरोड को बहराइच रेल लाइन से जोड़ना प्राथमिकता, पिता के सपने को पूरा करने का वादा

जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करते डॉक्टर आनंद गौड़। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ आनंद गौड़ ने मंगलवार को पूजा अर्चना के बाद नामांकन पत्र दाखिल किया।

डॉ आनंद ने मंगलवार सुबह घर पर माता-पिता से आशीर्वाद लिया इसके बाद वह सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे। यहां पर महंत रवि गिरी जी महाराज के द्वारा पूजा अर्चना कराई गई इसके बाद वे कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी को उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद डॉक्टर आनंद ने कहा कि वर्तमान सांसद उनके पिता अक्षयवर लाल गोंड ने बहराइच को लखनऊ से सीधी रेल सेवा से जोड़ने के लिए सर्वे कार्य को मंजूरी दिलाई है वे उनके अधूरे कार्य को जनता के आशीर्वाद से पूरा करवाएंगे। जनता ने आशीर्वाद दिया तो वह महिलाओं और युवाओं को रोजगार देने के प्रति संकल्पित रहेंगे। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकड़ीवाल, सहकारी बैंक के जिलाध्यक्ष, कमलेश मिश्रा, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया समेत अन्य मौजूद रहे।

5 वर्ष में दोगुना हो गई भाजपा प्रत्याशी की आय

बहराइच, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने नामांकन के दौरान हलफनामा दाखिल किया है उसमें उनकी आय 5 साल में दोगुना से अधिक हो गई है। पत्नी के पास भी काफी मात्रा में धन है। भारतीय जनता पार्टी के बहराइच सुरक्षित सीट के प्रत्याशी डॉ आनंद गौड़ द्वारा नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथ पत्र के मुताबिक पांच वर्ष पूर्व उनके बैंक खाते में 6 .81 लाख रुपये जमा था। अब वर्ष 2023 में उनके खाते में 11 लाख से अधिक जमा हो गया है। सोने के 250 ग्राम जेवरात, 500 ग्राम सोना दो किलो चांदी भी है। इसके अलावा दो एकड़ से अधिक जमीन है। उनके नाम आधा दर्जन लक्जरी गाड़ियां हैं। इसके अलावा पत्नी शशि के पास नकदी के साथ भारी मात्रा में जेवरात है।

भाजपा सरकार में देश में त्योहारों पर नहीं होता है भय : बृजेश पाठक

बहराइच, अमृत विचार। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के बाद प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा 80 सीट लेकर आयेगी। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड के नामांकन से पहले सभा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जनसभा को संबोधित करते कहा कि 2014 से 2024 तक मोदी के कार्यों के तुलना पूर्व के पूर्व कांग्रेस शासन से करिए तो पता चल जाएगा कि भारत किस तरह से विकास की ओर अग्रसर है। कांग्रेस सरकार में कोयला घोटाला 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला कॉमनवेल्थ घोटाला गेम्स घोटाला करने के पश्चात मंत्री जेल में थे। जबकि मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में ऐसा एक भी प्रकरण सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी खुले आम चुनौती देते थे परंतु पुलवामा की घटना के बाद हुई सर्जिकल स्ट्राइक के बाद आज तक ऐसी एक भी घटना सामने नहीं देखने को मिली। यूक्रेन युद्ध में छात्रों को वापस भारत लाने में भारत की सक्रियता किसी से छुपी नहीं है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज विश्व की निगाहें मोदी पर टकटकी लगाए बैठी हुई है। भाजपा का एक संकल्प है कि भारत अब विकसित भारत बनाकर आगे बढ़ेगा। जिसे हमें आने वाले चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करा कर इसे सार्थक रूप से प्रदान करना है। सभी प्रतिनिधियों ने भी आनंद गोंड को आशीर्वाद प्रदान कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, लोकसभा प्रवासी व क्षेत्रीय मंत्री विनोद पटेल, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, विधायक सुरेश्वर सिंह, अनुपमा जायसवाल, सरोज सोनकर, सुभाष त्रिपाठी, रामनिवास वर्मा, महामंडलेश्वर रवि गिरी महाराज, रविशंकर महाराज, एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष व एम एल सी पदम सेन चौधरी, प्रमुख गण अजीत प्रताप सिंह, जे पी सिंह, शिवम जायसवाल, समयप्रसाद मिश्रा, संजय जायसवाल, सौरभ वर्मा, योगेश प्रताप सिंह, महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक जितेंद्र त्रिपाठी, नन्हेंलाल लोधी, मनीष आर्य, राहुल राय, जिला जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल ने अपने आवास पर पुष्पवर्षा कराकर प्रत्याशी व जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह ने किया।

बहराइच में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद उप मुख्यमंत्री।

सार-संक्षेप

कड़ी मेहनत दिलाएगी सफलता

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार। विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र के कन्हैयालाल परमेश्वरदीन मेमोरियल हाईस्कूल रुपईडीहा द्वारा विद्यालय प्राँगण में यूपी बोर्ड के हाई स्कूल की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप- टेन मेघावियों को मेडल पहनाकर व पुरस्कार देकर विद्यालय प्रबंधक ओमकार नाथ वर्मा व प्रधानाचार्य सुरेश कुमार वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक द्वारा मेघावी छात्र -छात्रायें को यूपी बोर्ड की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य सुरेश वर्मा ने कहा कि आज हमारे विद्यालय के छात्र छात्राये अपनी कड़ी मेहनत और कठोर परिश्रम करते हुए यूपी बोर्ड की परीक्षा में जो अंक हासिल किया है। वह काबिले तारीफ है।

मेधावी छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक।

डिप्टी सीएम के आदेश को दरकिनार कर रहे लेखपाल व प्रधान

मोतीपुर, बहराइच : झाला गांव निवासी एक ग्रामीण के घर के सामने स्थित चकमार्ग पर समुदाय विशेष के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट भी डिप्टी सीएम के पत्र पर पुलिस द्वारा लगाकर दी गई है। इसके बाद भी ग्राम प्रधान और लेखपाल द्वारा कब्जा नहीं हटवाया गया। इतना ही नहीं विभागीय अधिकारियों ने पोर्टल पर सुनवाई की फाइनल रिपोर्ट भी लगा दी है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाला में गाटा संख्या 1407 पर चक मार्ग अंकित है। जबकि गाटा संख्या 1408 नाली की जमीन दर्ज है। इस जमीन पर गांव निवासी सकुल्लाह पुत्र सत्तार ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। इससे गांव निवासी अजय कुमार मौर्य के साथ अन्य ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। इसकी शिकायत अजय कुमार ने जिले के अधिकारियों से की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर अजय ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से शिकायत की। डिप्टी सीएम कार्यालय द्वारा पत्र भेजकर डीएम से रिपोर्ट मांगी गई। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने पुलिस और राजस्व टीम से जांच कराई। जिसमें पुलिस ने चकमार्ग की जमीन पर कब्जा होने की रिपोर्ट लिख दी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ब्लॉक और तहसील के अधिकारियों बिना अतिक्रमण हटवाए ही फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

शिकायतकर्ता युवक।

पूर्व सीएमएस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश

बहराइच, अमृत विचार। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने जिला अस्पताल के तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश जारी किया है। सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्रा की कोर्ट पर जनपद न्यायाधीश के वाहन चालक रविनंदन कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिए गए आवेदन में कहा था कि जनपद न्यायाधीश द्वारा नेत्र परिक्षण के लिए जिला चिकित्सालय के सीएमएस डा .डीके सिंह को पत्र भेजा था। इसके बाद सीएमएस द्वारा नेत्र रोग विशेषज्ञ डा .आरबी सिंह, डा .पारितोष मिश्रा और डा .आरके बसंत की मेडिकल बोर्ड की टीम गठित कर नेत्र परीक्षण कराया था। परीक्षण के बाद मेडिकल बोर्ड की टीम ने अपने रिपोर्ट में कहा था कि वाहन चालक चश्मा लगाकर वाहन का संचालन करने के लिए स्वस्थ बताया था। वाहन चालक का आरोप है कि सीएमएस द्वारा पुन : दूसरी रिपोर्ट लगाकर उच्चस्तरीय जांच के लिए लखनऊ संदर्भित कर दिया गया। सीजेएम ने कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक को पूर्व सीएमएस के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करते हुए विवेचना रिपोर्ट व मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति न्यायालय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन पर संकट, खाते में नहीं पहुंची धनराशि

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। लोकतंत्र सेनानियों को मार्च माह का पेंशन नहीं मिला है। जबकि अप्रैल माह भी बीत रहा है। ऐसे में लोकतंत्र सेनानियों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर पेंशन दिलाए जाने की मांग की है। देश में लोकतंत्र की बहाली करवाने के लिए जिले के कई लोगों को जेल जाना पड़ा था। इन लोकतंत्र सेनानियों को सरकार की ओर से पेंशन दी जाती है। लेकिन मार्च माह में किसी भी लोकतंत्र सेनानी का पेंशन नहीं आया है। लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन न मिलने की वजह से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लोकतंत्र सेनानी ने डीएम मोनिका रानी को पत्र लिखकर पेंशन दिलाया जाने की मांग की है। जरवल नगर निवासी लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को पत्र लिखकर मांग की है कि समय से बीते माह और आने वाले माह का पेंशन दिलाया जाए।

लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता।

समाजसेवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

पयागपुर, बहराइच। पयागपुर थाना क्षेत्र के झाला तरहर के प्रधान रहे समाजसेवी गंगोत्री सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी ।सोमवार को झाला तरहर के प्रधान प्रतिनिधि गंगोत्री सिंह की अचानक तबियत बिगड़ने लगी, परिजन उन्हें लेकर लखनऊ गये, जहां उनकी उपचार के दैरान निधन हो गया।

समाजसेवी की (फाइल फोटो)।

महावीर जयंती पर आयोजित हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार: नगर पंचायत रुपईडीहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण मे भगवान महावीर जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय उपाध्यक्ष व प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष चंद्र जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंत मे प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र छात्राओं को आयोजक मंडल द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संघ प्रचारक सर्वेश ने कहा कि भगवान महावीर ने हमें जियो और जीने दो के सिद्धांत पर कार्य करने व जीवो पर दया एवं सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य अनुज सिंह, संपर्क प्रमुख नवाबगंज कमलेश कुमार, बौद्धिक प्रमुख अभय कुमार, आचार्य अनिल शर्मा, समाजसेवी यशवंत सिंह, समाजसेवी शेर सिंह कसौधन, संतोष मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें व छात्र मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि ।

त्रिदेव मन्दिर में सजा मेहंदीपुर बालाजी का दरबार

पयागपुर, बहराइच। हनुमान जयंती के अवसर पर भूपगंज बाजार स्थित त्रिदेव मन्दिर पर मेहंदीपुर वाले बालाजी सरकार का दरबार सजाया गया ।इस अवसर पर भजन कीर्तन सवामनी प्रसाद एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने शामिल होकर पूजा अर्चना कर मंगल कामना की। हवन पूजन के साथ भजन गायक रमन प्रेमी ने बालाजी के भजनों का गुणगान किया।

मेंहदीपुर का सजा दरबार।

सुन लो मेरी पुकार पवन सुत विनती बारंबार...

बहराइच/बाबागंज, अमृत विचार। जिले में मंगलवार को हनुमान जन्मदिवस धूमधाम से मनाई गया। जगह-जगह भंडारा आयोजित कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। माहौल भक्तिमय बना रहा। जिले में मंगलवार को हनुमान जन्मदिवस पर भजन, कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत आज जैतापुर नहर चौराहे पर रघुकुल सुन्दर काण्ड समिति जैतापुर द्वारा बड़े मंगलवार को हनुमान जी को समर्पित विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूड़ी, सब्जी , मिष्ठान आदि की विशेष व्यवस्था कर भारी संख्या में हनुमान भक्तो को प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस अवसर पर संदीप सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, आकाश सिंह, शिवराज सिंह, अवध कुमार सिंह, अनिल सिंह , दिलीप सोनी, शिवपाल सिंह, आदि मौजूद रहे। उधर अयोध्या धाम रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने सिसई हैदर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ कराया। इस मौके पर मुंबई के ज्योतिषाचार्य मनोज मिश्र, उज्जवल धवन , राजू चौबे आदि लोग मौजूद रहे।

प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने वाहन में मारी टक्कर, हाईस्कूल के छात्र की मौत

बहराइच

अमृत विचार। सेंट नॉर्बर्ट स्कूल के छात्रों को मंगलवार दोपहर में मैक्स वाहन ले जा रहा था। गोंडा बहराइच मार्ग पर नगरौर के पास मैक्स वाहन में ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे कक्षा 10 के छात्र की मौत हो गई। अन्य छात्र बाल -बाल बच गए। परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर घर चले गए हैं।

उत्सव शुक्ला (फाइल फोटो)।

कोतवाली देहात के गोंडा मार्ग पर स्थित सैंट नॉर्बर्ट स्कूल में मंगलवार को अवकाश होने के बाद छात्र मैक्स वाहन से अपने-अपने घर जा रहे थे। कोतवाली देहात के गोंडा बहराइच मार्ग पर नगरौर गांव के पास मैक्स वाहन पहुंची। तभी गोंडा की तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने वाहन में टक्कर मार दी। जिससे वाहन में मौजूद बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार निवासी कक्षा 10 सी के छात्र उत्सव शुक्ला (14) व आनंद शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। छात्र का सर फट गया। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। वाहन चालक सतरही गांव निवासी लाल जी समेत अन्य बच्चे बाल -बाल बच गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल में स्कूल के फादर प्रकाश, चौकी इंचार्ज संजय गौतम समेत अन्य पहुंचे। परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। सभी रोते बिलखते शव लेकर घर चले गए। फादर प्रकाश ने बताया कि घटना दुखद है।

▸▸ अन्य छात्र बाल-बाल बचे, छुट्टी के बाद घर जाते समय हुआ हादसा

आयोजन एबी सिंह ने कहा- बच्चों का प्रयास बेहतर है, निरन्तर छोटे प्रयासों से ही एक दिन बड़ी सफलता मिलती है

छात्रों ने बनाया ऑटोमेटिक रेलवे प्लेटफॉर्म ब्रिज का मॉडल

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: विकास खण्ड जरवल स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भौली में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में बच्चों ने वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट मॉडल तैयार किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह व विशिष्ट अतिथि बीईओ अरविंद सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विज्ञान क्लब समन्वयक नन्द किशोर शुक्ल ने तथा संचालन एआरपी मो० अहमद ने किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर हुआ।

मुख्य अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा जीवन में विज्ञान के महत्व को दर्शाते 'कमाल नहीं विज्ञान है' नामक नुक्कड़ नाटक पर दर्शकों की खूब तालियां बजीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्रों का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने छात्रों में बुनियादी स्तर से वैज्ञानिक सोंच प्रगाढ़ करने के लिए कार्यक्रम संयोजक विद्यालय की शिक्षिका अर्चना पांडेय की सराहना की। बीईओ जरवल एबी सिंह ने कहा कि बच्चों का प्रयास बेहतर है, निरन्तर छोटे प्रयासों से ही एक दिन बड़ी सफलता मिलती है। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन से बच्चों में सीखने की क्षमता का विकास होता है। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा विभिन्न मॉडल में ऑटोमेटिक रेलवे प्लेटफॉर्म ब्रिज, हाइड्रोपोनिक्स, स्वचालित सिंचाई संयत्र, हाई स्पीड मैग्लेव ट्रेन प्रोजेक्ट, ईको प्लांट पॉट, रिसाइक्लिंग द्वारा धूपबत्ती निर्माण, जैसे एक दर्जन से अधिक मॉडल का अतिथियों ने अवलोकन कर छात्रों से प्रश्न पूंछे। मॉडल प्रदर्शित करने वाले सभी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा नगद पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की गयी व प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। अंत मे विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी कल्पना मिश्रा, एआरपी सुनील सिंह परिहार, इंचार्ज शिक्षक अनिल वर्मा, नरोत्तम सेंगर, पूजा श्रीवास्तव, समेत छात्रों के अभिभावक आदि मौजूद रहे।

फर्जी डिग्री पर नौकरी कर रहे हेल्पर की सेवा समाप्त

बहराइच, अमृत विचार। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता तृतीय उपखण्ड मोतीपुर में तैनात हेल्पर अमित कुमार सिंह के शैक्षणिक अभिलेख फर्जी पाए गए। बहराइच बैराज अनुरक्षण खंड वाराणसी ने इसकी पुष्टि होते ही अमित कुमार सिंह की सेवाएं तत्काल प्रभाव से खत्म कर दी हैं। सहायक अभियंता प्रदीप कुमार पाल की तहरीर पर कूट रचित अभिलेखों से धोखाधड़ी किए जाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मिर्जापुर जिले के जमालपुर थाने के डोहरी गांव निवासी अमित कुमार सिंह पुत्र नंद लाल सिंह मोतीपुर स्थित सहायक अभियंता तृतीय उपखण्ड कार्यालय मे हेल्पर के पद पर तैनात था। उसके विरूद्ध वाराणसी स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय मे शिकायत आई थी कि अमित कुमार सिंह की ओर से प्रस्तुत शैक्षणिक अभिलेख फर्जी है। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर उसकी सेवाए तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई।

चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत चार पर दर्ज हुआ मुकदमा

▸▸ मौत के लिए उकसाने और धमकी देने का है आरोप

▸▸ युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला

बहराइच, अमृत विचार। जिले बालापुर कथिकनपुरवा गांव निवासी एक युवक की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पिता ने पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाया था। एसपी के निर्देश पर विशेश्वररगंज थाने में पुलिस ने चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के मजरा कथिकनपुरवा गांव निवासी अनूप कुमार (18) पुत्र समय प्रसाद की शनिवार को मौत हो गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक युवक के पिता समय प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसके बेटे का तिलक हो गया था। विवाह 26 अप्रैल को होना था। लेकिन लड़की के मौसा समेत अन्य ने ब्लैक मेल करते हुए पैसे की मांग की थी। जिसके चलते शादी टूट गई थी। इसके बाद लड़की के मौसा ने पुलिस से मिलकर पुत्र अनूप कुमार को ब्लैक मेल करना शुरू कर दिया। पिता ने धनुही चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह व एक सिपाही पर थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाया था। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर विशेश्वरगंज थाने में चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह, अज्ञात सिपाही, कुंजी लाल और मनोज कुमार के विरुद्ध सोमवार को केस दर्ज हुआ है। जिसमें युवक को मारने पीटने, धमकी देने और मौत के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ है। पुलिस के विरुद्ध केस दर्ज होने से जिले में हड़कंप मच गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

संपादकीय

मध्य पूर्व में संकट

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष मध्य-पूर्व के दो प्रबल विरोधियों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। ईरान-इजराइल जंग का असर वैश्विक राजनीति पर ही नहीं बल्कि दुनिया के व्यापार पर भी पड़ सकता है। यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ जाएंगी। वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति उच्च बनी रहेगी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतें और तांबा, जस्ता, एल्युमीनियम, निकेल आदि वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी। तनाव कम करने या शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता के बाद सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प बचेगा, जिससे क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच भारत को फायदा हो सकता है। क्योंकि भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। वह अपनी पेट्रोलियम खरीद का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ईरान ओपेक देशों में शामिल तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल प्रोड्यूसर है। इसलिए तेल के संकट को ईरान और इजराइल का युद्ध और बड़ा कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान-इजराइल के बीच तनाव के मद्देनजर यूरोप में भारत का निर्यात बाधित होगा। भारत के व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप तभी होगा जब हम व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। उस अभ्यास के आधार पर, जो भी आवश्यक होगा सरकार निश्चित रूप से उस पर ध्यान देगी। इजराइल और ईरान के बीच टकराव कम करने का भारत का आह्वान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के लिए ये संकट इसलिए और बड़ा है क्योंकि वह ईरान और इजराइल दोनों का ही मित्र है। वह किसी एक का पक्ष नहीं ले सकता है। ईरान-इजराइल टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का महत्व है। यदि ये भारत को एक दृष्टिकोण का पक्ष लेते हुए देखते हैं तो इससे क्षेत्र में शांति को नुकसान पहुंच सकता है।

भारत को प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिभागियों मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने जुड़ाव को हमेशा संतुलित रखना होगा। इजराइल की व्यापक रूप से मौजूद इस धारणा को देखते हुए कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इज़राइल के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है, उसके द्वारा प्रतिशोध की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए। क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा, शांति एवं स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र संभव विकल्प है।

पहले चरण के चुनाव के सबक

संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को संपन्न हो गया। इस चरण में जिस तरह मतदान प्रतिशत में कमी के साथ मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने को मिली उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन एनडीए के साथ ही साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया के नेताओं की पेशानी पर भी बल ला दिए हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग भी चिंतित हो गया है। आम जनता, मीडिया और चुनाव से जुड़े सभी दल एवं प्रत्याशी इस रुझान की अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसे भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष बताकर अपनी जीत का दावा कर रहा है। जबकि एनडीए इसे विपक्ष के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कहकर अपनी चिंता को ढांपने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हकीकत में दोनों ही पक्ष इससे हैरान और परेशान हैं। क्योंकि पहले चरण की जिन 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ है उनमें बहुत कम सीटें ऐसी हैं जिनके बारे में दावे से कहा जा सकता हो कि किसी एक प्रत्याशी या दल के पक्ष में मतदान हुआ है। टीवी मीडिया हो या प्रिंट अथवा कि सोशल मीडिया किसी के भी चुनावी विश्लेषणों को देखें तो इस बात से प्रायः सभी सहमत हैं कि यह रुझान स्पष्ट रूप से कोई निर्णय देता नजर नहीं आता। यह ठीक है कि मतदाता घरों से कम निकले, लेकिन इसकी वजह क्या थी, किसी को पता नहीं। कोई इसके पीछे केंद्र सरकार से नाराजगी, कोई स्थानीय सांसद के प्रति गुस्से तो कोई गर्मी और धूप को वजह बताता है। लेकिन जिन लोगों ने इन परिस्थितियों में भी वोट डाला, वह किसके पक्ष में गया है, यह दावे के साथ बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिदृश्य दिखाई देता है। इसलिए संपूर्ण से रुझानों को न तो सत्ताविरोधी लहर के रूप में लिया जा सकता है और न ही मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ठप्पे के रूप में। कुल मिलाकर मिलीजुली स्थिति प्रतीत होती है।

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी। इन दावों को विपक्षी हमला कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन उन तथाकथित आंतरिक सर्वेक्षणों का क्या किया जाए जो सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर तैर रहे हैं और जिनके बारे में कहा जाता है कि ये आरएसएस-भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता की नब्ज टटोलने के लिए कराए गए थे। इन सर्वेक्षणों में भी कथित रूप से भाजपा को 200 से कुछ ही ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। और बहुत से लोग मानते हैं कि ये सर्वेक्षण ही राहुल गांधी के दावों का आधार हैं। भले ही वे कहते हों कि उन्हें राज्यों में स्थित अपने कार्यालयों से ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं। जो भी हो, इससे भाजपा और एनडीए का मनोबल कमजोर हुआ है, जबकि विपक्षी गठबंधन के उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

पहले चरण का मतदान भले सुस्त रहा हो, लेकिन इसने अगले चरणों के लिए चुनावी पारे को गर्मियों में और बढ़ा दिया है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चुनिंदा कैबिनेट सहयोगियों के साथ भाजपा और आरएसएस के आगे अगले चरणों को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में करने की चुनौती खड़ी हो गई है। और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, उन्होंने इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि नई रणनीति के साथ विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए वे दूनी ताकत के साथ मैदान में कूद पड़े हैं। प्रधानमंत्री के भाषण ज़्यादा तीखे और अधिक आक्रामक तो हो ही गए हैं। उनमें क्षेत्र और वक्त के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ रहे हैं। जबसे कांग्रेस ने अपना लोकलुभावन घोषणापत्र जारी किया है मोदी के भाषणों का फोकस यह घोषणापत्र ही रहा है। लेकिन शुरू में वे इसे 'मुस्लिम लीग का घोषणापत्र' बताकर कांग्रेस पर हमला कर रहे थे और उसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कोस रहे थे। लेकिन पहले चरण के मतदान के बाद वे कांग्रेस के इरादों को लेकर खतरनाक किस्म की चेतावनियां देने लगे हैं। मसलन, बांसवाड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो सबके धन की जांच करेगी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान के मुताबिक उसे मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र तक नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई है और कांग्रेस ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। बांसवाड़ा से इतर अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के बोल मुसलमानों को लेकर नरम थे। वहां उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से मुसलमानों के हित में सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का बखान किया और उनका समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री के इन दो अलग-अलग रूपों पर कांग्रेस या विपक्ष की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं आई। लेकिन सोशल मीडिया में इसकी विभिन्न तरीकों से समीक्षा की गई। जिनमें एक यह है कि प्रधानमंत्री बिल्कुल सही कह रहे हैं। क्योंकि पिछले दस सालों में मुसलमानों के लिए जितनी योजनाएं यह सरकार लेकर आई है और हज यात्रा से लेकर उन्हें देश में शिक्षा, विदेश में पढ़ाई, नौकरियों और व्यवसाय के लिए रियायतें, सुविधाएं तथा वजीफे दिए गए हैं, उतने पहले की किसी सरकार में नहीं मिले। इन विवरणों ने हिंदू संगठनों को भी हैरान कर दिया है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सच क्या है, इसका पता तो आगे यदि कोई जांच हुई तब ही चलेगा। लेकिन सूरत के इस वाकये ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की याद दिला दी है। क्या सूरत का मामला भी सुप्रीमकोर्ट जाएगा?

प्रसंगवश

किस्से कंगना के

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

शीर्षक देखकर प्रथम दृष्ट्या पाठक का ध्यान वॉलीबुड की अभिनेत्री कंगना की ओर ही जाएगा, जो संप्रति इसलिए खबरों में आईं क्योंकि चुनाव में भाजपा ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां मैं उनके बारे में नहीं लिख रहा। लोगों के जेहन में राजा राधिकारमणप्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' भी कौंध गई होगी। हमें वे कंगना याद तो आए, किंतु यहां उनका विस्तार नहीं है। हिंदू विवाह में कंगन खुलाई एक रस्म होती है । उसकी गांठ वर वधू दोनों को खोलनी होती है, इसे हस्तबंद भी कहते हैं। सीता जी वन में आभूषणों से सज्जित होकर गईं थीं। वे कंगन भी पहने थीं। रावण द्वारा हरण होने पर अशोक वाटिका में वे बहुत क्षीण शरीर हो गईं थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे, तो उनकी ऐसी ही स्थिति थी। गोस्वामी तुलसीदास ने 'बरवै रामायण' में उनकी वार्ता का उल्लेख करते हुए लिखा है, "अब जीवन की है कपि आस न कोय कनगुरिया कै मूदरी कंगना होय"। यानी छिंगुनी (कनिष्टिका) में पहनी ठाने वाली अंगूठी उनकी कलाई में आ जाती थी और वह कंगना बन गई थी। अब हम माता के वास्तविक कंगनों की बात करते हैं, जिनके नग में विवाह के समय वे शिर नीचे किए राम का रूप देख रहीं थीं। 'राम को रूप निहारति जानकि कंकन के नग की परिछाही' । सामान्य कथा तो यह है कि हनुमान जी को भूख लगी थी और उन्होंने सीता जी से वाटिका के फल खाने की अनुमति मांगी। तदोपरांत उन्होंने फल खाये, वृक्ष तोड़े, राक्षस मारे और पश्चात् लंकादहन आदि हुआ। इस प्रचलित कथा से भिन्नता लिए भी एक कथा है,जो 'आनंद रामायण' में आई है। यह भी महर्षि वाल्मीकि की ही कृति मानी जाती है। इसके अनुसार जब हनुमान जी ने माता से क्षुधित होने की बात कही, तो उन्होंने उन्हें वे दो आम दिए, जो उनको (सीता जी को) खाने के लिए दिए गए थे; साथ ही अपने कंगन हनुमान जी की ओर बढ़ाते हुए कहा कि 'पुत्र! इन्हें लंका के बाजार में बेंचकर, प्राप्त धन से फल आदि क्रय कर लो'। हनुमान जी ने वह प्रस्ताव विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और वहीं वाटिका में फल तोड़कर खाने की अनुमति मांगी। तब सीता जी ने अनुमति प्रदान कर दी और बाद की कथा वही है,जो सर्व विदित है।

न जलाएं सूखी पत्तियां

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है।

जो समाज अभी कुछ महीनों पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने के लिए हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए कोस रहा था, वह अब खुद अपने हाथों से अपनी तकदीर को आग लगा रहा है। महानगरों के बड़े हिस्सों में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे जिंदा हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। कुछ लोगों के लिए यह झड़ते पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका व ऐसे ही नाम देते हैं। असल में यह ना केवल गैरकानूनी है, बल्कि अपनी प्रकृति के साथ अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो सन 2016 में बड़े सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमले यह सुनिश्चित करें कि आगे से ऐसा ना हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमे आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन हैं ही नहीं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले लुटियन दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में ही पत्ती जलाने पर मुकदमा कायम हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मानों में बेशकीमती हैं व प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महति भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान खुद ही कई बीमारियों को न्योता देता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों में खुजली, सिरदर्द और नाक बहना और यहां तक कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली फैनफड़ों जटिलताएं भी हो सकती हैं। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाईड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाय आक्साईड के साथ मिल कर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाता है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चुक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वह पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि यह पत्ती पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती है हैं लेकिन उसमें नाईट्रोजन, प्रोटिन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाईड्रोजन, नाईट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनो आक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, हाईड्रोजन सायनाईड, अमोनिया, सल्फर डाय आक्साईड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। इन दिनों अर्जुन, नीम, पीपल, इमली, जामुन, ढाक, अमलतास, गुलमोहर,शीशम जैसे पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं और यह मई तक चलेगा।

एक बात और पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। यानि चाहे जितना प्रयास कर लें पतझड़ के दो महीने में ही सालभर का जहर हवा में घुल जाता है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पट्टी को वहां से उठाने पर भी पाबंदी है। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी घनघोर गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तों लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ती जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। इससे बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश भली भांति पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

सोशल फोरम

आराध्य की सेवा के गुण

हफीज किदवई
लेखक

पढ़ते थे, मज़ा आता था कि राम जी को तो बांध बनाना पड़ता, जबकि भक्त हनुमान एक छलांग में ही समन्दर पार कर जाते। मेरा दिल कहता था कि भक्त हनुमान का दिल कितना चंचल और कोमल है। सियाराम के लिए उनमें कितना समर्पण है। इतना समर्पण देख अक्सर आंख भर आती कि क्या कोई अपने नरम दिल के साथ भी चट्टान की तरह अपनों की हिफाज़त कर सकता है। हनुमान जी के लिए मेरा दिल हमेशा नरम रहा, इधर कुछ सालों से गाड़ियों के पीछे त्यौरियां चढ़ी हनुमान जी की तस्वीर देखता रहता हूं, तो दिल एक झटके में कह उठता, यह सियाराम वाले हनुमान नही हैं, यह मेरे दिल में बसने वाले हनुमान से मेल नही खाते।

अभी कुछ वक्त पहले वैसी ही तस्वीर फिर नज़रों से गुज़री मगर यहां माथे पर त्यौरियां नही हैं, आंखे सादगी से खुली हुई है। तस्वीर में उत्तेजना या क्रोध नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक विनम्रता है। एक दम से दिल बोला, यही तो वह मेरे हनुमान हैं, जो कहीं गुम हो गए थे। यही तो वह हैं जो सिया के भक्त हनुमान हैं, जिनके रहते राम के प्राण हरने की तीनों लोकों में किसी की हिम्मत नहीं हो सकी। यही तो मेरे भोले भाले हनुमान हैं जिन्हें राम नागलोक में अपनी अंगूठी ढूंढने भेजते हैं ताकि वह जाएं और खुद राम सरयू में घुलमिल जाएं। भला हनुमान जी के रहते कोई राम जी को ले जा सकता था ।

हनुमान जयंती पर यह समझने की कोशिश कीजिए कि उनमें सिर्फ़ क्रोध नही था, बल्कि उनमें जीवन का एक खूबसूरत दर्शन गूंथा हुआ है। दिल में मोहब्बत और रहम, रूह में ख़िदमत, जिस्म में अथाह ताकत यही तो हैं हनुमान। एक ऐसा किरदार जो सिर्फ और सिर्फ ख़िदमत से इतना ऊंचा मकाम पाए। केवल अपने आराध्य की सेवा के गुण से घर घर जगह बना गए । अगर आपके दिल में हल्की भी मोहब्बत है तो वह हनुमान ही हैं। किसी आंसू के लिए तड़पन है तो वह हनुमान हैं। किसी बीमार के लिए आपके कदम उठे तो उन कदमों में हनुमान हैं।

-फेसबुक वॉल से

नक्सलियों के विरुद्ध केंद्र का प्रहार

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सली मार गिराए। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंक झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं है? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाई हुई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिल रहे हैं। नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुईं थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जाने गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

सन्-2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए, यहां तक की भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन तीन गृहमंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनीत कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं। लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। ताकी इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

शब्द की अपार शक्ति

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

शब्द में अपार शक्ति होती है। शब्द अक्षर से बनता है और अक्षर का अर्थ होता है, 'जिसका क्षय या क्षरण न हो'। मुंह से निकली बात सबसे दूर,यानि क्षितिज तक जाती है। इसका कभी अंत नहीं होता। इसीलिए 'बातहिं हाथी पाइए, बातहिं हाथी पांव', कहा जाता है। एक राजा का बूढ़ा मरणासन्न हाथी था। उसने राज्य में मुनादी कराई, कि उसका हाथी जिसके भी खेत में सुबह को हुआ करे या पाया जाए वह तत्काल राजा को सूचना दे, अन्यथा उसे मृत्यु-दंड दिया जाएगा। पर, खबरदार! कोई भी उसे हाथी की मौत की खबर न दे। हाथी के मरने की सूचना देने वाले को भी मौत की सजा दी जाएगी। बूढ़ा हाथी,ऊपर से उसकी मरणासन्न स्थिति, सो उसको तो निकट भविष्य में मरना ही था। अस्तु, किसी सुबह को एक ईख के खेत में वह मृत पाया गया। खेत वाले ने सुबह को जब अपने खेत में राजा का हाथी मरा पाया,तो उसके प्राण ही सूख गये,काटो तो खून नहीं। उसके पुत्र ने उसकी परेशानी का कारण पूछा, तो किसान ने सारा माजरा बताया। पुत्र अति प्रतिभावान था। उसने पिता को घर पर ही रोक दिया और स्वयं राजा के पास जाकर राजा से कहा, "महाराजाधिराज! की जय हो! आपके चरणों में प्रणामोपरान्त निवेदन है, कि शाही हाथी मेरे खेत में है। पर, वह न हिल-डुल रहा है,न चल-फिर रहा है, न खा-पी रहा है,और न सांस ही ले रहा है।" राजा उसका आशय समझ गया। राजा ने लड़के के वाकचातुर्य पर रीझ कर उसे अपना मंत्री बना लिया। बात की भांति का एक उदाहरण देखिए- 'पानी का कम प्रयोग कीजिए' और 'कम पानी का प्रयोग कीजिए' दोनों वाक्यों में जमीन-आसमान जैसा अंतर है। बात कहने के तनिक से अंतर या लापरवाही से दोनों बातों के बीच अंतर उपस्थित हो जाता है। देखें- बहुधा स्कूल वाहनों के पीछे लिखा होता है, 'सावधान! बच्चे उतर रहे हैं'। इसे पढ़ कर पीछे वाले वाहन का चालक अपने वाहन को सावधानीपूर्वक नियंत्रण योग्य गति में चलाता है। जबकि इसी वाक्य को, यद्यपि उसी भावना के साथ,नाम मात्रेण इतनी लापरवाही के साथ,कि संबोधनसूचक चिन्ह,(!) को लुप्त करके,यूं लिख दिया जाए (जो वाहनों पर अक्सर लिखा होता है), 'सावधान बच्चे उतर रहे हैं', तो इसका अर्थ ही उलट जाता है। यानि अर्थ का यह अनर्थ हो जाता है, कि पीछे वाले वाहन के चालक को अब वाहन की गति और ड्राइविंग को लेकर अधिक सजगता बरतने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आगे वाले वाहन से उतरने वाले बालक स्वयं सावधान और होशियार हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,कि हर शब्द का एक स्थानीय मान होता है। जैसे 333 (तीन सौ तैंतीस) में 3 का अंक ही 3 बार आया है, पर इकाई पर रखे अंक 3 (तीन) की कीमत जहां मात्र 3(तीन) है,वहीं सैकड़ा के स्थान पर स्थित 3 का मूल्य 300 (तीन सौ) है।

अपने अधिकारों का विधिक ज्ञान जरुरी: एडीजे

धनघटा, संतकबीरनगर

विधिक साक्षरता शिविर में लोगों को जागरूक करते एडीजे। अमृत विचार

अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील सभागार धनघटा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन तहसीलदार योगेंद्र कुमार पांडेय ने किया। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से प्रतिरक्षा विषय पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने कानूनी अधिकार के बारे में साक्षर होना जरूरी है। जिला प्राधिकरण में संचालित हो रहे प्री-लिटिगेशन सिस्टम और ए डी आर तंत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अगर किसी परिवार में किसी भी प्रकार के वैवाहिक या अन्य मतभेद हैं जिसमे यदि वह कानूनी तरीके से समाधान करवाना चाहते हैं तो पक्षकार ऐसे मामलों को जनपद न्यायालय के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मध्यस्थता सेंटर में प्री-लिटिगेशन के रूप में दायर करके मामले का निस्तारण करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष का कोई शुल्क नहीं लगता। होने वाले फैसले को न्यायालय की डिक्री के समान समझा जाता है। निर्धन, अनुसूचित, जनजाति, श्रमिक, बेगार के शिकार व्यक्ति, महिलाएं, बच्चे, विकलांग, बाढ़, सूखा, भूकंप आदि दैवीय आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की निःशुल्क कानूनी सहायता प्राधिकरण के तरफ से प्रदान की जाती है। समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन भी प्राधिकरण कराता है।

तहसीलदार योगेंद्र कुमार पांडेय ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन इत्यादि के बारे में विस्तार बताया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार हरेराम यादव, पराविधिक स्वयं सेवकों सहित अन्य राजस्व कर्मी और आम जनमानस मौजूद रहे।

सपा नेता बोले-मंत्री पर हुए हमले की हो निष्पक्ष जांच

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार : कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद पर हुए हमले के बाद उनके द्वारा समाजवादी पार्टी को निशाना बनाए जाने से आक्रोशित सपा नेताओं ने डीएम और एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए घटना की निष्पक्ष तरीके से जांच कराए जाने की मांग किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सपा के जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि कैबिनेट मंत्री का किसी यादव बिरादरी के व्यक्ति से कोई विवाद हुआ ही नहीं था। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद जब वैवाहिक समारोह में पहुंचे तो वहां निषाद समाज के लोगों ने ही मगहर से कड़सहरा मार्ग को जोड़ने वाली बदहाल सड़क का मुद्दा उठाया था। निषाद समाज के लोगों ने मंत्री जी को बताया कि आपका बेटा क्षेत्र का सांसद है। उनसे दर्जनों बार सड़क की मरम्मत कराने की मांग की गई लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। इस बात को लेकर मंत्री जी बेहद नाराज़ हो गए और उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से हाथापाई किया था। घटना की वीडियो भी मौजूद है और सारी वीडियो पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है। सपा नेता ने बताया कि निषाद पार्टी इस बार पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है। सपा द्वारा पप्पू निषाद को प्रत्याशी घोषित कर दिए जाने से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद की पराजय निश्चित हो चुकी है। यही वजह है कि कैबिनेट मंत्री बौखला गए हैं। बेटे को हारते देख और बिरादरी में तगड़े विरोध के बाद सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से उन्होंने हमले का सुनियोजित प्लान तैयार किया। इसी बात के खुलासे के लिए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है। प्रतिनिधि मण्डल में सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम, सुबोध यादव, लोरिक यादव, रामदरश यादव, रमेश चंद्र यादव, गौहर अली, अखलाक अहमद समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

आधे अधूरे मन से चल रहा मतदाता जागरूकता अभियान

संतकबीरनगर। लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान को लेकर मुस्तैद जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की मंशा पर उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है। बीते तमाम चुनावों के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर 40 प्रतिशत या उससे कम मतदान हुए थे वहां मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन स्तर से स्वीप कार्यक्रम चलाकर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। अभियान पर भारी भरकम धनराशि भी खर्च की जा रही है। जिससे हर मतदाता को उत्साहित कर मतदान केन्द्र तक पहुंचाया जा सके। अभियान की सफलता के लिए डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार को अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी स्वीप अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं को सिर्फ हरी झंडी दिखाकर रवाना करने तक ही सीमित रह जा रहे हैं। अभियान से जुड़े कार्यकर्ता भी स्कूलों पर पहुंच कर बच्चों के साथ फोटो खिंचवाने और उसे वेबसाइट पर अपलोड करने तक ही सीमित रह जा रहे हैं। ऐसे में मतदाता जागरूकता अभियान कितना सफल होगा यह तो मतदान के दिन ही पता चलेगा।

पूरे साल के लिए भूसे का प्रबंध करें गोशाला संचालक: डीएम

15 मार्च से 20 मई तक खेतों में भूसा स्टोर करने के दिये निर्देश

संतकबीरनगर

महेंद्र सिंह तंवर, डीएम।

अमृत विचार : जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने संरक्षित गोवंशों के वर्ष पर्यन्त भरण-पोषण के लिए पर्याप्त मात्रा में गेहूं के भूसे का क्रय और दान के माध्यम से संग्रहीत करने के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि रबी के फसलों की कटाई आखिरी चरण में है। इस समय स्थानीय स्तर पर किसानो के खेतों में ही पर्याप्त भूसा बनाने के लिए गेहूं के डण्ठलों के अवशेष उपलब्ध रहेंगे।

गोवंशों के भरण पोषण के लिए आवश्यक है कि गो-आश्रय स्थलवार वर्षभर के लिए भूसे की आवश्यकताओं का आंकलन कर अधिकाधिक मात्रा में स्थानीय स्तर पर भूसा दान दाताओं से दान में प्राप्त कर संग्रहीत कर लिया जाय। फसल कटाई के समय भूसा कम दरों पर उपलब्ध रहता है, ऐसे में स्थानीय स्तर पर कृषकों के खेत से ही आवश्यकता के अनुरूप भूसा क्रय करते हुए भण्डारण कर लिया जाय।

हर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के स्तर से एक समिति गठित कर ली जाय। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल और अन्य कर्मचारी सम्मिलित किए जायं।

उक्त समिति के द्वारा ट्रैक्टर अथवा अन्य माल वाहक वाहनों के साथ ग्राम सभा में भ्रमण किया जाय और भूसा दान में प्राप्त कर संग्रहीत करते हुए अधिकाधिक दान देने के लिए जनमानस को प्रेरित किया जाय। यह अभियान 15 मार्च से 15 मई तक चलाया जाय। बड़े दानदाताओं से दान करने के लिए उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी स्वयं किसानो से सम्पर्क कर भूसा दान में प्राप्त करें और उनको सम्मानित करें। इसमें मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और जिला पंचायतराज अधिकारी की इस महत्वपूर्ण अभियान में पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

आधे से भी कम घरों से गृहकर वसूल पा रही नगरपालिका

▸▸ **विस्तारित क्षेत्र में बिना गृहकर जमा किए ही शहरी सुविधाएं हासिल कर रहे नागरिक**

संवाददाता संतकबीरनगर

अमृत विचार: नगरपालिका क्षेत्र खलीलाबाद में गृहकर का अपना अलग ही अंदाज है। शहर के पुराने मोहल्लों के घरों से नगरपालिका प्रतिवर्ष गृहकर जमा कराती रहती है। इन पैसों ने नागरिकों को पानी, सड़क, पथ प्रकाश, मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग, जल निकासी के लिए नाले आदि की सुविधाएं प्राप्त करती है।

वर्ष 2020 में नगरपालिका क्षेत्र का विस्तार हुआ और शहर के आसपास स्थित 16 गांवों को नगरपालिका में शामिल कर लिया गया। जिसके चलते आबादी लगभग दो गुना हो गई। तीन वर्षों से शहरी सुख सुविधाएं प्राप्त कर रहे विस्तारित क्षेत्र के एक भी मकान से अभी तक नगरपालिका को गृहकर नहीं मिल रहा है। नागरिकों को पथ प्रकाश, इंटरलॉकिंग सड़क, सीसी रोड, फागिंग आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जल निकासी के लिए नालों कि निर्माण भी शुरू करा दिया गया है, लेकिन नागरिक अभी तक गृहकर जमा नहीं कर रहे हैं।

नगरपालिका चेयरमैन जगत जायसवाल ने बताया कि नागरिकों के घरों का गृहकर निर्धारण के लिए नगरपालिका के गृहकर अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है। गृहकर की धनराशि से ही नागरिकों को तमाम सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रयास है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष से ही नगरपालिका क्षेत्र में शामिल सभी भवनों से गृहकर की वसूली प्रारम्भ करा दी जाएगी।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मृत्यु

मेंहदावल, संत कबीर नगर। मेंहदावल थाना क्षेत्र के नौलखा चौकी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढोढ निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग राजनाथ यादव थाना क्षेत्र के ग्राम हरना 22 अप्रैल को रिश्तेदारी में आए थे। यहां से सोमवार को वापस आते समय थाना क्षेत्र के पेंडारी कला पहुंचे थे कि पीछे से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर काफी लोग मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उनकी मंगलवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर आरोपित बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हुए आनन्द

वरिष्ठ हिंदू नेता आनंद शंकर पाठक को संगठन की सदस्यता दिलाते पदाधिकारी।

संतकबीरनगर

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ संगठन के संगठनात्मक विस्तार की महत्वपूर्ण बैठक और विचार संगोष्ठी कार्यक्रम एवीएम इंटर कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटियार की संस्तुति से प्रदेश महामंत्री सुनील शुक्ल ने जिले के वरिष्ठ हिंदू नेता और हियुवा के पूर्व जिला प्रभारी आनंद शंकर पाठक को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष और बस्ती मंडल का प्रभारी मनोनीत किया है। सौरभ दुबे को संतकबीरनगर जिले से युवा प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री अशोक तिवारी, टी एन दुबे, राहुल शुक्ला, राजू पांडेय, विनय प्रधान, राधेश्याम मौर्य, अभिनंदन तिवारी, राघवेंद्र सिंह, संजय चौधरी, रिंकू उपाध्याय, विघ्नेश्वराय उपाध्याय समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

निर्वाचन सम्बन्धी बैठक 26 को

संतकबीरनगर,अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए डमी बैलेट, परमिशन, नामाकंन संबंधी जानकारी, एमसीसी, ईवीएम के संबंध में बैठक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 26 अप्रैल को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह महत्वपूर्ण बैठक 26 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित की गई है।

चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करवाएं सुरक्षा कर्मी: डीएम

मटेरा में निरीक्षण करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी।

मटेरा, बहराइच

अमृत विचार। विधानसभा क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत तैनात एफएसटी एवं एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने रिसिया मोड,.मटेरा चौराहा तथा थाना नवाबगंज अन्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बार्डर आउट पोस्ट समतलिया के निकट स्थित एसएसटी बैरियर्स का निरीक्षण किया। मटेरा चौराहा पर तैनात एसएसटी के प्रमुख ने बताया कि अब तक 53 वाहनों की जाँच की गयीं हैं। जबकि रिसिया मोड़ पर टीम के प्रमुख ने बताया कि निरीक्षण के समय तक 48 वाहनों की जांच पड़ताल की गयीं हैं। इसी प्रकार समतलिया में तैनात एसएसटी टीम के प्रमुख ने बताया कि 31 वाहनों की जांच की जा चुकी है।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए टीमों को निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता एवं व्यय अनुवीक्षण के पालन सुनिश्चित कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जाय। उन्होंने टीमों को निर्देश दिया कि वाहनों की जांच करते समय वीडियोग्राफी अवश्य की जाय तथा अभिलेखीय साक्ष्य हेतु उसे सुरक्षित भी रखा जाए।

विद्यालय से मिले सम्मान पाकर गदगद हुए मेधावी

▸▸ **सम्मानित किए गए मेधावी, शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल**

मेंहदावल, संतकबीरनगर

अमृत विचार। शहर में स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में मंगलवार को करीब एक दर्जन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में 97.33 प्रतिशत अंक के साथ जिले में प्रथम व प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र चंद्रशेखर शुक्ल, 95.83 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में दूसरे व जनपद में तीसरे स्थान पर रहे देवी नंदन वैभव और विद्यालय में टॉप टेन मेधावियों को प्रतीक चिह्न, मेडल और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इंटरमीडिएट में जनपद स्तर पर चौथा स्थान हासिल करने वाले सत्यम 95.2 व टॉप टेन मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य केपी सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में सत्यम को विद्यालय में प्रथम व जिले में चौथा रैंक हासिल हुआ है। विद्यालय के टॉप टेन रैंकर मेधावियों को प्रतीक चिह्न, मेडल से सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे समाज और इलाके ही नहीं देश का भविष्य हैं। इस मौके पर अध्यापक रवि सिंह, रवि शंकर ने पांडेय , संजय अग्रहरि, सभाचन्द्र समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

लापरवाह 9 सफाई कर्मियों का वेतन बाधित, नोटिस

मेंहदावल, संतकबीरनगर। कार्यों में लापरवाही बरतने और तैनाती स्थल से गायब रहने वाले मेंहदावल विकास खंड में तैनात 9 सफाई कर्मियों का वेतन बाधित किया गया है। 19 अप्रैल को डीपीआरओ अविनाश कुमार ने मेंहदावल विकास खंड के बढ़या, हरपुर चिकनियाडीह, कुसौना कला आदि गांव का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान अपने कार्य स्थल से सफाई कर्मी भास्करधर द्विवेदी, लल्लन प्रसाद, जयराम प्रसाद, नीलम सिंह, मेवालाल, आशा, आशा देवी, कपिलदेव, राजेश कुमार गायब मिले थे। साफ सफाई की स्थिति भी गांवों में काफी बदतर मिली थी। संचारी रोग अभियान चलने के बाद भी गांव में कार्यस्थल पर मौजूद नहीं रहने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी थी। अब इस मामले में सभी 9 सफाई कर्मियों का वेतन तत्काल प्रभाव से बाधित करते हुए इन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीपीआरओ अविनाश कुमार ने बताया कि सफाई कार्यो में लापरवाही बरतने एवं जांच में अनुपस्थित रहने वाले सफाई कर्मियों का वेतन बाधित कर उनसे जवाब मांगा गया है।

वर्ग पहेली-49

बाएं से दाएं

3.1. पहचानना, ताड़ना 2. अनुमान करना, दूर से देखकर समझना।
6.1. शक्ति
7.1. नीचे की ओर झुकने की क्रिया 2. पैर पड़ना 3. गुण
9.1. सिनकने की क्रिया या भाव 2. नाक से निकलने वाला कफ़ या मैल।
10.1. झपटकर या तेज़ी से आगे बढ़ना, तेज़ी से जाना 2. पाने के लिए हाथ बढ़ाना 3. टूट पड़ना।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी वस्तु से अंग लगाना या सटाना, स्पर्श करना 2. उंगली या हाथ लगाना 3. दौड़ या खेल की बाज़ी में जा पकड़ना 4. दान के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना 5. बहुत हलकी चपत लगाना।
2. ओढ़ने का छोटा कपड़ा, ओढ़नी, दुपट्टा, चुनरी।
4. एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का साधन, (ट्रांसपोर्ट)।
5.1. किसी चीज़ में हवा भरना, हवा फूंकने का काम 2. धौंकनी या भाथी से हवा करना, धौंकना 3. भाथी चलाने वाला व्यक्ति 4. धुँकाई, धौंक 5. फूंकने की नली, नरकट।
6. बांस की पतली लचीली फट्टी जिससे टोकरी या पंखे आदि बनाए जाते हैं।
8.1. पाखंडी व्यक्ति, कपटी, वंचक 2. घमंडी 3. प्रताड़ना।



वर्ग पहेली -48 का हल

■	■	■	■	■	1 चि	
2 गु	लं	3 च	■	4 फ़ि	ग	र
■	■	5 ला	6 म	■	प	
7 सु	र	वा	ह	न	■	रि
ले	■	■	ता	■	चि	
मा	■	■	■	8 सा	के	त
9 न	हू	स	त	■	■	■

सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				1	5			6
		2		3	7		5	
	1					3	2	
	9		8			5		
		6				4		
		7			2		1	
	3						8	
	2		1	6				
4	7							3

सुडोकू -127 का हल

6	3	7	9	4	2	5	8	1
8	5	4	7	6	1	9	3	2
1	2	9	5	8	3	4	6	7
9	6	3	4	7	8	2	1	5
5	8	1	3	2	9	7	4	6
7	4	2	1	5	6	8	9	3
2	9	6	8	1	7	3	5	4
4	1	8	2	3	5	6	7	9
3	7	5	6	9	4	1	2	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा पूर्णरात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-स्वाती 25 अप्रैल 12.41 तक तत्पश्चात विशाखा ।

मेष — आज छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको आज लाभ हो सकता है।

वृष — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। आज कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

मिथुन — आज प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर परेशानी होगी। साहस के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी रखनी चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

कर्क — आज घर में नकारात्मक वातावरण हो सकता है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

सिंह — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

कन्या — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिये जा सकते हैं। कारोबार के लिये आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा।

तुला — आज आप सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। जीवनस्तर में वृद्धि होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

वृश्चिक — आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

धनु — आज आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

मकर — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होंगे। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

कुंभ — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। पिताजी के साथ चर्चा लाभकारी रहेगी। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

मीन — आज आपको उदासीन यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। अनावश्यक विचारों के कारण नकारात्मकता महसूस कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम दिवाने — सुबह : 11.40
- धमाल — रात : 07.11

&pictures
- मेरा तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- गजनी — शाम : 04.18

SONY PIX
- सचिन : ए बिलियन ड्रीम्स — सुबह : 09.26
- इन द हार्ट ऑफ द सी — शाम : 06.33

ZEE CINEMA
- दुल्हन — सुबह : 09.10
- बदलापुर — रात : 09.20

colors CINEPLEX
- राफू चक्कर — सुबह : 10.31
- वन टू का फोर — रात : 08.49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :09.20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया...
ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है?
गर्लफ्रेंड - मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है
ऑपरेटर - और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
गर्लफ्रेंड - नहीं, एंबुलेंस तो मेरे बॉयफ्रेंड के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।

वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं, जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं...।

एक नजर

घर के अंदर लटका मिला किशोरी का शव

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार : धम्मौर थाना क्षेत्र के गांव कुड़वा बनकेपुर में सोमवार देर रात युवती रीता (19) पुत्री जय करन का घर के अन्दर कमरे में छत के कुंडे में दुपट्टे से लटका हुआ शव मिला है। धम्मौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का आ रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

क्षत्रिय कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

सुलतानपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के संस्थापक सदस्य और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश सिंह का सोमवार को निधन हो गया। संगठन की जिला इकाई ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दिवंगत की आत्मा की शांति की कामना कर परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर प्रदेश सचिव आरपी सिह, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह राजा, प्रभारी जिलाध्यक्ष बसंत सिंह, कोषाध्यक्ष सर्वेश सिंह, जिला सचिव अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

हनुमान जन्मोत्वव पर किया शरबत वितरण

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के मनियारपुर में हनुमान जयंती पर शरबत वितरण का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ में हनुमान जी की भक्ति भाव से पूजन अर्चना किया गया। इसके बाद यहां लगे स्टाल पर पहुंचे पूर्व डीआईजी स्टांप एमआर गुप्ता ने भी राहगीरों को शरबत पिलाया। कार्यक्रम में अरविंद गुप्ता,धर्मेंद्र उपाध्याय, गोविंद यादव, राजबहादुर शर्मा,राजेश गुप्ता निधि श्रीवास्तव आदि ने सहयोग किया।

मतदाताओं पर प्रभाव डाला तो जेल: डीएम

डीएम और एसपी ने अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जानी हकीकत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: पहले चरण के लोकसभा चुनाव में हुए कम मतदान को देखते हुए अधिक मतदान कराने के लिए अधिकारियों ने कवायद शुरू की है। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है। वहीं डीएम व एसपी मतदाताओं से मिल अधिक मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ज्वांइट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने लम्भुआ कोतवाली परिसर में मतदाताओ व अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीएम ने एसडीएम लम्भुआ दीपक वर्मा से मतदान कैसे अधिक हो इस पर राय ली। मौजूद मतदाताओं से बात चीत करते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुस सलाम को निर्देशित किया कि सभी चिन्हित संवेदनशील व्यक्तियों से सम्पर्क करें, साथ ही मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण करें। डीएम ने बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण समय से कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही एसएचओ व सेक्टर मजिस्ट्रेट को ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदाता पर्ची के वितरण की जानकारी हेतु निर्देशित किया। साथ ही एसडीएम व सीओ को सभी संवेदनशील व्यक्तियों के असलहे जमा कराने के निर्देश दिया। उप जिला मजिस्ट्रेट लम्भुआ से संवेदनशील बूथों व किन बूथों पर बाउंड्रीवाल नहीं है कि जानकारी ली। साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ पेयजल व छाया हेतु टेन्ट की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम, एसपी ,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने विकास खंड भदैया के अति संवेदनशील मतदान केन्द्र कम्पोजिट विद्यालय भदैयां, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भदैया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथों पर विद्युत, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, पेंटिंग, टेन्ट, शौचालय (महिला, पुरुष) वेरिकेटिंग, बूथों की संख्या का अंकन, मॉडल बूथ, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, मेज, कुर्सी, मच्छरदानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मतदान केन्द्रों पर रसोई घर, वेबकॉस्टिंग हेतु सॉकेट, रैम्प आदि का भी निरीक्षण किया। सात मई को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार मतदाता पर्ची का वितरण समय से कर लें। इस मौके पर एसडीएम लम्भुआ दीपक वर्मा, सीओ लम्भुआ अब्दुस सलाम, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ व मतदाता मौजूद रहे।

लंभुआ विधानसभा के संवेदनशील बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम व एसपी।

लोकतंत्र की मजबूती को सभी करें मतदान: बीडीओ

मोतिगरपुर : लोक सभा चुनाव के मद्देनजर लोकतंत्र को मजबूत बनाने और वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विकास खंड मोतिगरपुर के प्रांगण में मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाइक चलाकर हाथों में बैनर तथा जागरूकता संबंधित नारे भी लगाए गए। नारे के साथ विकास खंड से निकली रैली मोतिगरपुर पठकौली में होते हुए मुख्य चौराहे पर आई। यहां मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। मोतिगरपुर बाजार, हांसापुर होते हुए पांडेयबाबा बाजार तक बाइक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। रैली का नेतृत्व खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र त्रिपाठी और एडीओ पंचायत अरविंद प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। मौके पर ग्राम पंचायत सचिव राज बहादुर, रवींद्र दुबे, सुनील कुमार, खंड प्रेरक आशीष पांडेय, बीरबल, संजय, जगलाल, हरीराम सहित सफ़ाई कर्मचारी ,पंचायत सहायक, रोजगार सेवक आदि लोग मौजूद रहे।

लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी

बेसिक की महिला शिक्षकों ने निकाली स्कूटी रैली

डायट परिसर से निकाली गई मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा के निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग की महिला शिक्षकों की ओर से मंगलवार को स्कूटी रैली निकाली गई। डायट प्रांगण में एकत्र महिला शिक्षकों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्कूटी रैली डायट प्रांगण से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए एवं मतदाता जागरूकता की अलख जगाते हुए स्कूटी सवार महिला शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे। मतदाता जागरुकता के नारों से शहर की गलियां गुंजायमान हो उठी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने इस रैली के सफल आयोजन पर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। बीएसए ने कहा कि सभी मतदाताओं को जागरूक करने में एवं मतदान को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की ओर से मतदाता जागरूकता रैली में उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं से अपील की गई कि अपने आस-पास के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करेंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने महिला शिक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि हाउसहोल्ड सर्वे के समय उपस्थित समस्त मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें। मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला समन्वयक एमडीएम संदीप यादव, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, डा. गायत्री सिंह, सीमा सिंह, अर्चना, चित्रांशी, एसआरजी तनुजा पांडेय आदि मौजूद रहे।

शहर में स्कूटी रैली निकालतीं महिला शिक्षक।

पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में सुनवाई टली

लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली-गलौज देने का 10 साल पुराना मामला

सुलतानपुर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र धम्मौर के भांई पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में मंगलवार को कोर्ट रिक्त होने के कारण सफाई साक्ष्य के लिए 29 अप्रैल की तारीख नियत की गई है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने में सरकारी कामकाज मे बाधा ,धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

कोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर कर दी राहत

सुलतानपुर : मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल महिला से अभद्रता, मारपीट और एसिड अटैक करने के आरोपी श्री नारायण तिवारी उर्फ साहेब की अग्रिम जमानत मंजूर कर सेशन जज जेपी पांडेय ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि कोर्ट ने विवेचक को शीघ्र रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। कस्थूनी पश्चिम निवासी आंचल ने बीते साल स्वयं व दादी सुमनलता पर हमला करने, एसिड अटैक करने व मारपीट समेत अन्य आरोपों में शेष नारायन तिवारी, साहब तिवारी और बृजेश कुमारी पर मुकदमा दर्ज कराया था। घटना संपत्ति विवाद में होना बताया गया।

आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण, राहत

सुलतानपुर : दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बरुआ ससरबारी में बीते साल दलित उत्पीड़न, रंजिशन गाली-गलौज, मारपीट व हत्या की धमकी देने के मामले में आरोपी अनीता और नंदलाल ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। विशेष कोर्ट न्यायाधीश राकेश पांडेय ने नियमित जमानत पर सुनवाई में आरोपियों की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपियों के वकील रजनीश शुक्ल ने बताया आरोपी नियमित जमानत की सुनवाई में कोर्ट में हाजिर हुए तथा कोर्ट ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष को सुनने के बाद आरोपियों की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। गांव के दिवाकर, मिथिलेश, नंदलाल व अन्य पर दलित उत्पीड़न, गाली-गलौज, हत्या की धमकी का केस रामभवन की पुत्री रीतू ने बीते साल 29 जून की घटना में केस दर्ज कराया था।

सार-संक्षेप

हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में गूंजे जयकारे

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंदिरों में अनुष्ठान किए गए। दिनभर पूजन-अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। पौराणिक धर्मस्थली बिजेथुआ महावीरन धाम पर बजरंग बली का आकर्षक श्रृंगार किया गया। सामाजिक संगठनों की ओर से राहगीरों को शर्बत पिलाई गई। शिव के 11वें अवतार और प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। कादीपुर तहसील के पौराणिक धर्मस्थली विजेथुआ महावीरन धाम पर जयंती के उपलक्ष्य में दिनभर अनुष्ठान होते रहे। शहर के चौक स्थित हनुमानगढ़ी व रुद्र नगर स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, डाकखाना चौराहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत अन्य धामों पर दिन भर घंटें घरियाल गूंजते रहे।

धनपतगंज में हनुमान जी का श्रृंगार करते पुजारी।

घर से लापता हुई किशोरी, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : परिजन खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच किशोरी घर से गायब हो गई। पिता दुसरे जिले के एक युवक पर नाबालिग किशोरी को भागने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अखंडनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि रविवार की दोपहर वह और परिवार के लोग गेहूं का बोझ ला रहे थे। इसी बीच बीच उनकी नाबालिग बेटी को पड़ोसी जिले जौनपुर का एक युवक भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद पता न चलने पर युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। अखंडनगर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

केएनआई के विद्यार्थियों ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण। अमृत विचार

विद्यार्थियों ने किया आंगनबाड़ी विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण

सुलतानपुर, अमृत विचार : कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुलतानपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वारा मंगलवार को रतनपुर, प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र का शैक्षिक भ्रमण किया गया। भ्रमण में स्नातक के लगभग 70 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आंगनबाड़ी में कार्यरत शिक्षिका गीता ने बताया कि यहां पर बच्चे उचित आहार प्राप्त करते हैं तथा स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की सुविधा प्राप्त करते हैं। इन्होंने कहा कि यहां के बच्चे शिक्षा संबंधित गतिविधियों के साथ साथ खेल-कूद में प्रतिभाग करते हैं। इस अवसर पर शिक्षाशास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर अश्विनी मिश्रा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास की देखभाल करना है। आंगनबाड़ी केंद्र शिशुओं को पोषण सहित उचित आहार, बुनकरी कार्यक्रम, खेल-कूद, अधिकृत शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। इसके अलावा यह संस्थान बच्चों को समाजिक की जानकारी भी प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में किशनी, अल्का सिंह, नैन्सी पांडेय, पुष्पावती तथा संजय कोरी आदि ने प्रतिभाग किया।

आकाश दीप का डीएफओ टेक्निकल पद पर चयन

सुलतानपुर, अमृत विचार : दूबेपुर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय रामापुर के प्रधानाध्यापक अवनीश के पुत्र आकाशदीप सिंह वर्तमान में आईआईटी धनबाद के छात्र का चयन डीएफओ टेक्निकल कैबिनेट सचिवालय, भारत सरकार के पद पर हुआ है। आकाश दीप बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। आकाशदीप के चयन पर प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर के अध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री अयोध्या शमीम अहमद, पूर्व बीआरसी बजरंग यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, राधेश्याम मौर्य, संगठन मंत्री मनीष सिंह, राजनाथ, प्रदीप, सुजीत सिंह, आलोक, दिव्या, मीना आदि ने खुशी जताई है।

शार्ट सर्किट से लगी आग, गेहूं व भूसा जलकर राख

दोस्तपुर के एक गांव के खेत में लगी आग।

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : विद्युत शार्ट सर्किट से थाना क्षेत्र के ग्राम नारा मधयीपुर के सिवान में आग लग गई। देखते देखते बेथरा व अरगूपुर गांव तक पहुंच गई, जिससे राम प्रसाद निषाद मिस्त्री निवासी बेथरा का एक बीघा खडी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। खेतों में दवराही कर भूसा की कई ढेर रखा गया था। वह भी आग में जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड भी पहुंच कर आग बुझाने लगी। उसके निचले हिस्से में आग पकड़ ली। किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। अरगूपुर गांव के लोग बढ़ती आग को रोकने के लिए टैक्टर से खेत की जुताई कर आग को बढ़ने से रोका।

चीनी मिल का विस्तार प्राथमिकता: मेनका

- **चुनावी दौरे के 19वें दिन सांसद मेनका संजय गांधी ने जिले में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर वोट मांगे**

सुलतानपुर

अमृत विचार: पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 19 वें दिन सुल्तानपुर विधानसभा में तूफानी दौरा कर डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर समर्थन मांगा।

इस दौरान श्रीमती गांधी ने कहा कमल का फूल विकास व खुशहाली की गारंटी हैं। विकास और बेहतर भविष्य के लिए कमल को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैंने व विधायक गणों ने साथ मिलकर पांच वर्षों में संसदीय क्षेत्र में 3800 करोड़ के विकास व अन्य कार्य करवाए हैं। बड़े कामों में चीनी मिल का विस्तारीकरण रह गया है ।इस बार यह हमारी प्राथमिकताओं में होगा। उन्होंने कहा फिर भी इस बार चीनी मिल बेहतर ढंग से चली है गन्ना किसानों को पर्याप्त पर्ची मिलने के साथ, गन्ना का भुगतान सप्ताह से पन्द्रह दिन में किया गया है। पांच वर्षों में 5 हजार गरीबों की शादी कराई गई है। पांच वर्षों में कैंप लगाकर हजारों दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण,कान की मशीन,ट्राई साइकिल, व्हील चेयर सहित अन्य समान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने और मैंने 5 सालों में बिना जाति कौम देखें सर्व समाज के लिए काम किया है। हम और हमारे कार्यकर्ता हमेशा गरीबों की मदद करतें हैं। उन्होंने कहा हमारे दरवाजे हमेशा आपकी मदद के लिए खुले हैं। भादा में सांसद मेनका व विधायक विनोद सिंह ने जय गुरुदेव से जुड़े पूज्य संत उमाकांत जी महाराज से मुलाकात की। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया श्रीमती गांधी ने मंगलवार को धरौली, बालीपुर,भादा,मुकुंदपुर, बहरौली,बहलोलपुर, दादूपुर, मुरली नगर, खैचिला कला,गोड़वा कलखुरा,नंदापुर,सराय गोकुल, सेवरा, अमऊ जासरपुर,अतरसुमा कला, धनपतगंज बाजार, शिवनगर व करौंदिया में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

धनपतगंज में नुक्कड़ सभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधी।

विजय नारायण हत्याकांड में कई हैं अनसुलझे सवाल

सुलतानपुर, अमृत विचार: डा. घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सह आरोपी रहे विजय नारायण सिंह को बीती सात अप्रैल की शाम पल्लवी होटल के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने अजय सिंह, दीपक कुमार मिश्रा, जयंत मिश्रा, डा. घनश्याम की पत्नी निशा तिवारी और इनके दो भाइयों व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। वही मुख्य आरोपित अंबेडकरनगर के सिलावट निवासी अजय सिंह सिलावट को घटना की दूसरी रात दूबेपुर के पास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। करीब 15 दिन बाद भी मामले में पुलिस की कार्रवाई सुस्त है। अब तक कई अनसुलझे सवाल भी है, जिनका अभी तक जवाब नहीं मिल पाया है।

> मुख्य आरोपित को गिरफ्तारी कर जेल भेजा जा चुका है। मामले की विवेचना एसओ बल्दीराय कर रहे है। घटना के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है। विवेचना पूरी होने के बाद मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। **-अरुण चंद्र**, अपर पुलिस अधीक्षक

मुख्य आरोपित को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने के बाद अब पुलिस खामोश हो चुकी है। उसकी हत्या किन कारणों से हुई, इसका राजफाश अब तक नहीं हो सका। पुलिस हत्यारोपितों के पास से बरामद बिना नंबर की बाइक के स्वामी की पहचान तक नहीं कर सकी। साथ ही पिस्तौल कहां से लेकर आया था, इसका भी पता नहीं लगा सकी।

रेलवे स्टेशन पर लगी दो एटीवीएम खराब

सुलतानपुर, अमृत विचार: ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट काउंटर पर लाइन न लगानी पड़े, इसके लिए स्टेशन पर तीन एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) लगाई गई थी। बढ़ती भीड़ को देखते हुए दो और एटीवीएम मंगाई गई थीं। इंस्टालेशन के दौरान दो एटीवीएम में से एक खराब निकल गई।

टिकट काउंटर से जनरल व पैसेंजर ट्रेन के टिकट अधिक बिकते हैं। टिकट लेने के लिए यात्रियों को काउंटर पर लाइन लगानी पड़ती है। भीड़ के चलते कई बार तो ऐसा होता है कि टिकट लेने के चक्कर में यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। इसलिए दो ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन और मगाई गई थी। एक साथ पांच मशीनों के चलने से यात्रियों को ए टिकट आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन दो नई आई मशीनों का जब इंस्टालेशन हुआ तो एक मशीन खराब तो वही पहले से लगी एक मशीन खराब निकल गई। जिससे यात्रियों को राहत नहीं मिल सकी।

> नई आई दो एटीवीएम मशीन में इंस्टॉलेशन के दौरान एक में कमी पाई गई है। जिसे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। **- ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव**, मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक

लैब व्यू एप्लीकेशन पर हुआ विशेष व्याख्यान

सुलतानपुर, अमृत विचार: मंगलवार को कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में प्रो. अयूब खान द्वारा लैब व्यू एप्लीकेशन पर विशेष व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि लैब व्यू एप्लीकेशन का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में ग्राफिकल विजुअलाइजेशन में कैसे किया जाता है इस पर चर्चा की। उन्होने बताया कि लैबव्यू विक्रेता की परवाह किए बिना किसी भी उपकरण से जुड़ सकता है।साथ ही उन्होंने लैब व्यू एप्लीकेशन के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान के दौरान विभागाध्यक्ष प्रो हर्ष विक्रम सिंह, प्रो वाई के मिश्रा, प्रो आर के सिंह, प्रो यश पी गंगवार तथा अन्य प्रोफेसर मौजूद रहे।

वाराणसी के उपनिरीक्षक संदीप आए प्रथम

- **प्रशिक्षण में दिये गये ज्ञान का प्रयोग विवेचनाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में करें उपनिरीक्षक : एसपी**

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: पुलिस प्रशिक्षण संस्थान सुलतानपुर में तीन नये कानूनों-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में चल रहे प्रशिक्षण का प्रथम चरण मंगलवार को संपन्न हुआ।

पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रथम चरण में कमिश्नरेट लखनऊ, कमिश्नरेट वाराणसी, जनपद सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर और अयोध्या के कुल 136 पुलिस उपनिरीक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षणोपरांत इन विषयों की परीक्षा ली गई, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए। वाराणसी कमिश्नरेट के उपनिरीक्षक संदीप सिंह ने प्रथम, जनपद अम्बेडकर नगर के उप निरीक्षक मयंक सिंह ने द्वितीय तथा कमिश्नरेट लखनऊ के उपनिरीक्षक शिशिर कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए एसपी प्रशिक्षण ने प्रशिक्षणार्थियों से अपेक्षा की कि वे संस्था से प्राप्त इस ज्ञान का प्रयोग अपनी विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने में करेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, विजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक महेश कुमार, लल्लन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक, सूबेदार मेजर एवं सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में तीन नए कानूनों को लेकर उप निरीक्षकों को दी गई ट्रेनिंग।

परेशानी सहालग में बस स्टेशन पर नहीं मिलतीं बसें, निगम के पास बसों का अभाव

प्रयागराज या वाराणसी जाना है तो जाइए पयागीपुर

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: प्रयागराज या वाराणसी अगर आप जा रहे हैं तो आपको पयागीपुर चौराहा जाना पड़ेगा। रोडवेज स्टेशन से बस मिलना मुश्किल है। ऐसा हम नहीं निगम का कहना है। सहालग तेज होने से बस स्टेशन पर लोगों की भीड़ जुटने लगी है। परिवहन निगम की 21 बसों के चुनाव ड्यूटी में लगने से यात्रियों को गंतव्य तक जाने के लिए कड़ी धूप में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। वाराणसी, शाहगंज, प्रयागराज और अकबरपुर को जाने वाले यात्री परेशान दिखे।

रोडवेज परिसर में कुछ इस तरह धूप से बचाव करने को मजबूर हैं यात्री। अमृत विचार

महकमे की 125 बसें विभिन्न रूटों पर चलती हैं। इसमें 65 निगम और 60 अनुबंधित बसें शामिल हैं। पिछले दिनों लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए 17 बसें बिजनौर भेज दी गई थी। वहा से पहले चरण के चुनाव के बाद अब बसे गाजियाबाद चली गई है। चार बसों में अर्ध सैनिक बलों के जवान चल रहे हैं। ऐसे में निगम के पास बसों का अभाव हों गया है। तेज़ गर्मी व धूप के साथ सहालग ने भी जोर पकड़ लिया है। आसपास के जिलों में रिश्तेदारी में जाने वाले लोग रोडवेज बस स्टेशन पहुंच रहे हैं।यहां पहुंचने पर उन्हें बसों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। बसों की कमी के चलते मंगलवार को शाहगंज, अकबरपुर और वाराणसी जाने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ा। रोडवेज के संचालन व्यवस्था प्रभारी ने बताया कि यात्रियों की उपलब्धता के अनुसार उन्हें गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। सहालग के चलते कुछ भीड़ बढ़ी है।

चिलचिलाती धूप में भटक रहे हैं यात्री

घरों से निकल अपने गंतव्य स्थल जाने के लिए रोडवेज स्टेशन पहुंचता है तो घंटो इंतजार करना पड़ता है। मंगलवार की दोपहर बस स्टेशन पर बस की छांव में खडे होकर बस का इन्तजार करते नजर आए। वही वाराणसी जाने के लिए महिला ने पूछताछ की तो एक कर्मी ने बताया कि पयागीपुर में बस मिल जाएगी। वही प्रयागराज जाने के लिए भी पयागीपुर ही जाना पड़ रहा है। वही अमेठी से परिवार सहित आएं युवक को अंबेडकर नगर वैवाहिक समारोह में शामिल होने जाना था। घंटों इंतजार करने पर जब बस नही मिली तो किसी ने बताया कि गोलाघाट पुल पार करते ही निजी बस मिलेगी। ई रिक्शा में वह परिवार गोलाघाट चला गया।

मामूली विवाद पर युवक को पीटा

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार: धम्मौर थाना क्षेत्र के नोनरा (टिकरिया) गांव निवासी अमन मंगलवार को सुबह 10 बजे भांई गांव स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवाने गया था। पेट्रोल पंप पर ही थाना क्षेत्र के भांई गांव निवासी सुखदेव भी तेल लेने पहुंचे थे। तेल डलवाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। घायल अमन का आरोप है कि सुखदेव अपने अन्य कई लोगों के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। बचाने आए पिता राम सजीवन की भी दबंगों ने जमकर पिटाई की। अमन के शरीर में काफी चोटें आईं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

एक नजर

खून से लथपथ युवक की लाश मिली

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लिपटा युवक का लाश बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। जानकारी के मुताबिक खेसरहा थाना क्षेत्र के गंगोता वह कोटिया के बीच बाग में खून से लथपथ एक युवक की लाश दिखाई दी। जिसे देखकर वहां ग्रामीण इकट्ठा हो गए और यह खबर जंगल में आग की तरफ फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह युवक की महुलानी गांव का है किंतु नाम पता नहीं चल सका। पुलिस उसकी पहचान करने में लगी है युवक वहां कैसे पहुंचा और कैसे उसकी हत्या हुई। पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है।

गलती से ट्रांसफर हुए रुपये साइबर सेल ने वापस कराया

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शिकायतकर्ता के खाते से गलती से ट्रांसफर हुए सम्पूर्ण धनराशि रूपये 10,000 साइबर सेल ने वापस कराया। प्रभारी साइबर सेल प्रभारी अरुण कुमार व टीम साइबर सेल द्वारा राम कुमार यादव निवासी देउरा जंगल थाना सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए राम कुमार यादव के खाते में सम्पूर्ण धनराशि रूपये 10000 वापस कराये गए। इस संबंध में शिकायतकर्ता राम कुमार यादव से पैसा ट्रांसफर करते समय गलती से अज्ञात व्यक्ति के खाते में कुल धनराशि 10,000 ट्रांसफर हो गया था शिकायतकर्ता द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी जब धनराशि वापस नही मिल सकी तो उक्त घटना की सूचना साइबर सेल को दी गई। शिकायत के आधार पर साइबर सेल टीम की मदद से कार्यवाही करते हुए राम कुमार यादव के खाते में सम्पूर्ण धनराशि वापस कराया गया। साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए राम कुमार यादव द्वारा प्रशंसा की गयी।

हादसों का दावत दे रही सड़क पर बनी जर्जर पुलिया

घोसियारी-पड़री मार्ग पर स्थित नहर की जर्जर पुलिया। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। खेसरहा ब्लॉक क्षेत्र के घोसियारी-पड़री मार्ग पर बनी पुलिया की ईटें पिछले कई दिनों से निकल रही हैं। जिससे पुलिया जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार विभाग को पुलिया की स्थिति की जानकारी नहीं है फिर भी जिम्मेदार उस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। समय रहते यदि पुलिया की मरम्मत नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

जानकारी के अनुसार घोसियारी पड़री मार्ग पर रिउना में बनी पुलिया की छत टूट चुकी है। 1 किलोमीटर आगे जाने पर धमौरा में स्थित पुलिया की ईंट नीचे से निकल रही है जिससे किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता इस मार्ग पर कई परिषदीय विद्यालय व इंटरमीडिएट कॉलेज भी हैं। बड़ी संख्या में लोग बस्ती खलीलाबाद गोरखपुर की यात्रा इसी मार्ग से करते हैं, फिर भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्राम रिउना निवासी नारद मिश्रा का कहना है कि गांव में बनी पुलिया में 3 साल से होल हो गया है विभाग द्वारा सड़क बना दी जाती है, लेकिन पुलिया की मरम्मत नहीं की जाती। इस से खतरा सदैव कायम रहता है। क्षेत्र के तपानाथ सरस्वती इंटर कॉलेज धमौरा के प्रधानाचार्य रामनिवास कुशवाहा का कहना है कि इसी मार्ग से सैकड़ो बच्चे विद्यालय आते जाते हैं इसलिए इसकी मरम्मत अच्छी सी होनी चाहिए। इसके अलावा क्षेत्र के रामानंद, आनंद, विनोद त्रिपाठी, वीरेंद्र, राज, कृष्ण मणि त्रिपाठी आदि लोगो का कहना है कि शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है हादसा होने के बाद ही पुलिया की मरम्मत विभाग कराएगा। बीडीओ खेसरहा विजय सिंह का कहना है कि जिम्मेदारों को भेजकर पता करवाते हैं। जल्द ही पुलिया की मरम्मत करा दी जायेगी।

53 दिनों में 47 किसानों से 5148 क्विंटल खरीदा गेहूं

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। गेहूं खरीद केंद्रों पर अब तक गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। डुमरियागंज क्षेत्र के तीन गेहूं खरीद केंद्रों पर 53 दिन बीतने के बाद भी अभी तक गेहूं खरीद की रफ्तार में तेजी नहीं आ पाई है। इन केंद्रों पर अभी तक सिर्फ 47 किसानों से 5148 क्विंटल गेहूं की खरीद हो पाई है।

नवीन मंडी स्थल शाहपुर में खाद विभाग की ओर संचालित राजकीय गेहूं क्रय केंद्र के तीन केंद्र खुले हैं। डुमरियागंज के नाम से खुले केंद्र पर 15 किसानों से 1258 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। वहीं, भनवापुर के नाम से खुले केंद्र पर 17 किसानों से 2000 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है। शाहपुर के नाम से भी मंडी परिसर में एक के केंद्र खुला है। इस केंद्र पर 15 किसानों से 1890 क्विंटल गेहूं का खरीद हुआ है। केंद्र प्रभारी धीरेंद्र कुमार पांडेय ने कहा गेहूं खरीद की धीमी रफ्तार को देखते हुए प्रमुख सचिव और डीएम का निर्देश है कि गांव-गांव जाकर किसानों को आग्रह कर गेहूं बेचने वाले किसानों को घर पर ही बोरे देकर तौल कराया जाए।

100 स्टेशनों पर लगाए 150 इकोनॉमी मील काउंटर

लंबा सफर तय करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की योजना

गोरखपुर

अमृत विचार। भारतीय रेल द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों को खाने-पीने की सामग्री इकोनॉमिकल दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। लम्बी दूरी की ट्रेनों में सामान्यद्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचों के सामने ही इकोनॉमी मील तथा पानी के स्टॉल लगाये जा रहे हैं, जिससे सामान्य द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को खाने-पीने की सामग्री उनके कोच के पास ही उपलब्ध हो सके। भारतीय रेल पर 100 स्टेशनों पर 150 इकोनॉमी मील काउंटर संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं., लखनऊ जं., छपरा जं., सीवान जं., मऊ जं., बनारस एवं काठगोदाम स्टेशनों पर इकोनॉमी मील यात्रियों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

यात्री को पानी की बोलते देते आरपीएफ के जवान। अमृत विचार

यह इकोनॉमी मील रू. 20/- मात्र के अंतर्गत 07 पूरी (175 ग्राम), सूखी आलू की सब्जी (150 ग्राम) एवं अचार (12 ग्राम) बेहतर क्वालिटी पेपर बॉक्स के साथ उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त अचार के साथ लेमन राइस (200 ग्राम), अचार के साथ कर्ड राइस (200 ग्राम), अचार के साथ टैमरिंड राइस (200 ग्राम) एवं अचार के साथ दाल खिचड़ी (200 ग्राम) में से कोई एक रू. 20/- मात्र वुडेन चम्मच के साथ एल्युमिनियम फॉयल कैसरोल में उपलब्ध है।स्नैक्स/कॉम्बो मील रू. 50/- मात्र के अंतर्गत स्नैक्स/कॉम्बो मील (350 ग्राम) क्षेत्रीय व्यंजन कैसरोल में उपलब्ध है।

इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव कराने के क्रम में सभी स्टेशनों पर शुद्ध पेय जल की उपलब्धता हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इस रेलवे के तीनों मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के लिये शीतल पेय जल की व्यवस्था हेतु कुल 220 वाटर कूलर सहित पर्याप्त संख्या में पीने के पानी हेतु नल एवं हैंड पम्प कार्यशील हैं। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

रेलवे स्टेशन पर यात्री को पानी की बोतल देता कर्मचारी। अमृत विचार

कई गाड़ियों का किया गया मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर, अमृत विचार। दक्षिण मध्य रेलवे के सिकन्दराबाद मण्डल के बोनो कालु-चिंतकानी-पंडिलपल्ली, इरूपालम-तोंडनगोपावरम्-मधिरा तथा काजीपेट-विजयवाड़ा खण्डों पर तीसरी लाइन की कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इण्टरलॉक एवं नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अम्बाला कैंट-सानेह वाल खंड के शम्भू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन मार्ग परिवर्तन किया गया है। जम्मूतवी से 23 अप्रैल, को चलने वाली 15098 जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चण्डीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है।

हनुमान जन्मोत्सव पर बही भक्ति की बयार

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्राचीन ऐतिहासिक धाम भारतभारी में धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भरत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत जागरण व प्रसाद वितरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा हनुमान जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पणकर विधिवत पूजन, आरती व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बजरंगबली की आराधना कर समस्त क्षेत्र व क्षेत्रवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में संतों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों से बने भक्तिरस से सराबोर माहौल में श्रद्धालुगण जमकर झूमे। श्रवण सुल्तानपुरी, अंशिका सुल्तानपुरी के द्वारा प्रस्तुत गीतों से सभी भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमते नजर आयें। श्रवण सुल्तानपुरी के द्वारा प्रस्तुत मुझे मिले जन्म जब मिले अयोध्या नगरी ने...., किजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा एक काम...., कलयुग राम युग आया हैं, हनुमान तुम्हारी माया हैं...., मेरी विनती सुनो राघव तेरे दरबार आया हूं..... व अंशिका सुल्तानपुरी द्वारा प्रस्तुत श्रीराम की गली में तुम जाना वहां नचाते मिलेंगे हनुमाना..., छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना... आदि एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की जिससे उपस्थित श्रोता झूमते नाचते रहे। इस दौरान पुजारी कृष्णमणी दास, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय, शत्रुहन सोनी, उदयशंकर श्रीवास्तव, अभिषेक युवराज, बालकेश चौधरी आदि मौजूद रहे। सोनवल में मिश्रा परिवार में सुंदरकांड का पाठ कर कर प्रसाद वितरण कराया गया।

श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित जागरण में भजन प्रस्तुत करते गायक।

आज से ट्रेनों के बढ़ेंगे फेरे

गोरखपुर

अमृत विचार। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05721/05722 कटिहार-आनन्द विहार टर्मिनस-कटिहार ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी। बताया कि 05043/05044 रामनगर-लखनऊ जं.-रामनगर ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन रामनगर से 26 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को तथा लखनऊ जं. से 26 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को 20 फेरों के लिये किया गया था। यह गाडी ऐशबाग में शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजिनेट होगी। 05325/05326 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन प्रतिदिन विशेष गाड़ी गोरखपुर से 25 अप्रैल से 10 मई तक (27 अप्रैल को छोड़कर) तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 अप्रैल से 12 मई, 2024 तक (29 अप्रैल को छोड़कर) से 15 फेरे के लिए चलायी जायेगी। 01925/01926 वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.-छपरा-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी गोरखपुर से 24 अप्रैल से 26 जून, 2024 तक प्रत्येक बुधवार को तथा छपरा से 25 अप्रैल से 27 जून, 2024 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 10 फेरों के लिए चलायी जायेगी।

सार-संक्षेप

यात्रियों को बेहतर सेवाए दे रहा भारतीय रेलवे

नई दिल्ली, अमृत विचार। भारतीय रेलवे ने 1 से 21 अप्रैल के दौरान 41.16 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई है। भारतीय रेलवे ने पिछले दो दिनों 20 और 21 अप्रैल में 3.38 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई। पिछले 7 दिनों 15-21 अप्रैल में 13.69 करोड़ यात्रियों ने यात्रा कराई गई है। यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान देते हुए रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस साल रेलवे द्वारा रिकॉर्ड संख्या में अतिरिक्त ट्रेनें ग्रीष्म ऋतु के दौरान 9111 यात्राएं संचालित की जा रही हैं। सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था की गई है। भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए इन स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात हैं। सामान्य श्रेणी के डिब्बों में प्रवेश के लिए कतार प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभिक स्टेशनों पर आरपीएफ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर कड़ी नजर रखने और यात्रियों को वास्तविक समय पर सहायता प्रदान करने के लिए सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में कुशल आरपीएफ कर्मचारियों को तैनात किया गया है। भारी भीड़ के दौरान किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मचारियों को फुट-ओवर ब्रिज पर तैनात किया जाता है। यात्रियों को पूछताछ में मदद के लिए अतिरिक्त सहायता डेस्क और काउंटर स्थापित किए गए हैं। रेलवे लगातार यात्रियों की सुविधाओंके लिए तत्पर है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

आवेदनों की जांच में अपात्र पाए गए 266 लाभार्थी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जिले के चार नगर निकायों में किए गए 4407 आवेदनों की जांच में अपात्र पाए गए 266 लाभार्थियों से आपत्ति मांगी गई है। नगर पालिका सिद्धार्थनगर में 1309 लोगों ने प्रधानमंत्री शहरी आवास के लिए आवेदन किया था। इसके लाभार्थियों के स्वीकृत डीपीआर में अटैचमेंट एवं जियो टैग के समय 120 लाभार्थी अपात्र पाए गए। इसी तरह नगर पंचायत शोहरतगढ़ में आवेदन किए 412 लाभार्थियों में 36 अपात्र मिले, इटवा में 1476 लाभार्थियों में 85 और नगर पंचायत कपिलवस्तु में 1210 लाभार्थियों में 35 अपात्र पाए गए। डूडा की तरफ से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के स्वीकृत डीपीआर में अपात्रों की सूची संलग्न कर इन नगर निकायों को भेजा है। जिसे नगर निकाय कार्यालय पर चस्पा कर अपात्र घोषित लाभार्थियों से सात दिन के अंदर आपत्ति मांगी गई है। जिसके बाद आपत्तियों का विवरण डूडा को भेजा जाएगा। जहां आपत्तियों का निस्तारण कर अपात्रों का नाम सूची से हटाया जाएगा। बताया गया कि नगर निकायों में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों की सूची चस्पा होने के बाद मिली आपत्तियों का विवरण 25 अप्रैल तक डूडा को भेजा जाना है। परियोजना अधिकारी डूडा का कहना है कि आपत्तियों का विवरण मिलने के बाद उसका निस्तारण कर अपात्रों के नाम हटाकर आवास के लाभार्थियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

पराली न जलाने को लेकर किया गया जागरूक

गोरखपुर, अमृत विचार। जागरूकता अभियान बाबत पराली न जलाने व रेल परिसर में अनाधिकृत प्रवेश नहीं करने के संबंध में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह साथ जूनियर इंजीनियर /रेलपथ, राकेश कुमार यादव मय स्टाफ रेलवे परिसर तथा ट्रैक किनारे आसपास के क्षेत्र में पराली न जलाने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाकर उदितपुर खास एवं आसपास के गांव में ग्रामीणों को इकट्ठा करके जागरूक किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

पिता ने ही की थी बेटी की हत्या

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। शोहरतगढ़ क्षेत्र के खरगवार गांव में 11 फरवरी को हुई ऑनर किलिंग के मामले में पुलिस ने विवेचना पूरी करके चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दिया है। अभी मामले की सुनवाई शुरू नहीं हुई। जल्द ही मामले की सुनवाई शुरू हो सकती है। बता दें कि 11वीं की छात्रा संध्या प्रजापति की हत्या का आरोप उसके पिता प्रहलाद प्रजापति पर ही है। आरोप है कि संध्या को दूसरी जाति के लड़के प्यार करना भारी पड़ा। आरोपी पिता को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने ऑनर किलिंग के इस मामले की विवेचना गहनता से की है। इसमें कई अहम साक्ष्यों का संकलन किया है जो सुनवाई में अहम साबित हो सकता है।

दूसरी जाति के लड़के से प्यार पर संध्या को गंवानी पड़ी जान

बता दें कि शोरतगढ़ थाने के खरगवार गांव की छात्रा संध्या प्रजापति (17) 11 फरवरी को शिवपति इंटर कॉलेज में घर से परीक्षा देने की बात कहकर निकली थी। लेकिन व शाम तक घर नहीं लौटी। दूसरे दिन सुबह लगभग 7 बजे गांव के पूरब बने प्राथमिक विद्यालय के पास बाग में शव पाया गया था। लाश उसके भाई ने देखा था। सूचना पर घटना स्थल पर पुलिस भी पहुंच कर फोरेंसिक टीम के साथ शव का पंचनामा किया। गांव के ही एक युवक अंकित जो उसका कथित प्रेमी था, उस पर हत्या का आरोप लगाया था। जांच में पिता ही कातिल पाया गया। जो बेटी को युवक से मिलने से मना कर रहा था। मानी नहीं तो योजना बनाकर हत्या कर दी और पत्नी से आरोप युवक पर मढ़वा दिया। घटना के तीसरे ही दिन पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर आरोपी पिता को जेल भेज दिया। शोहतगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडेय ने बताया कि छात्रा की हत्या के मामले की विवेचना पूरी कर ली गई है। साक्ष्य संकलन के साथ ही चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दिया गया है।

सैन्य प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होंगे एनसीसी कैडेट

गोरखपुर, अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स दस दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लेंगे। 102 यू पी बटालियन द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिकी प्रशिक्षण शिविर समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, धनेवा -धनेई, महाराजगंज में राष्ट्रीय कैडेट कोर के 31कैडेट्स सैन्य प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित हुए। कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल बाजपेई और कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने शुभाशीष दिया। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के 102 यू पी एनसीसी यूनिट का नेतृत्व कर रहे ए. एन.ओ डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कैडेट्स के सैन्य प्रशिक्षण शिविर से कैडेट्स मे अनुशासन, आत्मविश्वास, राष्ट्र सेवा का भाव जाग्रत होगा। शिविर में कुशल प्रशिक्षको द्वारा सैन्य प्रशिक्षण के विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैडेट्स को रवाना होने से पूर्व संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो सुनील कुमार सिंह ने शुभकामना देते हुए कहा कि एनसीसी अनुशासन के साथ आत्मविश्वास कुशल नेतृत्व, सैन्य और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है।

चुनावी रणनीति | लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज में भाजपा चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक

जनसंपर्क व संवाद से बूथ पर मिलेगी विजय

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा/विधान परिषद सदस्य एंव गोरखपुर क्षेत्र के प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों को बूथ विजय का मंत्र दिया और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का समीक्षा कर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनावों में मिले भाजपा के वोट में और वोट जोड़कर वृद्धि करना है। नियमित प्रवास के साथ बूथ पर सक्रियता संपर्क व संवाद से बूथ विजय का लक्ष्य प्राप्त होगा। भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के साथ देश के सामने है। 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीतना जरूरी है। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को और नरेंद्र मोदी के भेजे गए पत्र को हर घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा राय, लोकसभा संयोजक राम कुमार कुंवर, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, बृज बिहारी मिश्रा, साधना चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, विजयकांत, मधुसूदन, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा अखिल देव त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, भाजयुमो विकास रस्तोगी, सहित विधानसभा प्रभारी, संयोजक व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक करते भाजपा चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

विशेष गाड़ी का संचालन आज से

गोरखपुर, अमृत विचार। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 24 अप्रैल को 04051 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन दरभंगा से, 04037 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 25 अप्रैल को, 04033 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन मुजफ्फरपुर से 24 अप्रैल को, साबरमती-गोरखपुर-साबरमती विशेष गाड़ी का संचलन 23 अप्रैल को तथा गोरखपुर से 25 अप्रैल को एक फेरे के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

चुनाव से 72 घंटे पहले होगी नेपाल बॉर्डर पर सघन जांच : एडीजी जोन

गोरखपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए ए डी जी जोन डॉ. के एस प्रताप कुमार ने बताया कि इंटरनेशनल इंडो नेपाल बॉर्डर पर पुलिस व एसएसबी के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया जाएगा। चुनाव के 72 घंटे पहले बॉर्डर पर चेकिंग की जाएगी। इसके लिए 103 चेक पोस्ट बनाए गए हैं जहां पर पुलिस बल तैनात रहेंगे।

एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप ने बताया कि मादक पदार्थ शराब की तस्करी आदि गतिविधियां रोकने के लिए गोरखपुर जोन के पांच जिला और लखीमपुर खीरी और पीलीभीत मिलकर सात जिले नेपाल बॉर्डर को टच करते हैं ऐसे में यहां पर दो शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है और चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग की जाएगी एसएसबी के अधिकारियों का अच्छा सपोर्ट मिल रहा है बॉर्डर की सुरक्षा को लेकर मेरे द्वारा लगातार मीटिंग की गई है नेपाल के रूपाडीहा और महाराजगंज जिले में बैठक करके अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए यहां पर चौकसी बरती जाए इसके साथ ही चेक पोस्ट पर नेपाल फोर्स, नेपाल प्रहरी का पूरा सहयोग मिल रहा है।

103 चेक पोस्ट बनाए गए, नेपाल का भी मिल रहा सहयोग

एडीजी जोन डॉ केएस प्रताप।

नेपाल के पुलिस अधिकारियों को यहां के संदिग्धों व अपराधियो की सूची दी गई है। उनपर कार्यवाही करने के लिए जो वहाँ पर रह रहे है। नेपाल के पुलिस अधिकारियों ने भी भारत में उनके यहाँ के संदिग्धों की सूची दी है। दोनों देशों के तालमेल से लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए प्रचार सामाग्री तैयार करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। इस काम को करने वाले कारीगर इस बार कुछ अलग करने की चाहत में हैं। इसी क्रम में नेताओं और चुनाव चिन्ह के कटआऊट तैयार करने के आर्डर विभिन्न दलों से कारीगरों को मिले हैं। भाजपा कार्यालय लखनऊ के सामने ऐसा ही एक कटआउट तैयार करता कारीगर कैमरे में कैद हुआ। अमृत विचार

राजपूत राजनीति पर फिसलती विपक्ष की पीडीए पॉलिटिक्स

अखिलेश और मायावती के बीच राजपूत राजनीति पर खींचतान

भाजपा ने कहा, चुनाव में कोई मुद्दा न होने के कारण विपक्ष कर रहा नाटक

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। 'पीडीए पॉलिटिक्स' को धार देने के साथ सपा और बसपा ने अचानक 'राजपूत राजनीति' का रूख क्यों कर लिया? खासकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनसभाओं में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती के बयान इस सवाल का जवाब तलाशने को मजबूर करते हैं।

पश्चिम से हवा उड़ी है कि राजपूत भाजपा से नाराज हैं। इसी उड़ी हवा में दोनों ही दल अपने-अपने 'राजनीतिक संदेश' को घोलकर फैलाने की फिराक में हैं। हालांकि, भाजपा के नेताओं का स्पष्ट कहना है कि सब विपक्षी पार्टियों का प्रॉपगेंडा है, उनके पास इस चुनाव में कोई मुद्दा नहीं।

बहरहाल, चुनाव का मौका नाराजगी प्रकट करने का सुअवसर भी होता है। यानि सबकुछ अगर चुनावी ही मान लें तो भी सपा और बसपा जैसी विपक्षी पार्टियां क्षेत्र विशेष में इसे अपने लिए अवसर देख रही हैं। विपक्षी दलों ने भाजपा के कथित नाराज इस कोर वोटर्स तक पहुंच बनाने की कोशिशें तेज कर दीं हैं। विपक्ष ने इसी कड़ी में सिखों पर भी नजरें गड़ा रखी हैं।

सपा भी कर रही टोपी से पगड़ी को आकर्षित

इससे दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी गौतमबुद्ध नगर की रैली में क्षत्रिय समाज के मौजूद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा, मैं सिर पर पगड़ी देख रहा हूं. जो लोग पारंपरिक रूप से किसी अन्य पार्टी को वोट देते रहे हैं, यहां अपनी पार्टी की पहचान लाल टोपी पहने अखिलेश बोले, मैं इस बार उनकी राजनीतिक जागरूकता के लिए आभारी हूं कि वे सम्मान और पगड़ी के साथ साइकिल का समर्थन करने जा रहे हैं। सपा प्रमुख के इस बयान पर सपा के गौतमबुद्ध नगर जिला सचिव हेमंत राघव का तर्क है कि, 'जनता में पगड़ी पहने लोग क्षत्रिय थे और जब अखिलेश यादव ने उनकी मौजूदगी को देखा तो प्रतिक्रिया दी। राघव ने दावा किया कि क्षत्रिय इस बार सपा का समर्थन करने जा रहे हैं क्योंकि वे भाजपा से नाराज हैं।

बसपा भी क्षत्रियों की नब्ज पकड़ने की फिराक में

बसपा नेत्री मायावती ने रविवार को गाजियाबाद में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को उठाया। वहां उन्होंने कहा कि भाजपा क्षत्रियों को नजरंदाज कर रही है। मायावती के मुताबिक, उप्र. में सभी धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं लेकिन पश्चिमी यूपी में अपर कास्ट समाज में से क्षत्रिय समाज के लोग काफी बड़ी तादाद में रहते हैं। भाजपा और अन्य पार्टियां अपने आपको क्षत्रियों की हिमायती समझती हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा और दूसरी पार्टियों ने क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है।

यह तो सपा-कांग्रेस का नैरेटिव है

हर चुनाव में सपा-कांग्रेस नैरेटिव चलाते हैं कि भाजपा से एक वर्ग नाराज है। इस बार चलाया है कि ठाकुर नाराज हैं। हमसे कोई नाराज नहीं, यदि नाराज हैं तो ये हमारा आपसी मामला है। सपा-कांग्रेस से पूरा उत्तर प्रदेश नाराज है। -राजनाथ सिंह

नीरज सिंह ने दूर किया भ्रम

बहरहाल, चर्चा है कि भाजपा क्षत्रियों की नाराजगी को भांपते हुए अपने नेताओं को समुदाय के लोगों को मनाने के लिए भेज रही है। इस बीच राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह का एक बयान प्रभावी माना जा रहा है। नीरज सिंह ने मीडिया को दिए एक वीडियो संदेश में कहा कि, जिस क्षत्रिय समाज को लेकर विपक्ष मुद्दा बनाने की चाहत में है, जनता को यह समझना होगा कि न केवल उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री क्षत्रिय समाज से हैं बल्कि देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी इसी समाज से हैं। ये राष्ट्रीय नेता हैं, इन्हें जाति के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। हालांकि, पार्टी ने उत्तर प्रदेश से 11 उम्मीदवार भी इसी समाज से दिए हैं।

कांग्रेस की नीति गरीबों और वंचितों के लिए समर्पित: नरेन्द्र त्रिपाठी

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस हमेशा गरीब और वंचितों के लिए खड़ी रहती हैं। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और देश के हर वर्ग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। कांग्रेस पार्टी जब सत्ता में थी तब हर समुदाय के वर्ग का सम्मान होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब सिर्फ अमीरों की सुनी जाती है और उनके लिए सरकार काम कर रही हैं। यह बात मंगलवार को एक बैठक में जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सिर्फ अमीरों के लिए काम कर रही है। बेरोजगार नौकरी के लिए मारा मारा फिर रहा है लेकिन उसे नौकरी नहीं मिल रही हैं। किसान आत्महत्या कर रहा है लेकिन यह सरकार किसानों के लिए मौन हैं। लोकसभा के चुनाव शुरू हो गए है और जनता वोट के माध्यम से अपना जवाब दे रही है। जल्द ही भाजपा सरकार की आंखे खुलेंगी जब वह सत्ता से बाहर होगी। कांग्रेस सरकार हमेशा से गरीब और वंचितों के लिए समर्पित रहीं हैं।

ददरौल विधानसभा सीट के लिए एक का नामांकन

चौथे चरण के लिए 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। चौथे चरण में लोकसभा की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए मंगलवार को 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें धौरहरा सीट के लिए भाजपा से रेखा वर्मा व सपा से आनंद भदौरिया, उन्नाव सीट के लिए सपा से अन्नू टंडन, बसपा से अशोक कुमार, फर्रूखाबाद सीट के लिए भाजपा से मुकेश राजपूत, कन्नौज सीट के लिए भाजपा से सुब्रत, बहराइच सीट के लिए भाजपा से आनंद कुमार आदि प्रत्याशी शामिल हैं जबकि ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए एक प्रत्याशी भाजपा से अरविंद कुमार सिंह ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में तीन, धौरहरा में तीन, सीतापुर में पांच, हरदोई में दो, मिश्रिख में एक, उन्नाव में तीन, फर्रूखाबाद में तीन, इटावा में तीन, कन्नौज में तीन, कानपुर में छह, अकबरपुर में दो व बहराइच में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों पर अब तक 80 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अरुण कुमार सागर ने नामांकन पत्र भरा गया। सीतापुर लोकसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से महेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चन्द्रशेखर ने नामांकन किया। कानपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कुलदीप भदौरिया ने नामांकन किया। अकबरपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार द्विवेदी व समाजवादी पार्टी से राजाराम पाल ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जायेगी।

भइया बनने जौनपुर आए मुंबइया

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे कृपा शंकर सिंह अब जन्मभूमि से बनना चाहते हैं सांसद

धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह और बाबू सिंह कुशवाहा से मिल रही कड़ी चुनौती

विपिन शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : इमरती की मिठास के लिए मशहूर जौनपुर की राजनीति कड़वाहट भरी रही है। यहां के मतदाता को न फिल्मी ग्लैमर ने लुभा पाया और न ही बाहुबल झुका पाया। मतदाता बस जातीय बयार के साथ उड़ते रहे हैं। जाति की इसी बयार के भरोसे मुंबइया कृपा शंकर सिंह अब जौनपुर के भइया बनने आए हैं। क्षत्रियों के दबदबे वाले जौनपुर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए 18 चुनावों में 10 बार क्षत्रिय बिरादरी का सांसद चुना गया। मतदाताओं ने 4 बार यादव और 2 बार ब्राह्मण जाति के प्रत्याशी के माथे पर विजय तिलक लगाया। एक बार मुस्लिम और एक बार सन्यासी को संसद भेजा।

जौनपुर संसदीय क्षेत्र में 87 प्रतिशत हिन्दू, 12 प्रतिशत मुस्लिम और 1 प्रतिशत अन्य धर्मों के मतदाता हैं। जातिगत आंकड़ों की बात करें तो सबसे अधिक करीब ढाई लाख ब्राह्मण, करीब दो लाख क्षत्रिय और सवा दो लाख यादव मतदाता हैं। इसके अलावा सवा दो लाख मुस्लिम और करीब दो लाख 40 हजार अनुसूचित जाति के वोटर हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं में पासी बिरादरी के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। जातीय गुणाभाग से सभी दलों ने चुनावी द्वंद्व में योद्धा उतारे हैं। बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीकला सिंह को टिकट दिया है।

भाजपा ने भी महाराष्ट्र प्रदेश सरकार में मंत्री रहे क्षत्रिय बिरादरी के कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। जौनपुर में जन्मे कृपा शंकर सिंह मुंबई में उत्तर भारतीयों की मजबूत आवाज रहे हैं, वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं।

सपा ने अपने परंपरागत यादव, मुस्लिम वोटरों के साथ भाजपा के मतदाता बन चुके कुशवाहा, मौर्या बिरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के उद्देश्य से बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। बसपा परंपरागत अनुसूचित जाति मतदाताओं के साथ क्षत्रिय और मुस्लिमों के सहारे चुनावी रण में विजय पताका फहराना चाहती है तो भाजपा क्षत्रियों के साथ ब्राह्मण और गैर यादव ओबीसी व गैर जाटव अनुसूचित जाति वोटरों के सहारे है। इन तीनों दलों के प्रत्याशियों के बीच ही मुख्य मुकाबला दिख रहा है।

फिल्मी ग्लैमर और बाहुबल की जब्त हुई जमानत

वर्ष 2014 के चुनाव में निवर्तमान सांसद जिला पंचायत की अध्यक्ष और सिंह अपना अलग दल बनाकर चुनाव मैदान में उतरे थे। भाजपा ने केपी सिंह, बसपा ने सुभाष पांडेय और सपा ने पारसनाथ यादव को चुनाव लड़ाया था। कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता रवि किशन और आरसीयू ने बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन को टिकट दिया था। चुनाव में अभिनेता रवि किशन को 42759 और शहाबुद्दीन को केवल 19636 वोट ही मिले थे। इन दोनों प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

लहर के विपरीत चलते रहे हैं जौनपुरिया

ज्यादातर चुनाव में जौनपुर के मतदाता चुनावी लहर के विपरीत ही चले हैं। 1962 में जब देश भर में कांग्रेस की पताका फहरा रही थी तब जनसंघ के ब्रह्मजीत को संसद भेज दिया। 1980 में कांग्रेस ने देश भर में मजबूत वापसी की तब भी जौनपुर ने जनता पार्टी को जिताया। 1989 में जनता दल की लहर में भाजपा का कमल खिला गया और 2019 में जब भाजपा ने देश में सबसे ज्यादा सीटें जीतीं तब बसपा का हाथी यहां दहाड़ा।

जौनपुर में चुनाव, मुंबई में प्रचार

भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह चुनाव तो जौनपुर से लड़ रहे हैं लेकिन वोट जुटाने के लिए मुंबई में मीटिंगें कर रहे हैं। पिछले दिनों मुंबई के बांद्रा में उत्तर भारतीय संघ के सभागृह में कृपा शंकर सिंह ने प्रवासी उत्तर भारतीयों से मुलाकात की थी। इसमें जौनपुर और पूर्वांचल के विकास के लिए मुंबई में व्यापार और रोजगार कर रहे उत्तर भारतीय समाज से वोट देने और अपने लोगों से दिलाने की अपील की गई। इस मुलाकात में कृपा शंकर सिंह ने वादा किया कि ऐसा प्रयास करेंगे कि दो से तीन साल बाद किसी को रोजी-रोटी की तलाश में जौनपुर से अपना गांव छोड़कर महानगरों की तरफ न जाना पड़े। उन्होंने कहा था मैं खुद जन्मभूमि से कर्मभूमि के लिए रोजी-रोटी के लिए आया था। यहां -रोटी कमाने के साथ राजनीति में सेवा का अवसर मिला। मैं जन्मभूमि का ऋण उतारना चाहता हूं।

श्रीकला सिंह।

बाबू सिंह कुशवाहा।

किसी दल से नहीं बंधे मतदाता

जौनपुर के मतदाता कभी किसी दल से नहीं बंधे। सभी प्रमुख दलों के नेताओं को संसद बनने का मौका दिया। यहां छह बार कांग्रेस जीती तो एक बार जनसंघ का दीपक जला और चार बार भाजपा का कमल खिला। दो बार जनता पार्टी जीती, तो दो बार सपा की साइकिल दौड़ी। बसपा के हाथी ने भी यहां दो बार सभी प्रत्याशियों को रौंदा है।

आईना : जौनपुर लोकसभा सीट



2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कृष्ण प्रताप (केपी)	3,67,149
बसपा	सुभाष पांडे	2,20,839
सपा	पारसनाथ यादव	1,80,003
कांग्रेस	रवि किशन	42,759



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952 व 57	बीरबल सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	ब्रह्मजीत सिंह	भारतीय जनसंघ
1963,67 व 71	राजदेव सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे	जनता पार्टी
1980	अज़ीज़ुल्लाह आज़मी	जनता पार्टी
1984	कमला प्रसाद सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे	भारतीय जनता पार्टी
1991	अर्जुन सिंह यादव	जनता दल
1996	राज केशर सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1998	पारसनाथ यादव	समाजवादी पार्टी
1999	स्वामी चिन्मयानन्द	भारतीय जनता पार्टी
2004	पारसनाथ यादव	समाजवादी पार्टी
2009	धनंजय सिंह	बहुजन समाज पार्टी
2014	कृष्ण प्रताप सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2019	श्याम सिंह यादव	बहुजन समाज पार्टी

2014 नोटा 2595

2019 नोटा 2,441

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	धनंजय सिंह	3,02,618
सपा	पारस नाथ यादव	2,22,267
भाजपा	सीमा	143,377



2024

कुल मतदाता	19,58,554
पुरुष	10 ,15,545
महिला	9,42, 923

अपनी ढपली अपना राग

भाजपा की सरकार गरीबों को दो वक्त का सरकारी राशन देकर उनका असली रोजगार का अधिकार छीन रही है। - मायावती

यूपी में दंगा और गुंडई पूरी तरह समाप्त हो गई है। वे जेलों में चक्की पीस रहे और अब मंत्रियों की गाड़ियों में घूमते नजर नहीं आते। - ब्रजेश पाठक

भाजपा के पास भारत माता पर कोई पेटेंट नहीं है। इन्होंने तो दशकों तक अपने वैचारिक मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया। -दानिश अली

भाजपा नेता हार की हताशा में स्तरहीन भाषा का प्रयोग कर रहे। कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में उनकी बातें दुर्भावनापूर्ण हैं। -अजय राय

मेरठ के जातीय समीकरण अपनी जगह हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि यहां भाजपा की जीत होगी। -अरुण गोविल

भाजपा ने राजनाथ के पक्ष में लांच किया प्रचार गीत

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा पूरे जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुट गई है। लखनऊ संसदीय सीट पर राजनाथ सिंह के प्रचार के लिए गीत लांच किया गया। लोकगीत गायिका वंदना मिश्रा ने गीत को स्वर दिए हैं। उन्होंने हलवासिया कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान "राजनाथ भैया को फिर से जिताएंगे, राजनाथ भैया ही फिर से आएंगे, बहनों करो तैयारी कमल हम खिलाएंगे" सुनाया। गीत अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि गीत को नुक्कड़ सभा, चाय पर चर्चा, युवा चौपाल, मंडल स्तरीय सभाओं के साथ प्रचार वैन में चलाया जाएगा। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, पार्षद, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे।

घर-घर जाकर विकास कार्यों का पत्रक दें

अमृत विचार, लखनऊ : पार्षदों को परिवार पर्ची वितरण का काम पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। साथ ही प्रत्येक घर में जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कराए गए विकास कार्यों का पत्रक देना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट में उक्त बात बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। सभी को प्रदेश कार्यालय पर सुबह 10 बजे एकत्र होना है और नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट जाना है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनप्रतिनिधियों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है और सभी निष्ठा के साथ इसका निवर्हन करें। इस दौरान लोकसभा चुनाव सहसंयोजक पुष्कर शर्मा आदि मौजूद रहे।

आखिर कब टूटेगा कैसरगंज का सन्नाटा

18 लाख मतदाताओं का जोश पड़ रहा ठंडा

दो दिन बाद शुरू होगा नामांकन, पर मैदान सूना

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: प्रदेश की वीआईपी सीट बन चुकी कैसरगंज का सन्नाटा टूटने से रहा। जिस जोश व उतावले पन से यहां के 18 लाख मतदाता तैयार थे अब उनका जोश भी ठंडा पड़ने लगा है। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि क्या इस बार कैसरगंज में चुनाव होगा? किसे टिकट मिलेगा? लेकिन इसका जवाब न तो मीडिया के पास है और न राजनीतिक दल दे पा रहे हैं।

यह स्थिति तब है जब पांचवें चरण के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो जाएगी और नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिन दिग्गजों ने चुनाव लड़ने के मंसूबे पाल रखे हैं वे यदा कदा क्षेत्र में भले ही दौड़ रहे हैं लेकिन वे भी इस बात की गारंटी नहीं दे पा रहे हैं कि वे लड़ेंगे ही।

कैसरगंज लोकसभा सीट से देश की जानीमानी हस्तियां चुनाव लड़ती रहीं। शकुंतला नायर से लेकर कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा तक यहां की नुमाइंदगी सदन में कर चुके हैं। लगातार तीन बार से सांसद बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। लेकिन भाजपा में ही उनके नाम पर सहमति न बन पाना, उनके स्थान पर अभी तक किसी को न उताराना भले ही राजनीतिक दांवपेच हो सकता है लेकिन कैसरगंज की आम जनता को यह बात अब अखरने लगी है। वहीं समाजवादी पार्टी भी भाजपा के दांव पर अपना दांव चलने की फितरत में है। उसने भी अभी तक अपने कंडीडेट के नाम की घोषणा नहीं की है। बसपा भी इन दोनों दलों के दांवपेंच पर अपनी नजर गड़ाए हुए है। कयासबाजी व बयानबाजी से आजिज आ चुके आम मतदाताओं का जोश ठंडा पड़ गया है। प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्यक्रम चलाया हुआ है लेकिन मतदाताओं के जोश से ही वोट पर चोट हो सकता है। यदि एक दो दिनों में उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई तो मतदान प्रतिशत भी गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है।

संभावित जातिवार आंकड़े

ब्राह्मण..	21%	कुर्मी..	05%
क्षत्रिय..	12%	एससीएसटी..	14%
मुस्लिम..	22%	अन्य..	14%
यादव..	12%		

कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए विधानसभा वार मतदाता

मतदाता	पुरुष	महिला
पयागपुर	2,04,829	1,82,554
कैसरगंज	2,06,010	1,83,676
कटरा	2,11,098	1,85,825
करनैलगंज	1,77,854	1,56,327
तरबगंज	1,98,148	1,17,607



बहराइच प्रशासन को दो चरणों में कराना होगा चुनाव

कैसरगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र के मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन तीन विधानसभा क्षेत्र गोंडा में है और दो विधानसभा क्षेत्र बहराइच में है। बहराइच में चुनाव चौथे चरण में है जबकि गोंडा में चुनाव पांचवें चरण में है। बहराइच जिले में बहराइच सीट के लिए 25 अप्रैल तक नामांकन होना है और मतदान 13 मई को होगा। वहीं कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए पांचवें चरण में चुनाव होना है। इसके लिए 26 अप्रैल को नोटिफिकेशन होगा और 20 मई को मतदान कराना होगा। इसी तरह गोंडा सीट के लिए बलरामपुर प्रशासन को भी पांचवें चरण के लिए उतरौला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराना होगा, जबकि बलरामपुर में चुनाव छठवें चरण में है।

चुनावी चक्कर

- **चुनाव में हेमा मालिनी को याद आए जय-वीरू और गब्बर :**

जहां सिने तारिका हेमा मालिनी का जिक्र हो वहां फिल्म शोले की भी याद आ ही जाती है। फिलहाल मथुरा की सांसद हेमा मालिनी एक बार फिर संसद पहुंचने की पुरजोर कोशिश में हैं। वह इन दिनों अपने चुनावी अभियान मे व्यस्त हैं। दिलचस्प तो यह है कि खुद हेमा की भी जुबां पर मीडिया को प्रतिक्रिया देते वक्त शोले फिल्म के डॉयलॉग और पात्रों के नाम आ ही जाते हैं। उनकी ऐसी ही फिल्मी प्रतिक्रिया एक टीवी इंटरव्यू के दौरान सामने आयी। हेमा मालिनी ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों राजनीति में 'जय-वीरू' के जोड़ी से कम नहीं। जबकि विपक्ष जिस तरह से फर्जी आरोपों के जरिए राजनीति करना चाह रहा है, वो किसी गब्बर की भूमिका से कम नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से हल्की बातें करते हैं उससे तो यही लगता है कि वे 'राजनीति में अंग्रेजों के जमाने के जेलर' की भूमिका में हैं। यही नहीं इंडी के कई नेता फिल्म शोले के विभिन्न किरदारों की तरह लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका निभा रहे है जिनकी डायलॉग बाजी से आम जनता खूब हंसती है लेकिन वह अपने हास्यास्पद बयान बाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। जनता इनके इरादों को बखूबी समझा रही है।

विशेष राज्य का दर्जा और वाईएसआरसीपी के मुख्यमंत्री का कामकाज बना आंध्र प्रदेश में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

त्रिकोणीय रण में फंसे जगन मोहन

चुनाव डेस्क

दो जून 2014 को आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके इसके कुछ हिस्से को निकालकर तेलंगाना नया राज्य बनाया गया था। अब अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी और विशाखापत्तनम सबसे बड़ा शहर है। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं। विधानसभा सीटों की संख्या 175 है। यहां से राज्यसभा के लिए 11 सांसद चुने जाते हैं। 2019 की तरह ही आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ कराए जा रहे हैं। राज्य में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। साल 2019 के विधान सभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के आगे सारे विरोधी ढेर हो गए थे। विधानसभा की 151 सीटों पर वाइएसआर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया था, तो लोकसभा चुनाव में भी पार्टी शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 सीटें जीतने में सफल रही थी। पिछली बार की तरह इस बार भी राज्य में वाइएसआर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है, जबकि उसका मुकाबला करने के लिए एनडीए के बैनर तले भाजपा के साथ तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दलों का खाता तक नहीं खुला था, वहीं राज्य में मुख्य विपक्षी दल एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को भी बड़ा झटका लगा। पार्टी महज तीन सीटों पर सिमट गई। टीडीपी को 2014 के चुनाव में राज्य में 15 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन वाइएसआर कांग्रेस की लहर के आगे एक दर्जन सीटें उसके हाथ से जाती रहीं। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने भी किस्मत आजमाई थी लेकिन उसे कोई जीत नसीब नहीं हुई। फिल्म एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने 18 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट उसके खाते में नहीं आई।

- आंध्र प्रदेश में 13 मई को होगा लोकसभा और विधान सभा के लिए एक साथ मतदान
- इस बार टीडीपी-भाजपा-जनसेना ने गठबंधन करके बढ़ाई चुनौती, तो इंडी गठबंधन में कांग्रेस भी अगुवा
- 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा का नहीं खुला था खाता, टीडीपी को लगा था बड़ा झटका

आंध्र प्रदेश लोकसभा



- वाईएसआरसीपी 49.1%
- टीडीपी 39.6%
- भाजपा 1.0 %
- कांग्रेस 1.3 %
- अन्य 9.0 %

2019 दलीय परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
वाईएसआरसीपी	22	1,55,37,006
टीडीपी	03	1,25,15,345
भाजपा	00	3,03,985
कांग्रेस	00	4,06,977
अन्य	00	2,84,9221

1998
तेलगू देशम के लक्ष्मी पार्वती गुट से हाथ मिलाकर संयुक्त आंध्र प्रदेश में भाजपा ने चार सीटों के साथ 18 प्रतिशत वोट लेकर देश भर में सबको चौंका दिया था।

2014
में भारतीय जनता पार्टी ने तेलगू देशम पार्टी के साथमिलकर चुनाव लड़ा और दो सांसदों के साथ नौ विधायकों को जीत दिलाकर आधार बनाया



जगन की बहन का साथ पाकर कांग्रेस राज्य की सत्ता पाने को आतुर

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जहां अकेले चुनाव लड़ रही है। वहीं इंडिया गठबंधन भी लोकसभा और विधान सभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा करके मैदान में उतरा है। कांग्रेस के साथ हुए समझौते के मुताबिक सीपीएम एक लोकसभा और आठ विधानसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ेगी, जबकि सीपीआई 14 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अराकू (आरक्षित) सीट से सीपीएम ने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। कांग्रेस राज्य में सवा सौ से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी खड़े कर चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से यहां भी कांग्रेस का कैडर उत्साहित है। मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला इसी साल की शुरूआत में कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। अब वह आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुनावी अभियान को गति देने में जुटी हैं। शर्मिला अपने अभियान में भाजपा के विश्वासघात और विशेष राज्य के दर्जे को नकारने का मुद्दा उठा रही हैं।


चंद्रबाबू नायडू।

शर्मिला रेड्डी।

आंध्र प्रदेश- 2014 लोकसभा का दलीय जनादेश

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
टीडीपी	15	1,17,29,219	40 .5
वाईएसआरसीपी	08	1,31,31,029	45 .4
भाजपा	02	20,77,079	7 .2
अन्य	00	11,75,052	4 .1
कांग्रेस	00	8,22,614	2 .8

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव -2019 परिणाम

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
वाईएसआरसीपी	152	15688569	49 .95
टीडीपी	22	12304668	39 .17
अन्य	01	3340394	10 .88

टीडीपी व जन सेना के साथ समझौते के बाद भाजपा 6 लोस व 10 विस सीटों पर मैदान में

- इस बार जगन मोहन रेड्डी को टक्कर देने के लिए यहां छह साल बाद एक बार फिर भाजपा ने टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ हाथ मिलाया है। आंध्र प्रदेश के लिए भाजपा द्वारा विशेष श्रेणी का दर्जा मंजूर नहीं किए जाने पर नायडू वर्ष 2018 में एनडीए से बाहर चले गए थे और दोनों पार्टियों ने फिर कभी गठबंधन नहीं करने की कसम खाई थी। लेकिन सियासत में दोस्ती और दुश्मनी बदलती रहती है। गठबंधन के नए राजनीतिक समीकरणों के बाद अब भाजपा राज्य में 6 लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तेलगुदेशम पार्टी (टीडीपी) 17 लोकसभा और 144 विधानसभा सीटों तथा पवन कल्याण की जनसेना 2 लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- **टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को चिरंजीवी का समर्थन दे सकता ताकत:** 2019 के विधानसभा चुनाव में टीडीपी को राज्य में करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 23 विधानसभा सीटें जीतने में सफल हो सकी थी। वाईएसआरसीपी ने 151 विधानसभा सीटें जीत ली थीं। जन सेना को एक विधानसभा क्षेत्र में सफलता मिली थी। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मेगास्टार चिरंजीवी ने टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। यूपीए-2 में मंत्री रहे चिरंजीवी आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राजनीति में निष्क्रिय हो गए थे। उनके भाई और लोकप्रिय स्टार पवन कल्याण और उनकी पार्टी जनसेना एनडीए गठबंधन का पहले ही हिस्सा है। चिरंजीवी कापू जाति से आते हैं जो आंध्र में पिछड़ी जाति है। इस जाति का करीब 15% वोट माना जाता है। अगर यह वोट एनडीए गठबंधन को मिलता है तो न सिर्फ विधानसभा चुनाव बल्कि लोकसभा चुनाव में भी कई सीटों पर उलटफेर हो सकता है।
- **तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की जताई जा रही आशंका** : चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वाईएसआरसीपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बार के चुनावों में राजनीतिक समीकरणों, कामकाज और जनता की आकंक्षाओं के आधार पर मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के लिए अंधकारमय भविष्य की भविष्यवाणी की है। कुछ राजनीतिक जानकार भी आंध्र प्रदेश के चुनावों में जगन मोहन रेड्डी का इस बार तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की संभावना जता रहे हैं।

टीडीपी के साथ छोड़ने से 2019 में धड़ाम हो गया था भाजपा का वोट प्रतिशत

- एनडीए के सीट बंटवारे से साफ है कि भाजपा ने आंध्र प्रदेश में अपनी निरंतर अप्रासंगिकता को समाप्त करने के लिए टीडीपी और जनसेनी की लोकप्रियता पर निर्भर होने का फैसला किया है। टीडीपी के एनडीए से बाहर निकलने से 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर धड़ाम हो गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब 7 .20 प्रतिशत मत मिले थे। लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा का वोट बमुश्किल 1.0 प्रतिशत का आंकड़ा छूने में सफल हो पाया था।

भाजपा से टिकट कटने पर बिफरे लद्दाख के सांसद

चुनाव डेस्क

- **अनुच्छेद 370 रद करने और लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाने पर दिया था बड़ा समर्थन**

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर मंगलवार को इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट से ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। नामग्याल ने इस घटनाक्रम पर बगावती सुर में प्रतिक्रिया दी और कहा कि जल्द ही वह अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। ग्यालसन मौजूदा समय में लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष-सह-प्रमुख कार्यकारी पार्षद हैं। भाजपा द्वारा लद्दाख लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद नामग्याल ने कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश से उनके समर्थक इस फैसले पर असहमति व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के बाद अपने बयान में नामग्याल ने कहा, आज, भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद को बदलकर नए उम्मीदवार की घोषणा कर दी। इस दौरान कोई पारदर्शी कारण और पुख्ता तर्क नहीं दिया गया। नामग्याल ने कहा कि उन्होंने प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के साथ हुए इस अन्याय को लेकर अपनी असहमति उचित माध्यम से पार्टी नेतृत्व को पहुंचा दी है। पूरे लद्दाख से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और मेरे समर्थकों ने इस फैसले को लेकर अपनी असहमति जताई है। नामग्याल ने कहा, ''हम बारीकी से स्थिति का आकलन करेंगे और लद्दाख के लोगों के हित को सबसे आगे रख कर अगले कदम पर फैसला करेंगे। मैं सभी समर्थकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। नामग्याल 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले का बचाव करने के लिए लोकसभा में दिए भाषण के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए थे। नामग्याल को हटाने का भाजपा का फैसला लेह में बौद्धों के एक वर्ग के बीच सत्तारूढ़ दल के प्रति नाराजगी के बीच आया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि ग्यालसन पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने बताया कि ग्यालसन इस सीट पर भाजपा की पकड़ बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, जिसमें मुस्लिम बहुल कारगिल भी शामिल है। लद्दाख सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

दूसरे चरण में नितीश के साथ कांग्रेस की परीक्षा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इस चरण में फंसी हुई है। 2019 में किशनगंज सीट पर कांग्रेस जीती थी जबकि बांका, पूर्णिया, भागलपुर व कटिहार सीट पर जदयू काबिज है। जदयू मुखिया एवं मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने भागलपुर से सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से सांसद दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से सांसद संतोष कुशवाहा और बांका से सांसद गिरिधारी यादव को पुनः मौका दिया है तो किशनगंज से उम्मीदवार बदल दिया है। यहां से मुजाहिद आलम जदयू से चुनाव लड़ रहे हैं।

पप्पू यादव की चुनौती ने पूर्णिया में बिगाड़ा राजद का खेल: अपनी जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव अब इंडिया गठबंधन की ही मुसीबत बन गए हैं। महागठबंधन में यह सीट राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में है लेकिन राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर कर राजद उम्मीदवार के माथे पर भी बल ला दिया है। वह कांग्रेस जिंदाबाद के नारे तो लगा रहे हैं लेकिन सहयोगी पार्टी राजद और उसके मुखिया को कोसने से भी नहीं हिचक रहे हैं। यहां जदयू सांसद संतोष कुशवाहा और राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला है लेकिन पप्पू यादव इसे त्रिकोणीय बना रहे हैं। दो बार मधेपुरा और तीन बार पूर्णिया से सांसद रहे पप्पू यादव राजद के वोटों में सेंधमारी कर रहे हैं।

इसका सीधा लाभ जदयू को मिलता दिख रहा है, जबकि पूर्णिया सीट पर लगातार दो बार के जदयू सांसद संतोष कुशवाहा को हराने के लिए राजद ने उनकी ही पार्टी की विधायक बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बीमा जदयू से बगावत कर राजद में शामिल हुईं थीं। उधर, पप्पू यादव को उम्मीद थी कि राजद- कांग्रेस में सीटों के बंटवारे में यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। इसी चाहत में उन्हेंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया था। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने यह सीट कांग्रेस को न देकर अपने पास रख ली थी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार।

समाजवादियों का गढ़ बांका का रणक्षेत्र

- बांका सीट समाजवादियों का गढ़ रही है। यहां से जदयू ने अपने सांसद गिरधारी यादव को मौका दिया है जबकि राजद ने पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव को समर में उतारा है। मोदी लहर को धता बताते हुए जयप्रकाश 2014 का चुनाव जीत गए थे लेकिन 2019 में जदयू के गिरधारी यादव ने कड़े मुकाबले में हराया था। गिरधारी चौथी बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं। यहां यादव मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है तो राजपूत मतदाता भी साढ़े तीन लाख के करीब हैं। कुर्मी और कुशवाहा वोटों पर जदयू की निगाह है। राजपूत मतदाता निर्णायक साबित होते हैं।

कटिहार में हार का बदला लेने के लिए तारिक अनवर ने बिछाया जाल

- कटिहार सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। यहां अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। 2019 की मोदी लहर में यहां से जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के तारिक अनवर को हराया था। तारिक अनवर इस सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में भी वे इस सीट को जीतने में कामयाब रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से दो पर भाजपा, दो पर कांग्रेस, एक पर जदयू और एक सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। तारिक अनवर लगातार मतदाताओं के बीच यह बताने में जुटे हैं कि क्षेत्र का विकास वे ही कर सकते हैं।

किशनगंज में कांग्रेस को कमजोर करने में लगी एआईएमआईएम की चुनौती

- किशनगंज लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। यहां एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का जबरदस्त प्रभाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार को यहां तीन लाख वोट मिले थे। पार्टी ने यहां से फिर उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस ने 2019 में जीते मोहम्मद जावेद पर पुन: दांव लगाया है। 2009 और 2014 में यहां से कांग्रेस के असरारुल हक जीते थे। जदयू ने मुजाहिद आलम को कांग्रेस के मुकाबले उतारा है। यह सीट कांग्रेस का गढ़ है, लेकिन 1999 में यहां से भाजपा के शहनवाज हुसैन भी जीत चुके हैं। माना जा रहा है कि इस बार एआईएमआईएम का उम्मीदवार और अच्छे ढंग से लड़ा तो जदयू की जीत तय है।

अकोला से प्रकाश आंबेडकर को तीसरी जीत की तलाश

मुंबई। महाराष्ट्र की अकोला लोकसभा सीट से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र और वंचित बहुजन विकास आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर चुनाव लड़ते हैं। यहां से आंबेडकर ने 11 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और दो बार जीतकर संसद में पहुंचे। 2004 से इस सीट पर भाजपा लगातार जीत हासिल कर रही है। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। यहां हिंदीभाषी और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

11
बार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले आंबेडकर दो बार जीतकर पहुंचे हैं संसद

अकोला सीट को त्रिकोणीय मुकाबले के लिए जाना जाता है। इस चुनाव क्षेत्र में 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी तिकोने मुकाबले में ही जीती था। भाजपा ने 1989 में पहली बार विजय प्राप्त की थी। 1991 में भी यहां से भाजपा जीती। 1996 में भाजपा के पांडुरंग फुंडकर इस सीट से तीसरी बार विजयी हुए। तीनों चुनावों में उन्हें कांग्रेस के साथ प्रकाश आम्बेडकर की चुनौती का सामना करना पड़ा। 1998 के चुनाव में भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश आम्बेडकर ने विजय प्राप्त की। 1999 के चुनाव में भी प्रकाश आम्बेडकर दोबारा चुने गए। इसके बाद 2004, 2009 और 2014 तथा 2019 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में संजय धोत्रे ने लगातार विजय प्राप्त की। इन चारों चुनावों में हर बार भाजपा, कांग्रेस और भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ। इस बार अकोला सीट से भाजपा ने संजय धोत्रे के पुत्र अनूप धोत्रे को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव डा.अभय पाटिल तथा वंचित बहुजन अघाड़ी से एड.प्रकाश आम्बेडकर के साथ कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और वंचित बहुजन के बीच माना जा रहा है।

दीदी का हाथ
पश्चिम बंगाल के बीर भूमि निर्वाचन क्षेत्र में तृण मूल कांग्रेस की प्रत्यशी शताब्दी राय को सफल जनसभा के बाद आशीर्वाद प्रदान करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

कांग्रेस इस बार दे रही चुनौती | इस बार भाजपा ने प्रदेश की मंत्री लता वानखेड़े को बनाया उम्मीदवार

सागर में कमल खिलाने को चेहरा बदलती रही भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की सागर संसदीय सीट भाजपा का ऐसा मजबूत किला है, जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस पिछले कई चुनावों से कर रही है पर सफल नहीं हो पा रही है। भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। लगातार चार चुनाव पार्टी नेता वीरेंद्र खटीक यहां से जीते। इसके बाद पार्टी ने 2009 में भूपेंद्र सिंह को मैदान में उतारा। तब भी कांग्रेस ने इस सीट पर कब्जा करने की कोशिश की पर नाकाम रही। भाजपा चुनाव दर चुनाव अपना चेहरा बदलती है और जीत जाती है। इस बार भी पार्टी ने लता वानखेड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने भी इस किले को ढहाने के लिए ललितपुर- झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के बेटे गुड्डू राजा बुंदेला पर दांव लगाया है।

सागर कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। वीरेंद्र खटीक ने 1996 में इस सीट पर जीत दर्ज की और इसके बाद वे लगातार चार बार जीते। 2009 में पार्टी ने उन्हें टीकमगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। तब से वे इस सीट पर जीत रहे हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। इस सीट पर वैसे तो मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही होता है, लेकिन बसपा इसे त्रिकोणीय बनाने की कोशिश लगातार करती है। हालांकि उसे जीत कभी नहीं मिली। इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने नए चेहरे पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि बार- बार चेहरा बदलकर मैदान मार रही भाजपा का दांव इस बार सही बैठता है या गुड्डू राजा बुंदेला के सहारे कांग्रेस भाजपा से यह सीट छीन लेती है। बसपा ने भी वरिष्ठ नेता रंजोर सिंह बुंदेला को समर में उतारा है। उनकी कोशिश इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की है।

आठ में से सात विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में विदिशा की तीन और सागर जिले की पांच विधानसभा सीटें आती हैं। सात सीटों पर भाजपा का कब्जा है जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में है। विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो भाजपा यहां मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस के लिए उसके पांव को उखाड़ना आसान नहीं होगा। हालांकि पार्टी कार्यकर्ता और उम्मीदवार लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

बसपा से कांग्रेस में आए गुड्डू राजा बुंदेला

गुड्डू राजा बुंदेला की गिनती एमपी में बसपा के बड़े नेताओं के रूप में होती है। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रदेश संगठन में महामंत्री का पद दिया था।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	82200
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	54900-55100
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,150
सोना रवा	74,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,100
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	74000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73000
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राजत सफेद 13000-14000, राजमा काला 11500-12500

कृषि निर्यात अप्रैल-फरवरी में 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ

रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज पर लगे घरेलू प्रतिबंध से आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण लाल सागर संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर लगाए गए घरेलू प्रतिबंध हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कृषि निर्यात 47.9 अरब डॉलर रहा था। देश के कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी गिरावट देखी गई। यह 2023-24 में केवल 0.7% बढ़ी, जो 2022-23 में 4.7% थी।

आंकड़ों से पता चला कि एपीडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) 'बास्केट' में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का

निर्यात पिछले वर्ष के 11 महीनों के दौरान 6.85% घटकर 22.4 अरब डॉलर रहा। जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं पर निर्यात प्रतिबंध से पिछले वर्ष में पांच-छह अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। 24 प्रमुख वस्तुओं में से 17 में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। इसमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना पर काम जारी

नई दिल्ली। सरकार केला, आम, आलू और बेबी कॉर्न सहित 20 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इनमें से प्रत्येक उत्पाद के लिए कार्ययोजना अगले 3-4 महीनों में तैयार होने की संभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों सहित सभी सबंधित पक्षों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि इनका उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ अधिक मात्रा में उत्पादन होता है और ये वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। हमने 20 उत्पादों की पहचान की है। इस समय वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कम है। हम इन सभी उत्पादों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं।

प्रतिकूल मौसम से महंगाई बढ़ने का जोखिम

मुंबई, एजेंसी

प्रतिकूल मौसम के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा हो सकता है। साथ ही वैश्विक स्तर पर लंबे समय से जारी तनावपूर्ण स्थिति से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल के बुलेटिन में यह कहा गया है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9% हो गई। इससे पहले पिछले दो महीनों में यह औसतन 5.1% रही थी। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति पर पहुंचते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है। बुलेटिन में प्रकाशित लेख 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है। ब्याज दर में कमी को लेकर जो संभावनाएं थी, वह कमजोर पड़ी हैं। आरबीआई ने कहा कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

मौजूदा हालात में पूंजी बफर व्यवस्था जरूरत नहीं

मुंबई। आरबीआई ने कहा कि उसने प्रति-चक्रीय यानी मुश्किल हालात से निपटने के लिए लाई गई पूंजी बफर (सीसीवाईबी) व्यवस्था को सक्रिय नहीं करने का फैसला किया है, क्योंकि मौजूदा हालात में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने फरवरी, 2015 में कठिन समय से पार पाने के लिए पूंजी बफर व्यवस्था से संबंधित रूपरेखा लागू की थी। इसमें यह सलाह दी गई थी कि सीसीवाईबी को परिस्थितियों के हिसाब से जरूरत महसूस होने पर लागू किया जाएगा और इस बारे में सामान्य तौर पर पहले घोषणा की जाएगी। केंद्रीय बैंक की रूपरेखा के मुताबिक, सीसीवाईबी को लागू करने के मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अंतर यानी कर्ज जीडीपी अनुपात और इसके दीर्घकालीन रुख के बीच अंतर पर गौर किया जाएगा। इसके साथ अन्य संकेतकों का तालमेल बिठाने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

डेटा खपत में जियो नं. 1 ऑपरेटर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गयी है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गई है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से कम रही। चीन की

- **भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दूसरे पायदान पर पहुंचाया**

एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम तीसरे नंबर पर, तो भारतीय एयरटेल चौथे नंबर पर रही। जियो के अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इसकी मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार। जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और डेटा ट्रैफिक का 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है।

वोडाफोन आइडिया ने एफपीओ के लिए 11 रुपये प्रति शेयर को मंजूरी दी

नई दिल्ली। दूरसंचार परिचालक वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के बोर्ड ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के एफपीओ के तहत पेशकश मूल्य 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने एंकर निवेशकों के लिए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को भी मंजूरी दी है। वीआईएल ने बताया कि निम्नलिखित प्रस्ताव भी पारित किए गए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को मंजूरी देना 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के एंकर निवेशक पेशकश मूल्य को मंजूरी देना। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने भारत के अब तक के सबसे बड़े अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके साथ वीआईएल को भारतीय दूरसंचार बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जहां उसे रिलायंस जियो और एयरटेल से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक पर भारत ने मांगी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा**

मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं पर एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगाया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर किया जाएगा। सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय

एक नजर

मप्र में कार से 1.03 करोड़ नकद और चार किग्रा चांदी के आभूषण जब्त

मंदसौर (मप्र)। मंदसौर जिला पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान कार से 1.03 करोड़ की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कार सवार दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया गया। नई आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि देर रात कार को रोका और आगे की सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कारावास की सजा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के पोक्सो न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौसा को 20 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। लोक अभियोजक रूपेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला 16 जुलाई 2023 का केकड़ी के बोराड़ा थाने से जुड़ा है, जहां सगे मौसा ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल का कारावास, 49 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम में छह लाख रुपये दिये जाने के भी आदेश दिये हैं।

कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ केस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

पति ने की गला रेतकर पत्नी की हत्या

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खेड़ला, मालाखेड़ा निवासी देवीदयाल मीना ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बहन काली की सुबह उसके पति ढिगावडा के श्रीराम ने गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस मौके पहुंची तो घर में काली का शव पड़ा था और उसका गला कटा था। अभी हत्या करने के कारणो का पता नहीं चला है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विस्फोट में झुलसे तीसरे मजदूर की भी मौत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के पटाखा कारखाने में हफ्ते भर पहले हुए विस्फोट में झुलसे मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। अब मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। चोइथराम हॉस्पिटल के उप निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अमित भट्ट ने बताया कि पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में झुलसे अर्जुन राठौर (27) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पहले मरने वालों में रोहित परमानंद और उमेश चौहान भी हैं। इंदौर शहर से 25 किलोमीटर दूर जंगल में एक खेत में चलाए जा रहे कारखाने में 16 अप्रैल को रस्सी बम बनाए जाने के दौरान विस्फोट हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि कारखाने में एक बार में केवल 15 किलोग्राम बारूद रखने की मंजूरी थी, लेकिन वहां काफी मात्रा में बारूद था। कारखाने का संचालक मोहम्मद शाकिर खान फरार था जिसे इंदौर से 17 अप्रैल को पकड़ा गया था।

कांग्रेस ने आमजन का धन छीनकर अपने खास लोगों में बांटने की साजिश रची: मोदी

दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहती थी। उन्होंने फिर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों का धन छीनकर अपने 'खास' लोगों में बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह है। मोदी ने कांग्रेस पर यह टिप्पणी उस दिन की जबकि देश भर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

मोदी ने टोंक के उनियारा में भाजपा की चुनावी सभा में कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी उसके सबसे पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को कम कर

मुसलमानों को देने का प्रयास था। उन्होंने कहा कि मोदी संविधान को समझता है। मोदी संविधान के प्रति समर्पित है और मोदी बाबा साहब आंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। 'संपत्ति के पुनर्वितरण' संबंधी टिप्पणी पर उठे विवाद के बीच प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने लोगों का धन छीनकर अपने 'खास' लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है।

कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी पर पीएम बोले- देश तोड़ने की चाल है

सक्ती (छत्तीसगढ़)। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर उसके गोवा के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि तटीय राज्य पर भारतीय संविधान थोपा गया है। मोदी ने इसे देश को तोड़ने की चाल करार दिया। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण में लगी है। मोदी ने दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस के बयान पर कहा कि कांग्रेस को देश के बड़े हिस्से ने नकार दिया है इसलिए वह देश में अपने लिए ऐसे टापू बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री जांजगीर-चांपा क्षेत्र के सक्ती कस्बे के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। ये संयोग नहीं था। ये अकेला बयान नहीं था। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन उच्चतम न्यायालय की जागरूकता के कारण वो अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार आई तो उसने मुस्लिमों को दिये आरक्षण को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए उनके 90 सेकंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस व गठबंधन में भगदड़ मच गई है। मैंने देश के सामने सत्य रखा। कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की साजिश रचकर बैठी है। दो-तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं।

उच्चतम न्यायालय ने निलंबित की कांग्रेस विधायक की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रष्टाचार का मामला

- **विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को जारी किया नोटिस**
- **तीन साल कारावास और 50 हजार जुर्माने की हुई थी सजा**

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। पक्षों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उनकी अपील को हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रद किया था। भुवनेश्वर में सतर्कता मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 29 सितंबर 2022 को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने कहा कि मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकीम ने अधिकारी संग मिलीभगत करके राज्य संचालित ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लिमिटेड (ओआरएचडीसी) से ऋण की आड़ में रियल एस्टेट कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया।

कांग्रेस विधायक पर कार्रवाई के लिए आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली/बेंगलुरु। ईडी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा कि विस चुनाव के दौरान रिश्वत देने सहित गैरकानूनी लेन-देन के लिए 42 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में कर्नाटक से कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी पर कार्रवाई की जाए। कर्नाटक लोकायुक्त को लिखे पत्र में बेल्लारी शहर सीट से विधायक के खिलाफ सबूतों पर गौर करने और मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

कर्नाटक सीएम का सूखा राहत राशि जारी करने में देरी पर धरना

बेंगलुरु, एजेंसी

- **सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी राहत राशि जारी नहीं करने का केंद्र सरकार पर सिद्धरमैया ने लगाया आरोप**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सूखा राहत राशि जारी करने में देरी के खिलाफ धरना दिया और इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की निंदा की।

सिद्धरमैया ने कहा कि विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन हुआ जहां विधानमंडल और राज्य सचिवालय हैं। इसक उद्देश्य भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक और उसके लोगों के साथ किए 'अन्याय' की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करना था। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह 'कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं' जिसके कारण सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी सूखा राहत राशि जारी नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने 100 साल में इतना भीषण सूखा नहीं देखा है। उन्होंने सरकारी सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य के 240 में से 223 तालुक सूखा प्रभावित हैं। सिद्धरमैया ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, कि मोदी और अमित शाह कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं। जब हमने उनसे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के मानदंडों के अनुसार सूखा राहत सहायता प्रदान करने के लिए कहा, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री रामलिंगा रेड्डी और कृष्णा बायरे गौड़ा और कुछ कांग्रेस सांसद और विधायक भी इस दौरान उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सहायता राशि जारी करने की मांग को लेकर केंद्र को कई ज्ञापन दिये गये लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का आकलन है कि एनडीआरएफ मानदंडों के अनुसार सूखा राहत कार्य के लिए 18,171 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। सिद्धरमैया ने कहा कि अपर्याप्त बारिश के कारण 48,000 हेक्टेयर में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं और राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से प्रत्येक किसान को 2,000 रुपये का भुगतान किया जिससे 34 लाख किसानों पर कुल 650 करोड़ रुपये का खर्च आया।

भोजशाला: एएसआई ने सर्वे पूरा करने के लिए मांगा समय

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे एएसआई ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह में सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था।

श्रीराम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी परोसेने की शिकायत पर दुकानदार हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान श्रीराम का चित्र था। उसे प्लेटों पर भगवान श्रीराम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिकों ने भी इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान श्रीराम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। टीम वहां पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर दिखे। उन्हें जांच का आश्वासन देकर शांत कराया गया। दुकान को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्लेट भी जब्त कर ली गई है। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है।

भाजपा विधायक नीतेश राणे, गीता जैन पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई हाईकोर्ट को सूचित किया कि जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में उन्होंने भाजपा विधायकों नीतेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह संबंधित पुलिस आयुक्तों से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं के भाषण अपमानजनक और भड़काऊ थे। सरकारी अभियोजक हितेन वेंगांवकर ने मंगलवार को कोर्ट से कहा कि पड़ताल से पता चलता है कि इस साल जनवरी में ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के बीच राणे और जैन द्वारा दिए गए भाषण अपमानजनक थे। वेंगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मालवानी, मानखुर्द और घाटकोपर इलाकों में अपनी रैलियों में नफरत भरे भाषण देने का आरोप है।

कोर्ट का पूर्व विशेष डीजीपी की सजा निलंबित करने से इनकार

यौन उत्पीड़न का मामला

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजेश दास को सुनाई गई तीन साल की सजा निलंबित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम दंडपाणि ने दास को निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी मनाकर दिया। 2021 में महिला अधिकारी का यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम कोर्ट ने दास को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

नोवाक साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की टीम को भी लॉरियस पुरस्कार

मैड्रिड। पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस पुरस्कार जीता। लॉरियस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

> 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना ये सफलता हासिल नहीं कर पाता।
> – नोवाक जोकोविच

भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली हार

दोहा, एजेंसी

आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ। कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही।

पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमान 119 के स्कोर के साथ

क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि जोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं।

दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ नोर्किया बिलकुल भी लय में नजर नहीं हैं। वहीं, पीठ में जकड़न से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के वापसी की उम्मीद होगी।

मुकाबला आज

दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस

समय : शाम 7:30 बजे

वहीं, नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी लय को बरकार रखने पर टिकी होंगी।

खेल डायरी

चमारी अटापट्टू महिला बल्लेबाजी वनडे रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंची

दुबई। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था।

भारतीय एथलीट एशियाई अंडर 20 प्रतियोगिता के लिए तैयार

दुबई। प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

आशी और स्वप्निल को थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान

नई दिल्ली। आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं।

ऋतुराज के शतक ने पहुंचाया 200 पार

शिवम दुबे ने खेली 66 रनों की आतिशी पारी, लखनऊ को 211 रनों का दिया लक्ष्य

66 गेंदों में शानदार शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ● एजेंसी

अर्धशतक लगाने के बाद शिवम दुबे। ● एजेंसी

चेन्नई 210/4 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्या रहाणे का राहुल बो हेनरी	1	3	0/0
ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद	108	60	12/3
डेरिल मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर	11	10	1/0
रविंद्र जडेजा का राहुल बो मोहसिन	16	19	2/0
शिवम दुबे रन आउट	66	27	3/7
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	4	1	1/0

गेंदबाजी : हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
गुजरात	8	4	4	8	-1.055
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

चेन्नई, एजेंसी

ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (108) की शतकीय और शिवम दुबे (66) रनों की अर्धशतकीय आतिशी पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 39वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े।

छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने 60 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। वह 20वें ओवर की चौथी गेंद पर रनआउट हुए। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए (66) रन बनाए। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को सुनील नारायण ने किया खारिज

कोलकाता, एजेंसी

वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है।

बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं, लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 माह से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।

धीमी होंगी पिचें, बड़े स्कोर की उम्मीद नहीं

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। मिलर ने कहा यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है।

दिल्ली में आने के बाद परिपक्व हो गया हूं : कुलदीप

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने आईपीएल के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम से जुड़ने के बाद कुलदीप ने 33 मैचों में 41 विकेट चटकाए है। कुलदीप बताया कि 2020 में घुटने की ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में अभ्यास करते हुए उन्होंने नए कौशल विकसित किए जिसका फायदा मिला। मैं जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। माही भाई ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई।

टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से आएगा बदलाव : कास्परोव

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूस का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने 'एक्स' पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

विश्व में छाए हुए हैं विशी आनंद के बच्चे

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।

लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घर में होगा फाइनल मैच

मुंबई, एजेंसी

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी।

मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा के बीच होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला चरण खेलेगी।

स्पेनिश लीग: बढ़ी मालोर्का की मुश्किलें

सेविले (स्पेन)। सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।

बॉलीवुड हलचल

सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करेगे अनिल कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म ''दे दे प्यार दे'' अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई थी। दे दे प्यार दे बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म के सेकंड पार्ट में रकुल प्रीत सिंह की फैमिली का इंट्रोडोक्शन हो सकता है। कहा जा रहा है कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर काम करते नजर आ सकते हैं। वह इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के पिता का रोल कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

सैन्य खर्च करने वाला भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है।

- पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है। साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ दुनिया में पहले नंबर पर है। भारत ने रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960-64 के सोवियत समय के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम है।

अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। हथियारों के आयात में संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा 34 प्रतिशत है, जबकि रूस का 19 प्रतिशत और चीन का 13 प्रतिशत है।

ये देश हैं सबसे बड़े खरीदार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के रिपोर्ट के मुताबिक भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4%) हथियारों का आयात करता है। वहीं, कतर (7.6%), यूक्रेन (4.9%), पाकिस्तान (4.3%), जापान (4.1%), मिस्र (4.0%), ऑस्ट्रेलिया (3.7%), दक्षिण कोरिया (3.1%) और चीन (2.9%) ने खरीदा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध प्रमुख कारण

सैन्य खर्चों के बढ़ने के मुख्य कारकों में से एक तो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध है। यूक्रेन सैन्य खर्च के आठवां देश रहा है। उसका खर्च 51 फीसदी बढ़कर 64.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

हमलों से परेशान खैबर के सीएम, आतंकियों से बात करने को तैयार

पेशावर। पाकिस्तान में आतंकवादियों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। भारत का पड़ोसी मुल्क प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबान के साथ सार्थक बातचीत नहीं करने की अपनी इस नीति पर डटा हुआ है। हालांकि, इस बीच खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर शांति बनाए रखने के लिए खूंखार आतंकवादी समूह के साथ बातचीत करने का आह्वान किया है।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा नवंबर 2022 में संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद से पाकिस्तान में आए दिन आतंकवादी हमले देखने को मिलते हैं। सबसे ज्यादा जिन क्षेत्रों को निशाना बनाया जा रहा है उनमें खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और पंजाब शामिल है। आतंकी हमले इस्लामाबाद और कराची तक पहुंच गए हैं।

अमेरिका में 2 भारतीय छात्रों की सड़क हादसे में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास आमने-सामने की टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि, मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे।

पेरिया पुलिस के अनुसार, 'स्टेट रूट- 74' के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट दो कारों के बीच टक्कर हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा, यह पता लगाया जा रहा है

कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई। उसने बताया कि सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। उसने बताया कि दोनों भारतीय थे।

इंग्लिश चैनल पार करते समय नाव पलटी, पांच प्रवासियों की मौत

पेरिस। उत्तरी फ्रांस से खतरनाक इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश करते समय मंगलवार को पांच प्रवासी मृत पाए गए हैं, इनमें एक बच्चा भी शामिल है। फ्रांसीसी मीडिया रिपोट के अनुसार, शव उत्तरी फ्रांस के विमेरॉक्स समुद्र तट पर पाए गए।

बता दें, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा कुछ प्रवासियों को एकतरफा टिकट पर रवांडा भेजने के नवीनतम प्रयास के कुछ ही घंटों के बाद हादसा हुआ है। मानवाधिकार समूहों ने इस कानून को अमानवीय और क्रूर बताया है।

उत्तरी फ्रांस में कैलाइस के आसपास का क्षेत्र ब्रिटेन के लिए सबसे छोटी सीमा पार करने का शुरुआती बिंदु है। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लगभग 36 हजार लोगों ने छोटी नावों में सीमा पार की।

एक नजर



सालासर बालाजी ने जन्मदिन पर पहना 21 तोला सोने का नया चोला

सुजानगढ़। हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में तीन दिवसीय लक्खी मेले का मुख्य मेला मंगलवार शुरू हुआ है। बालाजी साल में पांच बार वस्त्र पहनते हैं। मंगलवार को अपने जन्मदिन पर 21 तोले सोने का नया चोला पहना। सोने से बना बालाजी का चोला विशेष है। चोले पर राम नाम के शब्द उकेरे गए हैं। चोले में डायमंड, नग-नगीने, चांदी व मोतियों का भी उपयोग लिया गया है।

एलन मस्क अहंकारी हैं... ऑस्ट्रेलियाई पीएम हुए नाराज

सिडनी। एक ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' को सिडनी में एक बिशप की चाकू मारकर हत्या पर टिप्पणी करने वाले कुछ पोस्ट को हाइड करने का आदेश दिया था, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मालिक एलोन मस्क और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के बीच जुबानी जंग गहरा गया है। बता दें कि, पिछले हफ्ते चर्च में एक सर्विस के दौरान बिशप मारा मारी इमैनुएल पर युवक द्वारा चाकू से हमला किया गया था और इसी से संबंधित पोस्ट को ऑस्ट्रेलियाई संघीय कोर्ट ने एक्स पर से हाइड करने के लिए कहा है।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को 20 साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद सोमवार को 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों से संबंध होने के चलते मौत के घाट उतार दिया था। एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी। 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया। जिसके बाद कोर्ट युवक को 20 साल की सजा सुनाई।

हिमाचल में बर्फबारी के कारण 98 सड़कें यातायात के लिए बंद

शिमला। पहाड़ों पर बर्फबारी और खराब मौसम का यह सिलसिला 27 अप्रैल तक बना हुआ है। इस दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में जहां पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछेगी, वही माध्यम से कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। अभी भी 98 सड़कें यातायात के लिए बंद है।

मलेशिया: प्रशिक्षण के दौरान 2 सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 क्रू की मौत

नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के लिए कर रहे थे अभ्यास, मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल

कुआलालंपुर, एजेंसी

मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकराने से 10 लोगों की मौत हो गई है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह घटना मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना के अभ्यास के दौरान घटी है। कई हेलीकॉप्टरों ने एक साथ उड़ान भरी थी, जिसमें से दो अचानक बहुत करीब आकर आपस में टकरा गए, हादसे में सवान चालक दल के 10 सदस्यों मौत हो गई।

मीडिया के अनुसार, नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। सभी सवार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि अवशेषों को पहचान के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कई हेलीकॉप्टरों को एक संरचना में नीचे उड़ते हुए दिखाया गया है। एक विमान किनारे की ओर मुड़ गया और दूसरे हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया, जिससे दोनों नीचे गिर गए और दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एक स्थानीय पुलिस

पेराक राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के मलबे से क्रू सदस्यों को निकालते सैनिक।

अधिकारी ने खुद को मीडिया को बताया है कि, हेलिकॉप्टरों इतने क्षतिग्रस्त हो गए थे कि उन्हें पहचाना नहीं जा सका। बचावकर्मियों ने शवों को ढूंढने के लिए मलबे की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में तीन महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने देश के दिल और आत्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नौसेना तुरंत यह पता लगाने के लिए जांच करेगी कि दुर्घटना का कारण क्या था। नौसेना ने कहा कि एडब्ल्यू 139 समुद्री ऑपरेशन हेलीकॉप्टर में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। उस विमान का निर्माण अगस्ता वेस्टलैंड द्वारा किया गया है, जो इटेलियन डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर लियोनार्डो की सहायक कंपनी है। चालक दल के तीन अन्य सदस्य यूरोपीय बहुराष्ट्रीय रक्षा समूह एयरबस द्वारा निर्मित फेनेक हल्के हेलीकॉप्टर पर थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एडब्ल्यू139 नौसैनिक अड्डे के एक खेल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जबकि फेनेक पास के स्विमिंग पूल से टकरा गया।

झामुमो संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा। उधर दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी पेश हुए। उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं।

ब्रिटेन की संसद से रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

लंदन, एजेंसी

- अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों को भेजा जाएगा रवांडा

ब्रिटिश संसद ने दो महीने की कशमकश के बाद आखिरकार रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को काफी राहत मिली है।

पीएम सुनक ने उम्मीद जताई कि जुलाई तक रवांडा के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। रवांडा विधेयक को अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसके तहत अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजा जाएगा, इसके लिए वहां की सरकार के साथ संधि की गई है।

ब्रिटेन सरकार इसके लिए रवांडा को कुछ अग्रिम भुगतान भी कर चुकी है। प्रस्ताव के तहत रवांडा भेजे जाने के बाद शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन्हें मंजूरी मिल जाएगी वे लोग ब्रिटेन में बस जाएंगे, लेकिन जिनका आवेदन खारिज होगा उन्हें वापस अपने देश भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में ब्रिटेन में छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर 45,744 अवैध शरणार्थी पहुंचे थे। ब्रिटेन के उच्च सदन लार्ड सभा में यह विधेयक अटका हुआ था। आखिर उसने

विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद विमान में पत्रकारों से बात करते ऋषि सुनक।

मंगलवार तड़के निर्वाचित सदन कामंस सभा की प्रधानता स्वीकार कर ली। इससे पहले सोमवार सुबह पीएम सुनक ने आश्चर्यजनक रूप से प्रेसवार्ता आयोजित कर लार्ड सभा से रवांडा विधेयक को न रोकने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी रवांडा विधेयक को मानवाधिकारों के विरुद्ध मानते हुए रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब ब्रिटेन खुद अफ्रीकी देश रवांडा को असुरक्षित मानता रहा है तो ऐसे में वह शरणार्थियों को वहां कैसे भेज सकता है।

250 किमी तक मारक क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल का हुआ परीक्षण

बालासोर। भारत लगातार अपनी मिसाइली ताकत को बढ़ाते हुए नए-नए किस्म के मिसाइलों का परीक्षण करता चला आ रहा है। इसी के तहत आज मंगलवार को रात करीब 7:30 बजे मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। यह मिसाइल अपने सभी मानकों पर खरी उतरी। आज के इस प्रक्षेपण को स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड के तत्वाधान में किया गया। प्रक्षेपण के दौरान कमांड की परिचालन क्षमता एकदम सटीक रही, यह नई प्रौद्योगिकिए के सभी मानकों पर खरी उतरी मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तटवर्तीय प्रक्षेपण केंद्र अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

पहले भी कई अत्याधुनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण किया गया

इससे पहले भी भारत कई प्रकार के अत्याधुनिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, चाहे नए किस्म के मिसाइल हो तो उनको समय की मांग के अनुसार नई-नई किस्म की एवं अत्याधुनिक साजो समान से लैस किया जाता है। यदि पुरानी मिसाइल हो चाहे वह बैलिस्टिक सीरीज की हो या फिर क्रूज सीरीज की, इन सभी मिसाइल को भी अत्याधुनिक बनाया जा रहा है।



जल्द ही और कई अत्याधुनिक और नए किस्म के बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण भारत का डीआरडीओ यानी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन करने वाला है। यहां उल्लेखनीय है कि सुबह और दोपहर के समय मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद भारत मुख्यत: रात के समय बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण करने में लगा है।

80 भूकंप के झटकों से कांपा ताइवान, कई इमारतें हिलीं

ताइपे। ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबित, सोमवार देर रात आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 आंकी गई है।

सोमवार रात से लेकर मंगलवार तड़के तक 80 से अधिक भूकंप आए, जिसमें 6.3 तीव्रता सबसे शक्तिशाली था। कुछ भूकंपों के कारण राजधानी ताइपे की कुछ इमारतें भी हिल गई हैं। भूकंप बड़े पैमाने पर ग्रामीण पूर्वी काउंटी हुलिएन पर केंद्रित थे। इससे पहले आई रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वी ताइवान के हुलिएन काउंटी के शौफेंग टाउनशिप में 9 मिनट के भीतर भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार किसी के कोई हताहत होने की सूचना नही है।

पहली बार 4 लाख पर्यटक पहुंचे

श्रीनगर : ट्यूलिप गार्डन में मार्च 23 से अब तक 3,99, 138 पर्यटक पहुंच चुके हैं। इनमें 2,738 विदेशी भी हैं। अकेले ईद के अगले दिन यहां 30,600 पर्यटक पहुंचे। अभी पर्यटन का एक हफ्ता अभी और बच्चा है। यह पहली बार है जब ट्यूलिप गार्डन में 4 लाख पर्यटक पहुंचे। ● एजेंसी

पंजाब में आतंकी गिरफ्तार, घाटी में करना चाहता था हमला

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान में बैठे आका के निर्देश पर काम को अंजाम दे रहा था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी को जम्मू-कश्मीर में भय और अशांति पैदा करने के लिए लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा गया था।

डीजीपी ने कहा कि आरोपी को पाकिस्तान में बैठे उसके आका कथित रूप से निर्देश दे रहे थे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि काउंटर इंटेलिजेंस (पंजाब पुलिस), जालंधर ने सीमा पार बैठे आतंकियों द्वारा लक्षित हत्याएं करने की साजिश को नाकाम कर दिया।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने नए शोध में किया खुलासा, सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ विशाल ग्रह का प्रवासन

ग्रहों को ऑर्बिट में स्थापित होने में लगे 60 से 100 मिलियन वर्ष

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारे सौर मंडल के पृथ्वी समेत अन्य ग्रहों को अपनी ऑर्बिट बनाने में 60-100 मिलियन वर्षों का समय लगा। इन्हें एक स्थान में स्थापित करने में बड़ी भूमिका विशाल ग्रहों की रही। नए शोध के बाद यह रोचक जानकारी सामने आई है।

वैज्ञानिकों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि हमारे सौर मंडल में प्राकृतिक स्थिरता कैसे आई। यह हम जानते हैं कि ग्रहों के निर्माण के साथ सौर मंडल कैसे अस्तित्व में आया। मगर इनको अपनी ऑर्बिट में स्थापित होने के बारे में हमारी जानकारी आज भी अधूरी है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों ने हाल ही में शोधकर,



हमारे सौर मंडल के गठन की प्रतीकात्मक तस्वीर।

इस रहस्य से पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल में करोड़ों वर्ष पहले जो कुछ हुआ, उसे सुलझाना चुनौतीपूर्ण है। मगर इतना जरूर है कि ग्रहों को प्राकृतिक स्थिरता की तलाश में बेतहाशा अलग-अलग द्रव्यमान वाली लाखों वस्तुएं, अरबों वर्षों तक परस्पर क्रिया करती रहीं। विशाल ग्रहों का प्रवास भी इस प्रक्रिया में शामिल रहा है।

शोध से पता चलता है कि विशाल ग्रह का प्रवासन सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ।

ग्रहों का प्रवास एक सुस्थापित विचार है। ग्रैंड-टैक परिकल्पना के अनुसार बृहस्पति पहले 3.5 खगोलीय इकाई एयू की दूरी मे स्थापित हुआ। इसके बाद 1.5 एयू तक अंदर की ओर चला गया।

और फिर से 5.2 एयू पर वापस चला गया और यहीं पर प्राकृतिक अवस्था में स्थिर हो गया। शनि ग्रह भी इसी तरह से एक स्थान पर स्थापित होकर, अपनी कक्षा में चक्कर लगाने लगा। लीसेस्टर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध डॉ. क्रिसा एवडेलिडौ के नेतृत्व में किया गया। डॉ. एवडेलिडौ के अनुसार हमारे ग्रहों की कक्षाएँ गतिशील प्रक्रियाओं के कारण अस्थिर हो गईं और फिर उन्होंने अपनी अंतिम स्थिति ले ली। जैसा कि हम आज देखते हैं।

जटिल सुंदर पहेली है सौर मंडल का अतीत

शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि सौर मंडल का इतिहास एक जटिल सुंदर पहेली है। जिसे समझ पाना आसान नही है। नए शोध से इस बारे में तथ्यात्मक जानकारी मिलती है। पृथ्वी पर जीवन का उद्भव कैसे हुआ, यह बेहद रोचक है। मगर इस ग्रह पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को हम सबको स्वीकार कर पृथ्वी के वातावरण को शुद्ध रखना होगा।

समुद्री चुनौतियों से निपटने को सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ओमान

नई दिल्ली। भारत और ओमान ने समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है इससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक (आरओपीसीजी) के बीच मंगलवार को पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। इस बैठक को समुद्री क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है। रॉयल ओमान पुलिस कोस्ट गार्ड के सहायक कमांडिंग अधिकारी कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने बैठक में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल की अध्यक्षता में हुई।

कर्नाटक सरकार का हुक्का बार प्रतिबंध का फैसला सही

बेंगलुरू, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- हुक्का सिगरेट से कम खतरनाक नहीं इससे फैलती हैं कई बीमारियां

कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के हुक्का बार पर प्रतिबंध जारी रखने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि हुक्का भी सिगरेट जितना ही खतरनाक है। सिगरेट पर तो दुनिया भर में किसी न किसी तरह का प्रतिबंध है, लेकिन हुक्का पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

जहां सिगरेट-शराब पर चेतावनी लिखी होती है, वहीं हुक्के पर कोई चेतावनी तक नहीं होती। यह मान्यता है कि हुक्का ज्यादा नुकसान नहीं करता। कोर्ट ने कहा- यही वजह है कि हुक्का बार धड़ल्ले से चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा- हुक्का में भी वहीं हानिकारक तत्व हैं, जो सिगरेट में हैं। दोनों में तंबाकू होता है। कई अध्ययनों में यह साफ है कि हुक्का से भी फेफड़ों का कैंसर

हो सकता है। यहां तक कि हुक्का सिगरेट से ज्यादा खतरनाक है क्योंकि हुक्के का एक सत्र करीब 1 घंटे का चलता है, जिसमें 200 पफ लेते हैं। यह 100 सिगरेट पीने जैसा है। कोर्ट ने कहा कि हुक्का पीने से हेपेटा इटिस और अल्सर जैसी बीमारियां हो रही हैं, क्योंकि हुक्का समूह में पीते हैं और एक-दूसरे को देते जाते हैं। ऐसा करने से सफाई का ध्यान नहीं रखा जा पाता और बीमारियां एक से दूसरे में फैलती हैं।